


लोकसभा में केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक को मिली ध्वनिमत से मंजूरी - 12



श्रम संहिताएं अगले साल एक अप्रैल से पूरी तरह होंगी लागू - 12




प्रतिभा के प्रवाह में बाधाएं खड़ी करने वाले देश नुकसान में रहेंगे : जयशंकर - 13




गायकवाड़ ने 77 गेंदों में अपना पहला वनडे शतक बनाया - 14


आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
09.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.42
सूर्यास्त 05.16

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 08:37 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 4 दिसंबर 2025, वर्ष 4, अंक 104, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## छत्तीसगढ़ में 12 नक्सली ढेर, डीआरजी के तीन जवान भी शहीद, दो घायल

बीजापुर, एजेंसी

● बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा पर मुठभेड़ जारी, मौके से भारी मात्रा में हथियार बरामद

छत्तीसगढ़ के बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा के पश्चिम बस्तर संभाग इलाके में बुधवार सुबह शुरू किए गए नक्सल विरोधी अभियान के दौरान नक्सली और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए लेकिन इसके साथ जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के तीन जवान भी शहीद हो गए। दो जवान घायल हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, इलाके में सुरक्षा बलों की निर्णायक और आक्रामक कार्रवाई जारी है। मुठभेड़ स्थल से एलएमजी, एसएलआर इंसास एवं 303 राइफलों सहित बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त हुआ है। अब तक 12 नक्सलियों के शवों बरामद हो चुके हैं। मुठभेड़ में घायल जवानों में से एक को जंगल से वायुसेना के हेलीकॉप्टर से लाया गया है, दूसरे घायल जवान को अस्पताल लाने की कोशिश जारी है। एसपी बीजापुर डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि बुधवार सुबह नौ से डीआरजी दंतेवाड़ा-बीजापुर, स्पेशल टास्क बल, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमों ने तलाशी ऑपरेशन शुरू किया था। इसी दौरान जंगल में छिपे नक्सलियों ने जवानों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

सुरक्षाबलों की ओर से जवाबी कार्रवाई के बाद दोनों तरफ से रुक-रुक कर काफी देर तक गोलीबारी होती रही। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि मारे गए नक्सलियों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार-बारूद बरामद होने से अंदेशा है कि माओवादी दस्ते की बड़ी मौजूदगी थी।

## लक्ष्य प्राप्ति में बाधक नहीं शारीरिक बनावट: योगी

### मुख्यमंत्री ने विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भारत की ऋषि परंपरा का किया उल्लेख

● कहा- मन, संकल्प, आत्मबल में है वास्तविक शक्ति, प्रत्येक व्यक्ति ईश्वरीय कृत्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत सूरदास का उदाहरण देते हुए दिव्यांगजन की क्षमताओं का उल्लेख किया। कहा, दुनिया में ऐसे अनेक ऐसे उदाहरण हैं जहां दिव्यांगजनों को थोड़ा भी संबल मिला तो उन्होंने अपनी सामर्थ्य व शक्ति से समाज के लिए वह सब कुछ कर दिखाया जिस पर सहज विश्वास नहीं पो पाता।

विश्व दिव्यांग दिवस-2025 पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा, भारत की ऋषि परंपरा ने हमेशा इस बात के



दिव्यांगजन से हालचाल लेते मुख्यमंत्री योगी।

लिए प्रेरित किया है कि शारीरिक बनावट क्षमता के निर्धारण और लक्ष्यों की प्राप्ति में बाधा नहीं बनती है। भारतीय मनीषियों का मानना है कि वास्तविक शक्ति मन, संकल्प और आत्मबल में है। मध्यकाल में संत सूरदास इसके उदाहरण हैं।

### राज्य के कई अफसरों का दिया उदाहरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार में हमारे खेल और युवा कल्याण विभाग के सचिव पैरालंपिक मेडलिस्ट हैं। वे उस टीम का हिस्सा रहे हैं जिसने पैरा ओलंपिक में सर्वाधिक मेडल जीते। चित्रकूट के मंडलायुक्त दृष्टिबाधित हैं, लेकिन मंडलायुक्त के रूप में वहां अपनी पूरी क्षमता से कार्य कर रहे हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि हमारी संकल्प शक्ति और आत्मबल ही हमारे सामर्थ्य का वास्तविक पैमाना है। इसी कारण भारत की ऋषि परंपरा ने कभी भी शारीरिक बनावट को व्यक्ति की क्षमता का आधार नहीं माना।

### दिव्यांग विद्यार्थियों से की बात, उपहार बांटे

योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांग विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें चॉकलेट, मील बॉक्स, एमआर किट तथा अन्य उपहार दिए। दिव्यांग विद्यार्थियों के अनुरोध पर उनके साथ सेल्फी भी खिंचवाई। इसके बाद आयोजित प्रदर्शनी में हिस्सा लेते हुए विभिन्न स्टॉल्स का निरीक्षण किया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण, छात्रवृत्ति वितरण, सहायक उपकरण प्रदान करने और उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं के सम्मान से जुड़े इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। बाद में इस क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत भी किया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### चेन्नई में कोल्ड्रिफ के प्रवर्तक की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश में 20 बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार माने जा रहे कफ सिरप कोल्ड्रिफ के निर्माता श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के प्रवर्तक के चेन्नई स्थित दो फ्लैट धनशोधन निरोधक कानून के तहत कुर्क कर लिए गए हैं। ईडी के एक बयान के मुताबिक चेन्नई के कोडम्बक्कम में स्थित ये संपत्तियां जी रंगनाथन और उनके परिवार के सदस्यों के स्वामित्व वाली हैं। इन फ्लैटों की कीमत 2.04 करोड़ रुपये है। रंगनाथन को अक्टूबर में मध्य प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया कि श्रीसन फार्मा अपनी निर्माण लागत को कम करने और मुनाफा बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर अनुचित व्यापार प्रथाओं में लिप्त रही।

### दिल्ली विस्फोट: वानी की हिरासत 7 दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने लाल किले के निकट हुए विस्फोट के मामले में आरोपी जासिर बिलाल वानी की एनआईए हिरासत बुधवार को सात दिन के लिए बढ़ा दी। प्रधान सत्र एवं जिला न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने 27 नवंबर को जासिर को सात दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेजा था, जिसकी अवधि बुधवार को खत्म हो रही थी। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में काजीगुंड का निवासी वानी आत्मघाती बम हमलावर उमर का करीबी सहयोगी है। उसे 17 नवंबर को श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया था।

### वक्फ पंजीकरण समय सीमा बढ़ाने का आग्रह

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने बुधवार को 'उम्मीद' पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों को पंजीकृत करने में तकनीकी कठिनाइयों का उल्लेख किया और अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन से पंजीकरण की समयसीमा बढ़ाने का आग्रह किया। केंद्र ने छह जून को यह पोर्टल शुरू किया था। आदेश के अनुसार देश में पंजीकृत सभीवक्फ संपत्तियों का इस पर अनिवार्य रूप से छह महीने के भीतर विवरण अपलोड किया जाना है। पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा कि पोर्टल बार-बार क्रैश हो रहा है, धीमा हो रहा है और कभी-कभी पूरी तरह बंद हो रहा है। इससे दिक्कतें हो रही हैं।

## अनिवार्य रूप से 'संचार साथी' एप स्मार्टफोन में लगाने का आदेश वापस

### सरकार ने कहा- लोग खुद एप कर रहे हैं डाउनलोड, इसलिए बदला फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने स्मार्टफोन विनिर्माताओं के लिए सभी नए फोन में साइबर सुरक्षा एप 'संचार साथी' को पहले से लगाने की अनिवार्यता बुधवार को वापस ले ली। इस पर उपयोगकर्ता की निजता का उल्लंघन होने और निगरानी के जोखिम की चिंता जताई गई थी। सरकार ने आदेश वापस लेते हुए साफ किया कि यह एप सिर्फ चोरी हुए फोन का पता लगाने, ब्लॉक करने और उनका दुरुपयोग रोकने में मददगार है। एप स्टोर पर स्वैच्छिक रूप से डाउनलोड के लिए उपलब्ध रहेगा।

संचार मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सरकार ने मोबाइल विनिर्माताओं के लिए एप को फोन में पहले से इंस्टॉल करने को अनिवार्य नहीं करने का फैसला किया है। यह कदम विपक्षी दलों और निजता का समर्थन करने वालों के विरोध के बाद उठाया गया है जिन्होंने आरोप लगाया था कि एप कॉल सुनने के साथ संदेश भी पढ़ सकता है। कहा जा रहा है कि एप्पल और सैमसंग जैसे कई विनिर्माताओं ने भी 28 नवंबर के आदेश पर आपत्ति जताई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है और एप इंस्टॉल करने का आदेश इस प्रक्रिया को तेज करने और कम जागरूक नागरिकों तक एप को आसानी से पहुंचाने के लिए दिया गया था।




### अब तक 1.5 करोड़ एप डाउनलोड

सिंधिया ने लोकसभा में बताया, अब तक लगभग 1.5 करोड़ एप डाउनलोड हो चुके हैं। दूरसंचार विभाग के मुताबिक विरोध के बीच पिछले एक दिन में ही छह लाख नागरिकों ने एप डाउनलोड करने के लिए पंजीकरण कराया है, जो इसके उपयोग में 10 गुना वृद्धि है। इसकी मदद से 26 लाख चोरी हुए हैंडसेट का पता लगाया गया है, सात लाख चोरी हुए हैंडसेट लोगों को वापस किए गए हैं। 41 लाख मोबाइल कनेक्शन काट दिए गए हैं और छह लाख धोखाधड़ी को रोक दिया गया है।

### ऐसा एप पहली बार भारत में

हालांकि, दुनिया में अब तक किसी और देश ने सभी स्मार्टफोन पर साइबर सुरक्षा एप को पहले से लगाने को अनिवार्य नहीं किया है। एकमात्र अपवाद रूस है, जिसने अगस्त में सरकारी संदेश सेवा 'मैक्स' सभी फोन और टैबलेट में इंस्टॉल करने की अनिवार्यता लागू की था।

### संचार साथी से जासूसी संभव नहीं : सिंधिया



संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि 'संचार साथी' एप के माध्यम से न तो जासूसी संभव है और न होगी। सिंधिया ने सभी नए मोबाइल उपकरणों में इस एप को प्रीलोड करने के सरकार के निर्देश पर उठे विवाद के बीच लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार देश की जनता के हाथ में अधिकार देना चाहती है ताकि वे खुद को सुरक्षित रख सकें। उन्होंने कहा कि जनता की प्रतिक्रिया पर मिली सफलता के आधार पर यह प्रयोग किया गया है और भविष्य में जनता के ही सुझावों के आधार पर सरकार इसमें परिवर्तन के लिए तैयार है। संचार मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार का इस बारे में कोई हठ नहीं है।

### भाजपा बन गई भारतीय जासूस पार्टी : कांग्रेस



कांग्रेस ने बुधवार को भाजपा पर 'भारतीय जासूस पार्टी' होने का आरोप लगाया और दावा किया कि 'संचार साथी' एप लोगों के घरों में घुसने का षडयंत्र है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह दावा भी किया कि संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भले ही एप से जुड़े दावों से इन्कार किया हो लेकिन संबंधित निर्देश को अब तक लिखित रूप से वापस नहीं लिया गया है। खेड़ा ने बगैर कोई नाम लिए कहा, देश में दो जासूस हैं। ये दोनों जासूस हर मोबाइल में 'संचार साथी' नाम का हाथी बैठाना चाहते हैं। क्योंकि, जासूसी करना इन लोगों की पुरानी आदत रही है। उन्होंने कहा, इस षड्यंत्र के खिलाफ हर स्तर पर लड़ाई लड़ेंगे और जनता की निजता का हनन नहीं होने देंगे।

## हवाई अड्डों पर चेक इन प्रणाली बाधित, उड़ानों में घंटों की देरी

नई दिल्ली, एजेंसी

● मैन्युअल प्रक्रिया से की गई जांच, चेक इन काउंटरों पर लगीं कतारें

तकनीकी खराबी के कारण बुधवार सुबह देश के नौ हवाई अड्डों पर 'चेक-इन' प्रणालियों में दिक्कत आने से कई उड़ानों में देरी हुई। सिस्टम ठप होने के कारण एयरलाइनों को यात्रियों की जांच के लिए मैन्युअल प्रक्रिया अपनानी पड़ी। इससे जांच प्रक्रिया की गति धीमी हो जाने के कारण यात्रियों को चेक इन काउंटरों पर लंबी कतारों का सामना करना पड़ा।

वाराणसी हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए जारी एक संदेश में माइक्रोसॉफ्ट विंडोज की सेवा बाधित होने की सूचना दी गई थी, लेकिन टेक कंपनी 'माइक्रोसॉफ्ट' ने इस तरह की किसी भी समस्या से इन्कार करते हुए इस सूचना को तथ्यात्मक रूप से गलत करार दिया। वाराणसी हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए जारी संदेश में कहा गया था, माइक्रोसॉफ्ट विंडोज ने वैश्विक स्तर पर सेवा बाधित होने की सूचना दी है। हवाई अड्डों पर आईटी सेवाएं-चेक-इन प्रणालियां प्रभावित हुई हैं। संपर्क करने पर माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि विंडोज में कोई समस्या नहीं है। यह तथ्यात्मक रूप से गलत दावा है।

चेक इन प्रणाली में दिक्कत से दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, वाराणसी, अहमदाबाद और सूरत के हवाई अड्डों पर विमानन कंपनी इंडिगो, स्पाइसजेट, अकासा एयर और एअर इंडिया एक्सप्रेस विशेष रूप से प्रभावित हुई हैं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने सुबह सात बजकर 40 मिनट पर 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कुछ घरेलू एयरलाइंस वर्तमान में परिचालन चुनौतियों का सामना कर रही हैं।



### चालक दल की कमी से इंडिगो की 70 से अधिक उड़ानें रद्द

**मुंबई।** चालक दल की कमी के कारण बुधवार को घरेलू एयरलाइन इंडिगो की 70 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। बेंगलुरु और मुंबई समेत कई हवाईअड्डों पर चालक दल की पर्याप्त उपलब्धता न होने से कई उड़ानों में देरी भी हुई। इंडिगो ने कहा, पिछले कुछ दिनों में प्रौद्योगिकी से जुड़ी समस्याओं, हवाई अड्डे पर भीड़भाड़ और परिचालन प्रावधानों समेत विभिन्न कारणों से कई उड़ानों में देरी हुई है जबकि कुछ को रद्द करना पड़ा है। बताया जा रहा है कि उड़ान ड्यूटी की समय सीमा (एफडीटीएल) मानदंडों का दूसरा चरण लागू होने के बाद से इंडिगो को चालक दल की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। एयरलाइंस ने कहा है कि उड़ानों में देरी या उड़ानें रद्द होने का सिलसिला दो दिन और जारी रह सकता है।

## दुकानों पर लगा क्यूआर कोड स्कैन कर दे सकेंगे दवा के दुष्प्रभावों की जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

● पूरे देश में लागू की नई व्यवस्था, टोल फ्री नंबर भी प्रदर्शित करने का निर्देश

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दवा लाइसेंसिंग प्राधिकारियों को निर्देश दिया है कि देशभर की खुदरा और थोक दवा दुकानों पर एक निर्धारित क्यूआर कोड और टोल-फ्री नंबर लगाया जाए, ताकि लोग किसी भी दवा से होने वाले किसी नुकसानदायक असर की जानकारी दे सकें।

सीडीएससीओ के मुताबिक इस कदम से आम लोगों को दवाओं के दुष्प्रभाव और उनसे जुड़े मामलों को 'पीवीपीआई एडवर्स ड्रग रिएक्शन मॉनिटरिंग सिस्टम' में दर्ज कराने में मदद मिलेगी। सीडीएससीओ ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दवा लाइसेंसिंग प्राधिकारियों को भेजे गए एक परिपत्र में सुनिश्चित करने को कहा है कि देशभर की प्रत्येक खुदरा और थोक दवा दुकान में निर्धारित क्यूआर कोड को प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित किया जाए। परिपत्र के अनुसार, प्रत्येक दवा दुकान पर क्यूआर कोड के साथ टोल-फ्री नंबर भी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

## रुपया पहली बार डॉलर के मुकाबले 90 के पार

**मुंबई।** विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपया बुधवार को पहली बार 90 प्रति डॉलर के नीचे चला गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 25 पैसे टूटकर 90.21 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो अब तक का सबसे निचला स्तर है।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अनिश्चितता कायम रहने और डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट थामने के लिए रिजर्व बैंक के आगे न आने से स्थानीय मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये ने सुबह कारोबार की शुरुआत 89.96 के स्तर पर की थी।

## पश्चिम बंगाल : 32,000 प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति समाप्त करने का आदेश रद्द

कोलकाता, एजेंसी

● कोलकाता हाईकोर्ट की खंडपीठ ने पलटा एकल पीठ का फैसला

कलकत्ता हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने बुधवार को एकल पीठ के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल में 32,000 प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया था। इन शिक्षकों की भर्ती पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 2014 के शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पैनल के माध्यम से 2016 में की गई थी।

न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति रीताब्रत कुमार मित्रा की पीठ ने कहा कि वह एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखने के पक्ष में नहीं है, क्योंकि सभी भर्तियों में अनियमितताएं साबित नहीं हुई हैं।

अदालत ने कहा कि नौ वर्ष के बाद नौकरी समाप्त करने से प्राथमिक शिक्षकों और उनके परिवारों पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पीठ ने कहा कि सीबीआई, जिसे हाईकोर्ट ने मामले की जांच करने का निर्देश दिया था, उसने शुरू में 264 नियुक्तियों की पहचान की थी, जिनमें एक अतिरिक्त अंक देने के रूप में अनियमितताएं हुई थीं। अदालत ने कहा कि जांच एजेंसी को अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है कि यह चिह्न बाहरी संस्थाओं के निर्देश पर दिया गया था।

## उत्सर्जन निगरानी प्रणाली स्थापित न की तो बंद कराए जाएंगे उद्योग

नई दिल्ली, एजेंसी

● केंद्र ने दिल्ली-एनसीआर के उद्योगों के लिए तय की 31 दिसंबर की समयसीमा

केंद्र ने लगातार खतरनाक वायु गुणवत्ता के बीच बुधवार को दिल्ली-एनसीआर के अधिकारियों को 31 दिसंबर तक उत्सर्जन निगरानी प्रणाली और वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों को स्थापित न करने पर अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को बंद कराने और दूसरी सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया। केंद्र सरकार ने इसके साथ दिल्ली-एनसीआर को इस महीने के भीतर अपनी 2026 की वायु प्रदूषण नियंत्रण योजनाओं को अंतिम रूप देने का भी निर्देश दिया।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई एक समीक्षा बैठक में ये निर्णय लिए गए। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अध्यक्ष वीर विक्रम यादव ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में 2,254 अत्यधिक प्रदूषणकारी उद्योगों ने अब तक अपने ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (ओसीईएमएस) को सीपीसीबी सर्वर से स्थापित और कनेक्ट नहीं किया है। यादव ने कहा, 31 दिसंबर की समयसीमा को पूरा नहीं करने वाले उद्योगों के खिलाफ उन्हें बंद करने जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वैज्ञानिक आकलन

लाल ग्रह की गुफाओं में होगा मानव का पहला आशियाना, आंधी-तूफानों के साथ कई मुसीबतों से सुरक्षित रखेगी गुफा

## 22वीं सदी तक मंगल पर इंसानों का आना-जाना सामान्य बात होगी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** कई मायनों में पृथ्वी से मेल खाने वाले मंगल ग्रह पर इंसान का पहला ठिकाना भूमिगत गुफाएं होंगी। हाल ही में खोजी गईं ये गुफाएं धूल भरी आंधी, तूफान, सूर्य विकिरण के अलावा सूक्ष्म जीवों से महफूज रखेंगी।

यहीं से मंगल पर बस्ती बसाने के सपने को मूर्तरूप दिए जाने की कवायद शुरू हो सकेगी। एरीज, नैनीताल के वैज्ञानिकों का कहना है कि, इस बात की प्रबल संभावना जताई जा सकती है कि 22वीं सदी तक मंगल पर आम इंसानों का आना-जाना सामान्य बात होगी।

मंगल ग्रह और पृथ्वी की तुलना में कई समानताएं हैं। मंगल पृथ्वी के समान चट्टानी



ग्रह है। इसका एक दिन पृथ्वी से सिर्फ 39 मिनट अधिक है। पृथ्वी का अक्षीय झुकाव 23.44 डिग्री है, जबकि मंगल का 25.2 डिग्री है। मंगल के ध्रुवों पर बर्फ है। इसके वायुमंडल में नाइट्रोजन और ऑक्सीजन के अलावा कार्बन डाई ऑक्साइड मौजूद है और भी कई तरह की समानताएं इन दोनों ग्रहों के बीच मौजूद हैं। मगर इन सब के बीच पृथ्वी में इंसानों द्वारा बनाए भवन वहां नहीं है और इस कमी को पूरा करने का सपना हमारे वैज्ञानिक पिछले करीब ढाई वर्षों से संजोए हुए हैं।

मंगल पर घर बनाने में सबसे बड़ा खतरा सूर्य से आने वाले विकिरण का है, जो स्किन कैंसर का प्रमुख कारण है। पृथ्वी पर ओजोन लेयर का आवरण है, जो विकिरण को धरती तक आने से रोक देता है। दूसरी दिक्कत धूल भरी आंधियां हैं, जो उठने के बाद कई महीने मंगल के निचले वातावरण में सक्रिय रहती हैं। सूक्ष्म जीव भी मंगल के वातावरण में हैं, जो कई रोगों को जन्म दे सकते हैं। ये समस्याएं इतनी बड़ी हैं कि इसका हल खगोल वैज्ञानिकों को सूझ नहीं रहा था। मगर हाल ही में मंगल की धरती पर मिली गुफाओं में इस समस्या का हल वैज्ञानिकों को दिखाई देने लगा है।

### डगर मुश्किल है लेकिन नामुमकिन नहीं

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे कहते हैं कि लाल ग्रह पर इंसानों की रिहायश की डगर मुश्किल तो है, लेकिन नामुमकिन नहीं। इस दिशा के मंगल की गुफाएं सहायक साबित होंगी। जहां रहकर मंगल के विकिरण से बचने के उपाय सबसे पहले तलाशने होंगे, ताकि खुले आसमान में कार्य कर सकें। इस समस्या के निदान के बाद दूसरी समस्याओं के हल तलाशने होंगे। इस कार्य में लंबा समय लग सकता है। मगर इस बात की प्रबल संभावना व्यक्त की जा सकती है कि 22वीं सदी तक मंगल पर आम इंसानों का आना-जाना सामान्य बात होगी।

### नासा, स्पेस एक्स और चीन के बीच जबरदस्त होड़

मंगल पर इंसान का पहला कदम रखने को लेकर नासा, निजी संस्था स्पेस एक्स और चाइना के बीच जबरदस्त होड़ है। इस दिशा में नासा आर्टेमिस मिशन के जरिए मंगल पर चार इंसानों के दल को मंगल पर पहुंचाना चाहते है। उम्मीद है नासा का यह मिशन अगले चार पांच वर्षों में पूरा हो जाएगा। इस दौड़ में स्पेस एक्स कतई पीछे नहीं रहना चाहता और घोषणा कर चुका है कि वही सबसे पहले इंसान को लाल ग्रह पर पहुंचाएगा। चीन अभी तक कई मिशन मंगल पर चला चुका है और चीन की खासियत है कि वह दबे पांव अपने कार्य को अंजाम तक पहुंचा देता है। चीन अभी तक कई मिशन मंगल पर चला चुका है। जिस कारण मंगल पर पहुंचने की चीन के इरादे की झलक समझ में आती है।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों को देख मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बालप्रेम एक बार फिर देखने को मिला। बुधवार को गोरखपुर सर्किट हाउस परिसर में हेलिपैड से उतरते ही उनकी नजर जब समीप के पार्क के गेट पर बच्चों के समूह पर गई तो वह खुद उनसे मिलने उनके पास पहुंच गए। उन्होंने बच्चों से आत्मीयता से बात की और चॉकलेट दिया। उस वक्त बच्चे ताइक्वांडो की प्रैक्टिस कर रहे थे। हेलीकाप्टर की गड़गड़ाहट सुनकर बच्चे गेट के पास आकर देखने लगे। सीएम योगी को देखते ही बच्चों ने जयकारा लगाकर उनका अभिवादन किया। बच्चों को देखकर सीएम खुद को रोक नहीं पाए और पहले पार्क के पिछले गेट की ओर गए। गेट के दूसरी ओर खड़े बच्चों से दुलारा।

### समारोह की शुरुआत आज करेंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद गोरखपुर के 93वें संस्थापक सप्ताह समारोह की शुरुआत गुरुवार 4 दिसंबर को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में होगा। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण एसडीआरएफ के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट योगेंद्र डिमरी उपस्थित रहेंगे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के क्रीड़ांगन में आयोजित यह कार्यक्रम पूर्वांचल का अति प्रतिष्ठित एवं सबसे बड़ा अकादमिक कार्यक्रम है। 7 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विविध प्रकार की अकादमिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। अकादमिक प्रतियोगिताओं में गोरखपुर मंडल के 125 से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान प्रतिभाग करते हैं, जबकि भाषण एवं खेल-कूद की प्रतियोगिताओं जैसे वॉलीबाल, बास्केटबाल में पूरे प्रदेश से प्रतिभागी अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करते हैं।

### भंडारण क्षमता और खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ी


**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने किसानों की आय में वृद्धि के लिए बीज से बाजार तक एक मजबूत और एकीकृत मूल्य श्रृंखला तैयार की है। अन्नदाता को फसल उगाने से लेकर बाजार तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने पिछले साढ़े 8 वर्ष में बड़े फैसले लिए हैं। उत्तर प्रदेश में आधुनिक और किसान-केंद्रित मॉडल बनाया गया है। सरकार के प्रयासों से कृषि विकास दर वर्ष 2016-17 में 8.6 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 17.7 प्रतिशत हो गयी है। राज्य प्रति वर्ष 400 लाख टन फल एवं सब्जियों का उत्पादन करते हुए देश में प्रथम स्थान पर है। वर्तमान सरकार केवल अनाज उगाने तक नहीं, बल्कि किसानों को लगातार आय के नए साधन विकसित करने की पूरी व्यवस्था बना रही है।

### ठंड से न हो गोवंश की मौत, दिए निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को प्रदेश के सभी गोआश्रय स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पशुधन मंत्री ने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से गोशालाओं का निरीक्षण करें। वहां प्रकाश, सोलर लाइट की व्यवस्था अवश्य हो। गोवंश के लिए हरे चारे, ठंड से बचाव, तिरपाल, औषधियां, पेयजल आदि की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। इस दौरा पशुधन मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि ठंड से किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो। पशुचिकित्साधिकारी गौ आश्रयस्थल पर जाकर गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं औषधि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### अपने आवास से ही श्रद्धांजलि देंगी मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा है कि उनके आवागमन के दौरान सुरक्षा प्रबंधों के कारण आम



जनता को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए अब वह महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथि जैसे कार्यक्रमों में स्वयं न जाकर अपने आवास या पार्टी कार्यालय से ही श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी। साथ ही उन्होंने अपील की है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि (6 दिसंबर) के अवसर पर उप्र. में पश्चिमी यूपी को छोड़कर राज्य के सभी पार्टी पदाधिकारी व समर्थक लखनऊ स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित करें। मालूम हो कि पार्टी प्रमुख ने पश्चिमी यूपी, दिल्ली और उत्तराखंड के लोगों को नोएडा स्थित 'राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल' पर अपने परिवार सहित बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की है, मगर बुधवार शाम को जिला प्रशासन द्वारा प्रेरणा स्थल में प्रस्तावित रैली पर रोक लगा दी है।

# मनुष्य में ईश्वर का वास मानें, रखें सद्भाव व सहानुभूति

## विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने लोगों से की भावनात्मक अपील



विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में दिव्यांग छात्रों को उपहार देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित एक राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर व्यक्ति ईश्वरीय कृति है और मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ रचनाओं में से एक है। यदि हम हर मनुष्य के भीतर ईश्वर का वास मानकर उसके प्रति सद्भाव और सहानुभूति रखें तथा थोड़ा सा संबल दें तो उपेक्षा के भाव से उसे बाहर निकालकर समाज और राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन की सामर्थ्य और उनकी प्रतिभा से समाज को लाभान्वित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दिव्यांगजनों के प्रति समाज की दृष्टि बदली है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि शारीरिक रूप से कोई अंग कमजोर हो, लेकिन मानसिक रूप से वह अत्यंत परिपक्व हो। यदि संबल दिया जाए तो वह अपनी क्षमता, शक्ति और आत्मबल के आधार पर समाज और राष्ट्र के लिए अत्यंत उपयोगी बन सकता है। योगी के मुताबिक, आज राज्य सरकार ने पेंशन की राशि को 300 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये कर दिया है। लाभार्थियों की संख्या भी 8 लाख से बढ़ाकर 11 लाख से अधिक कर दी गई है और तकनीक के उपयोग से पारदर्शी व सरल प्रक्रिया के जरिए उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। दिव्यांगजन के लिए अच्छे संस्थान स्थापित किए गए हैं और सहायक उपकरण वितरण की प्रक्रिया को भी व्यापक रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है।

### सहायक सामग्रियों के लिए उपलब्ध कराया धन

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि प्रदेश में यूडीआईडी कार्ड के 16,23,000 से अधिक कार्ड निर्गत किए गए हैं और 19,74,000 से अधिक पंजीकृत हैं। कुष्ठावस्था पेंशन को 2,500 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये किया गया है तथा कृत्रिम अंगों के लिए अनुदान 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये किया गया है। स्मार्टफोन, टैबलेट और डेजी प्लेयर जैसी आधुनिक सहायक सामग्रियों के लिए भी धन उपलब्ध कराया गया है।

### समारोह में इन्हें मिला सम्मान

- पुरस्कार वितरण के दौरान प्रतीक सैनी, विक्रम कुमार, विकास कुमार और मोहम्मद हामिद को राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारी के रूप में शॉल, चेक और प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।
- रागिनी शाह को सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन नियोक्ता के राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। केशव जालान को सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी और एजेंसी के राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- मुकेश कुमार शुक्ला और बॉबी रमानी को दिव्यांगजन के लिए कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों के राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। भिनगा श्रावस्ती की संस्था को सर्वश्रेष्ठ संस्था के राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- आशादीप धर्मार्थ सेवा समिति, मुजफ्फरनगर को दिव्यांगजन के लिए कार्यरत सर्वश्रेष्ठ संस्था के राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- नंद प्रसाद यादव, पंकज कुमार श्रीवास्तव, विनायक बहादुर, अशोक कुमार और आस्था राय को प्रेरणास्रोत के राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- अंकित सिंघल को दिव्यांगजनों का जीवन सुधारने के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया। शाजिया सिद्दीकी को उत्पाद विकास के राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- समेकित विकास क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र, गोरखपुर तथा उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज को बाधा मुक्त वातावरण के सृजन हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- जनपद प्रयागराज को दिव्यांगजनों को उत्कृष्ट सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सर्वश्रेष्ठ जनपद का सम्मान दिया गया। प्रवीण शेखर, कुमारी पूजा, शुभम प्रजापति, साधना सिंह और हिमांशु नागपाल को भी सम्मानित किया गया।
- राजकीय ब्रेल प्रेस, लखनऊ को सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस के सम्मान से सम्मानित किया गया। अजीत सिंह तथा रिदम शर्मा को सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। वहीं, डॉ. राजेंद्र पेंसिया और डॉ. दिलीप कुमार को भी सम्मानित किया गया।
- शैक्षिक सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक तथा बालिका इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

## 25 को लखनऊ में होंगे पीएम मोदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस क्रिसमस पर राजधानी पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं। संभावित यात्रा के अनुसार, प्रधानमंत्री 25 दिसंबर को लखनऊ आएंगे। उस दिन पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी दिन यूपी समेत अन्य राज्यों में भी कई कार्यक्रम होंगे। अटल की जयंती को हर वर्ष सुशासन दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।



इसी कड़ी में पीएम मोदी लखनऊ में पूरे दिन कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वह अटल के साथ काम कर चुके भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित करेंगे। वाजपेयी के नाम पर प्रधानमंत्री मोदी नई शैक्षिक योजनाओं की घोषणा भी कर सकते हैं। यहां वह एक बड़ी जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

25 दिसंबर को लखनऊ में तैयार प्रेरणा स्थल (म्यूजियम) का पीएम मोदी उद्घाटन भी करेंगे। इस प्रेरणा स्थल में अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी से जुड़ी तस्वीरें और उनके व्यक्तिगत उपयोग की वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं।

# परीक्षा को लेकर संवेदनशील जिलों में रखी जाएगी निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने सहायक अध्यापक परीक्षा को नकलविहीन कराने के दिए सख्त निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सहायक अध्यापक परीक्षा को लेकर संवेदनशील जिलों में सख्त निगरानी रखने की हिदायत दी है। मुख्य सचिव परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, नकलविहीन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक) के 7466 (15 विषय) पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा 6, 7 व 21 दिसम्बर और 17, 18, 24 व 25 जनवरी 2026 को दो पालियों में होगी। इसमें कुल 12,36,239 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

एसपी गोयल ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक) (पुरुष व महिला शाखा) (प्रा.) परीक्षा-2025 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी स्वयं व्यक्तिगत निगरानी करते हुए सभी परीक्षा केंद्रों पर आयोग के मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। यह भी निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह क्रियाशील रहें तथा पेयजल, शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए एलआईयू और एसटीएफ की टीमें पूरी परीक्षा अवधि में सक्रिय रहें।

# सड़क हादसों में मौतें कम करने को लगेंगी इन्फोर्समेंट डिवाइस

## सड़क सुरक्षा कोष प्रबंधन समिति की बैठक में मुख्य सचिव एसपी गोयल ने दी बजट की जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के 25 जिलों में जहां सड़क दुर्घटना मृत्यु को कम करने के लक्ष्य से इलेक्ट्रॉनिक इन्फोर्समेंट डिवाइसेज लगाई जाएगी वहीं 9 जिलों के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं जाएंगे। इतना ही नहीं व्हाट्सएप मेटा से ई-चालान भेजने समेत अन्य उपायों से जागरूकता संदेश देने के लिए भी बजट की व्यवस्था शासन ने कर दी है।

मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में आयोजित सड़क सुरक्षा कोष प्रबंधन समिति की बैठक हुई। मुख्य सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा निर्धारित सड़क दुर्घटना मृत्यु में 50 प्रतिशत कमी के लक्ष्य और सर्वोच्च न्यायालय एवं भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में वर्ष 2024 के सड़क दुर्घटना आंकड़ों के आधार पर प्रदेश में घटित कुल दुर्घटना मृत्यु का 50 प्रतिशत भाग वाले राज्य के 25 जिलों (हरदोई, मथुरा, आगरा, लखनऊ, बुलन्दशहर, कानपुर नगर, प्रयागराज, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, बरेली, अलीगढ़, गौतमबुद्ध नगर, शाहजहांपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, बदायूं, मेरठ, बिजनौर, आजमगढ़, फतेहपुर, गाजियाबाद, जौनपुर एवं फिरोजाबाद) में इलेक्ट्रॉनिक इन्फोर्समेंट डिवाइसेज की स्थापना के लिए प्रति जनपद 100 लाख रुपये और शेष 50 जनपदों में प्रति जनपद 50 लाख रुपये, कुल 5,000 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मुख्य सचिव एसपी गोयल।

### परिवहन अधिकारियों को मिलेंगे हाईटेक टैबलेट

प्रवर्तन को और सशक्त बनाने के लिए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (सड़क सुरक्षा) के लिए प्रथम चरण में 18 अत्याधुनिक इंटरसेप्टर वाहन (एएनपीआर 360 डिग्री कैमरा, स्पीड रडार गन, ब्रेथ एनालाइजर आदि से सुसज्जित) की खरीद को 576 लाख रु. और क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों के लिए 106 हाई-टेक टैबलेट के लिए 53 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यातायात निदेशालय द्वारा 25 करोड़ रुपये की लागत से 4,500 आयरन बैरियर, 4,525 फोल्डिंग बैरियर, 7,200 सेफ्टी हेलमेट, 8,000 फ्लोरोसेन्ट जैकेट, 270 ब्रेथ एनालाइजर, 85 स्पीड लेजर गन, 15 चार-पहिया एवं 62 दो-पहिया इंटरसेप्टर वाहनों की खरीद भी की जाएगी।

### सड़क सुरक्षा के लिए 18,155.81 लाख रुपये की परियोजनाओं को हरी झंडी

सड़क सुरक्षा के लिए 18,155.81 लाख रुपये की परियोजनाओं को हरी झंडी दी गई। बैठक में फरवरी 2026 में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित लार्ज स्केल सेंसिटाइजेशन इवेन्ट के लिए 3 करोड़ रुपये, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों को रोड सेफ्टी क्लबों के माध्यम से जागरूक करने एवं उनकी गतिविधियों के लिए 225 लाख रुपये, ब्लॉक, जिला, मंडल एवं राज्य स्तर पर सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताओं एवं पुरस्कार वितरण के लिए 191.91 लाख रुपये, सड़क सुरक्षा सप्ताह, पखवाड़ा एवं माह के अंतर्गत सभी 75 जिलों में जन-जागरूकता कार्यक्रमों के लिए 244 लाख रुपये, जिलों में सुधारात्मक कार्यों के लिए 225 लाख रुपये, सड़क सुरक्षा मित्र योजना के अंतर्गत चयनित 28 जिलों के लिए 14 लाख रुपये, परिवहन निगम की सभी बसों में प्रचार-प्रसार के लिए 100 लाख रुपये और व्हाट्सएप मेटा के माध्यम से ई-चालान एवं जागरूकता संदेश भेजने के लिए 50 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त बाराबंकी, बुलन्दशहर, शाहजहांपुर, पीलीभीत, शामली, लखनऊ, उन्नाव, अलीगढ़ एवं औरैया जिलों में निर्माणाधीन डिटेंशन यार्ड के लिए 1,200.76 लाख रुपये तथा बलिया के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापना के लिए 202.98 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

# कारीपहाड़ी बना स्वच्छ ऊर्जा का मॉडल गांव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** गांवों में अब सरकार की योजना बायोगैस प्लांट के जरिए रोजगार और रोशनी दोनों को बूस्ट करने की है। इस क्रम में ललितपुर का कारीपहाड़ी एक बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है। इस क्षेत्र को स्वच्छ ऊर्जा का ऐसा मॉडल गांव बनाया जा रहा है, जिसके बाद राज्य के सभी गांवों की तस्वीर बदली नजर आएगी।

दरअसल, ग्रामीण विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए पंचायतीराज विभाग ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अंतर्गत गोवर्धन परियोजना को नई गति दी है। अपशिष्ट को संपदा में बदलने के उद्देश्य से ललितपुर की ग्राम पंचायत कारीपहाड़ी में 85 घनमीटर क्षमता का बायोगैस संयंत्र स्थापित कर संचालित किया जा रहा है, जिसने ग्रामीण आजीविका और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। संयंत्र से उत्पन्न गैस के उपयोग से 15 केवीए क्षमता के जेनरेटर के माध्यम से विद्युत उत्पादन किया जा रहा है, जिसका उपयोग दो निर्मित कक्षों में स्थापित आटा चक्की के संचालन के लिए किया जा रहा है। कम लागत पर उपलब्ध पिसाई सुविधा के कारण गांवों के लोग लाभान्वित हो रहे हैं।



प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर श्रद्धांजलि देते रालोद नेता।

### रालोद ने मनाई डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती

**अमृत विचार, लखनऊ :** रालोद के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने डॉ. प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। रालोद के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सत्य, सादगी, राष्ट्रनिष्ठा और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने देश के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया।

# यादव व मुस्लिम कर्मचारी बहाल हों

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने बुधवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को एक विस्तृत शिकायत पत्र सौंपते हुए मांग की है कि प्रदेश की 403 विधानसभाओं में एसआईआर प्रक्रिया एवं मतदाता पंजीकरण केन्द्रों (वीआरसी) में वर्षों से कार्यरत यादव और मुस्लिम कर्मचारियों को जाति के आधार पर बर्खास्त न किया जाए। पार्टी ने यह भी मांग की है कि बर्खास्त किए गए इन कंप्यूटर ऑपरेटरों को तत्काल बहाल कर एसआईआर प्रक्रिया में पुनः सेवा दी जाए, जिससे निष्पक्षता और पारदर्शिता बनी रहे।

सपा ने ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि भाजपा सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक एवं अन्य नेताओं के दबाव में कई जिलों में इन कर्मचारियों को सेवा से हटाया जा रहा है। फर्रूखाबाद, भोजपुर और कायमगंज विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता पंजीकरण केंद्रों में कई वर्षों से कार्यरत टीनम यादव, सुनील यादव और असलम खान को जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुरोध पर 25 नवंबर 2025 को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बर्खास्त किया गया है। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रयागराज जिले में प्रतापपुर, सोरांव, हंडिया, फूलपुर, फाफामऊ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं के गणना प्रपत्र बीएलओ द्वारा दबाव में "थर्ड ऑप्शन" में सबमिट किए जाने की भी शिकायत की गई है, जबकि मतदाताओं ने अपने दस्तावेज और विवरण साफ-साफ जमा किए थे। इससे बड़ी संख्या में मतदाताओं को अनावश्यक नोटिस भेजे जाने की आशंका है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि रायबरेली के ऊंचाहार, गोंडा की सभी विधानसभाओं, जौनपुर के केराकत तथा चित्रकूट के मानिकपुर क्षेत्र में गणना प्रपत्र न दिए जाने, 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध न होने और बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम गायब होने जैसी गंभीर अनियमितताओं का भी उल्लेख किया गया है।

मंजूरी

लखनऊ, रायबरेली व महाराजगंज के अस्पतालों को मिला बजट

# सरकारी अस्पतालों में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की सुविधा

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के अधिकतर सरकारी अस्पतालों में अब मरीजों को अत्याधुनिक लेप्रोस्कोपिक तकनीक से सर्जरी की सुविधा मिल सकेगी। इस तकनीक के आने से राजधानी ही नहीं, जिलों में भी मरीजों को बड़े चीरे, ज्यादा दर्द, अधिक खून बहने और हफ्तों अस्पताल में भर्ती रहने से छुटकारा मिलेगा। छोटे चीरे में बड़ी सर्जरी संभव होगी और मरीज जल्दी घर लौट सकेगा।

इसके लिए राज्य सरकार ने राजधानी लखनऊ के राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय, रायबरेली जिला चिकित्सालय और महाराजगंज जिला संयुक्त चिकित्सालय में लेप्रोस्कोपिक सेट खरीदे जाने की मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही आधुनिक एनेस्थिसिया टेबल और कलर डाप्लर अल्ट्रासाउंड मशीनों की खरीद को भी न केवल मंजूरी मिली, बल्कि लगभग 5.90 करोड़ रुपये का बजट भी जारी कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव आनंद कुमार राय ने बुधवार को स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन को आदेश जारी कर दिया।

शासन की ओर से जारी बजट में रायबरेली जिला चिकित्सालय को लेप्रोस्कोप सेट के अलावा 35 लाख की कलर डाप्लर अल्ट्रासाउंड मशीन, डिजिटल एक्स-रे और ए-स्कैन मशीन की खरीद की अनुमति मिली है, इसी प्रकार गर्भवती महिलाओं के इलाज को ध्यान में रखकर कानपुर के एएचएम डफरिन चिकित्सालय व गोरखपुर जिला महिला चिकित्सालय में हाईटेक सेटअप स्थापित किया जा रहा है। दोनों ही अस्पतालों में आधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीनें, ओटी टेबल और सीबीसी मशीनें स्वीकृत की गयी हैं, आधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीनों के आने से गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### राजधानी के राम सागर मिश्र चिकित्सालय में मिलेंगी ये सुविधाएं

- 20-20 लाख रुपये के दो लेप्रोस्कोपिक सेट
- आंखों की सर्जरी के लिए दो फेको मशीन
- सी-आर्म मशीन, एनेस्थिसिया वर्क स्टेशन, डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, ए-स्कैन
- बॉडी डीप फ्रीजर, इलेक्ट्रिकल ड्रिल सा., इलेक्ट्रो कॉट्री, डिफिब्रिलेटर आदि के लिए भी बजट स्वीकृत

### महाराजगंज जिला अस्पताल भी होगा अपग्रेड

- 20 लाख का लेप्रोस्कोप सेट
- 30-30 लाख के दो एनेस्थिसिया वर्क स्टेशन
- सी-आर्म मशीन, नॉन-कांटेक्ट टोनोमीटर
- ऑटोमेटेड कैरोटोमीटर एंड रिफ्रैक्टोमीटर
- डेंटल एक्स-रे, एबीजी मशीन
- 250 केवीए क्षमता का जनरेटर मंजूर

# एसआईआर से संवैधानिक अधिकार किए जा रहे खत्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) करा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपना वोट अवश्य बनवाएं और उसे कटने से बचाएं, क्योंकि भाजपा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकारों को खत्म करने की तैयारी कर रही है। कहा कि यदि वोट का अधिकार छीना गया तो आरक्षण सहित संविधान से मिले अन्य अधिकार भी खतरे में पड़ जाएंगे।

सपा प्रमुख ने बुधवार को जारी बयान में चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि आयोग का काम है किसी भी मतदाता का नाम सूची से न कटे, लेकिन भाजपा सरकार के दबाव में उल्टा हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान लाखों लोग मतदान से वंचित हो गए, जबकि उप्र. और पश्चिम बंगाल में इस वर्ष चुनाव भी नहीं होने हैं, फिर भी अनावश्यक तेजी दिखाई जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का काम जनता को रोजगार देना नहीं, बल्कि लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाना बन गया है।

### आज का मौसम

गुरुवार को धूप खिली रहने के साथ दिन के तापमान में भी गिरावट आने की संभावना जताई गई है।

| 23.0° अधिकतम तापमान | 07.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 06 : 45 | सूर्यास्त 05 : 16 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# आरटीओ ने हाईवे पर किए 8 ओवरलोड ट्रकों के चालान

## तीन ट्रकों को सीज कर खड़ा कराया, देर शाम जिला मुख्यालय हाईवे पर लगाई चेकिंग

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



जिला मुख्यालय हाईवे पर ट्रकों के चालान करते आरटीओ प्रवर्तन कानपुर राहुल श्रीवास्तव व एआरटीओ इज्या तिवारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आरटीओ ने कन्नौज पहुंच कर हाईवे पर वाहन चेक किये। इस दौरान आठ ट्रकों के ओवर लोडिंग में चालान काटे, तीन ट्रकों को सीज किया। इस दौरान एआरटीओ भी मौजूद रहीं। चेकिंग पाल चौराहा के निकट हाइवे पर की गई।

जिले से गुजर रहे ओवरलोड ट्रकों पर अंकुश लगाने के लिये मंगलवार की देर शाम आरटीओ प्रवर्तन कानपुर राहुल श्रीवास्तव ने एआरटीओ इज्या तिवारी के साथ पाल चौराहा हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान हाईवे से निकल रहे ट्रकों को चेक किया। ओवर लोडिंग में आठ ट्रकों के चालान काटे। इसी तरह तीन ट्रकों में अधिक खामी मिलने पर सीज कर दिया। करीब दो घंटे तक चली चेकिंग के दौरान कई ट्रक चेक किये गये। जिन ट्रकों के कागजात व सीमित भार मिला उनको चेक करने के बाद छोड़ दिया गया। आरटीओ ने बताया कि अभियान के दौरान ट्रक चालकों को बताया गया, वह नियमों का पालन करते हुए चलें। वाहन के कागजात सही रखें। अधिक भार लेकर न चलें। उन्होंने कहा कि यदि सब सही होगा तो सभी झंझटों से मुक्ति मिलेगी। इसी तरह से अब नियमित किसी न किसी जनपद में चेकिंग कराई जायेगी।

**चार मार्गों के ब्लैक स्पॉट पर लगाएं जायेंगे दरोगा और सिपाही** : दुर्घटनाओं को रोकने के लिये ब्लैक स्पॉट्स पर दरोगा के साथ चार-चार सिपाही लगाये जायेंगे। दुर्घटना वाले स्थलों पर सड़कों की मरम्मत भी की जाएगी।

जिले के मुख्य मार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर एसपी विनोद कुमार ने पहल शुरू की है। इसमें गुरसहायगंज से फर्रुखाबाद मार्ग, छिबरामऊ से विधूना, तिर्वा से वेला मार्ग के अलावा अन्य मार्ग पर जहां सबसे अधिक दुर्घटनाये अधिक होती हैं को ब्लैक स्पॉट घोषित किया गया है। इन स्थानों पर एक दरोगा के साथ चार सिपाहियों की ड्यूटी लगाई जायेगी।

एसपी ने बताया कि इन स्थानों पर किस कारण से दुर्घटनायें अधिक हो रहीं हैं इसकी पड़ताल विशेषज्ञों से कराई जायेगी। इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुला कर दुर्घटना बाहुल्य स्थान की सड़क की खराबी कारण बन रही है तो इसे ठीक कराया जाएगा। बताया कि ब्लैक स्पॉट्स पर एक दरोगा के साथ चार सिपाहियों की टीम मुस्तैद रहेगी। यदि कोई वाहन तेजी के साथ निकलता है तो चालक को रोक कर दिशा निर्देशदिये जायेंगे। इस पहल का उद्देश्य दुर्घटनाओं में कमी लाना है।



तिर्वा कोतवाली में बैठक लेते प्रभारी निरीक्षक तथा मौजूद पीस कमेटी के सदस्य। अमृत विचार

# बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस पर शांति बनाए रखने की अपील

संवाददाता,छिबरामऊ/तिर्वा

- छिबरामऊ में 6 दिसंबर को खाटू श्याम निशान यात्रा भी निकलेगी

**अमृत विचार।** 6 दिसंबर को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि तथा खाटू श्याम यात्रा के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक विष्णु कांत तिवारी के नेतृत्व में सभी चौकी प्रभारियों के साथ पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। तिर्वा कोतवाली में बैठक का आयोजन हुआ।

छिबरामऊ की बैठक में किसी भी प्रकार की अफवाह या उत्तेजना से बचने के सख्त निर्देश दिए गए। यहां पूर्व पालिका अध्यक्ष राजीव दुबे, सुरेश चंद्र वर्मा, कामरान खालिद, आदेश कुमार सैनी, अजीत सिंह दौड़, संदीप कुमार, विवेक कुमार गुप्ता, अटल बिहारी दुबे, नरेश वर्मा उपस्थित रहे। इसी तरह तिर्वा

कोतवाली में बैठक की गई। इसमें क्षेत्र में लगी बाबा साहब की 15 प्रतिमाओं की रक्षा व सुरक्षा को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ला ने बाबा साहब की प्रतिमाओं के संरक्षकों से कहा कि प्रतिमाओं की निगरानी सी सी कैमरे से की जाए तथा जहां कैमरे खराब हो गए वहां नए लगा दिए जाएं। कोई भी व्यक्ति माहौल खराब करने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर हाजी हनीफ खान, हसन सिंह, वी पी सिंह, बृजेशकुमार, हरगोविंद सिंह, अनुज कुमार, ललित सिंह आजाद, पुष्पेंद्र रोबिन कुमार सिंह, सुजीत कुमार, रवि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चोरी की बाइक व तमंचा कारतूस समेत युवक गिरफ्तार

**सौरिख।** थाना प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार के निर्देश पर उपनिरीक्षक उमेश चन्द्र, उपनिरीक्षक सुबोध सहाय टीम के साथ गश्त कर रहे थे। सकरावा रोड भजू नगला मोड़ के पास एक युवक को बाइक चेकिंग के दौरान हिरासत में लेकर पूछताछ की। युवक ने अपना नाम तनू पुत्र बृज किशोर निवासी नगला भारा थाना सौरिख बताया। उससे एक 315 बोर का तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए। बताया, बाइक थाना क्षेत्र के ईजलपुर निवासी सचिन व शिवम उर्फ टर्रा से 5 हजार रुपये में खरीदी। थाना प्रभारी ने बताया कि तनू को जेल भेज दिया गया और बाइक बेचने वाले दोनों युवकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### महिला को घर में घुसकर पीटा, रिपोर्ट

**सौरिख।** बच्चों के विवाद में घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट की गई तथा कपड़े भी फाड़ दिए। पीड़िता की ओर से मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया उसका पति मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। लगभग 1 साल से पड़ोसी सर्वेश पुत्र शिवराम, सोनू, अंकित, बाबू पुत्रगण खुशीराम तथा राकेश उसके साथ बेवजह मारपीट करते हैं। 25 नवंबर को उसके और सर्वेश के बच्चों के बीच कुछ कहासुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर पांचों लोगों ने उसके घर में घुसकर उसे पीटा और कपड़े फाड़ दिए। वह थाने पहुंची तो आरोपी कुछ लोगों को लेकर पहुंच गए और दबाव बनाते हुए समझौता कर लिया। फिर वह जैसे ही घर पहुंची आरोपियों ने फिर से उसके साथ मारपीट की।

### स्कूल से चोरी, पुलिस ने की जांच

**कन्नौज।** कोतवाली तिर्वा इलाके के गांव बिलंदापुर नालाहार स्थित कंपोजिट विद्यालय विकास खंड सदर कन्नौज से 4 बोरी गेहूं और 01 बोरी चावल दोनों मिलाकर ढाई क्विंटल राशन चोरी हो गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक लाडली ने बताया कि उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। शक के आधार पर पुलिस ने कुछ लोगों ने पूछताछ भी की है लेकिन अब तक चोरी का खुलासा नहीं हो सका है। रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से रात में चोरी हुई होगी।

## कार की टक्कर से चचेरे भाई घायल

**छिबरामऊ।** एनएच 34 हाईवे स्थित कोल्डस्टोरेज के पास कार की टक्कर से बाइक सवार चचेरे भाई घायल हो गए।

ग्राम सुल्तानपुर डालूपुर निवासी विवेक (40) व चचेरा भाई अमर सिंह (35) बुधवार को बाइक से आरटीओ कार्यालय गए थे। वापसी में लता कोल्ड स्टोरेज के ठीक सामने किसी तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने दोनों को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर बताई है।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सचिवों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता तिर्वा

- कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में सचिवों ने काली पट्टी बांध कर विरोध दर्ज कराया

**अमृत विचार।** सरकार ने ग्राम पंचायत सचिवों को ऑनलाइन हाजिरी करने का निर्देश दिया है। इसके विरोध में ग्राम पंचायत सचिवों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत समन्वयक समिति के आवाहन पर सभी सचिव एक से चार दिसंबर तक ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में हाथ में काली पट्टी बांध कर सरकारी कार्य कर रहे हैं। बताया गया कि पांच को सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन करेंगे। बुधवार को विकास खंड कार्यालय के बाहर सचिवों ने काली पट्टी बांध कर विरोध दर्ज कराया है।

इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी शैलेंद्र कुमार पटेल, राजेंद्र कुमार वर्मा, पवन कुमार, जयप्रकाश, विकास यादव, मनोज कुमार वर्मा, बाबूलाल, राजेश दुबे, रैना सिंह, शैलेंद्र यादव, मधु, अरविंद, सचिन मौजूद रहे ।

# डीडी कृषि रक्षा ने छापा मारकर लिए दो नमूने

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दुकान पर मौजूद किसानों से जानकारी की, कृषि रक्षा इकाई व निजी दुकान से लिया सैंपल
- जांच के लिए भेजा जाएगा प्रयोगशाला, अधिकारी ने विभागीय समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



शहर की निजी बीज दुकान पर मौजूद कानपुर मंडल के डीडी कृषि रक्षा आरएस वर्मा व जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर मंडल के डीडी कृषि रक्षा आरएस वर्मा ने बीज दुकान पर छापा मारकर आलू खरपतवार नाशक का नमूना लिया। इसके बाद सदर ब्लॉक की कृषि रक्षा इकाई से गेहूं खरपतवार नाशक का भी सैंपल लिया। नमूनों को प्रयोगशाला भेजकर जांच कराई जाएगी। उसके बाद आगे की प्रक्रिया होगी।

विभाग के अधिकारी कीटनाशकों के नमूने भी लेते हैं। मंगलवार को उपकृषि निदेशक कृषि रक्षा ने सदर ब्लॉक रोड स्थित एक बीज एजेंसी पर छापा मारा। वहां मौजूद किसानों से वार्ता की। दुकान पर कीटनाशक कंपनी के अभिलेख देखे और आलू खरपतवार का नमूना लिया। इसके बाद डीडी कृषि रक्षा ने इसी ब्लॉक के निकट स्थित कृषि रक्षा इकाई गए। वहां पर गेहूं खरपतवार कीटनाशक का नमूना लिया। मौजूद प्रभारी से इकाई में बेहतर सफाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा की। प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी संत लाल गुप्ता ने बताया कि किसान कृषि रक्षा इकाई से रासायनिक कीटनाशक 50 प्रतिशत और 75 प्रतिशत अनुदान पर बायो कीटनाशक ले सकते हैं। किसान अपने साथ आधारकार्ड और बैंक पासबुक लेकर केंद्र पर जाएं।

# अधिक रेट में बिक रही यूरिया निजी क्षेत्र को मिलेगी एक रैक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में कई किसानों को निर्धारित दाम में यूरिया की बोरी नहीं मिल रही है। कई किसानों ने आरोप लगाया है कि 400 रुपये तक में बोरी दी जा रही है। प्रतिष्ठान की बजाय दुकानदार घर से माल बिक्री कर रहे हैं।

जिले में आलू और गेहूं की बंपर पैदावार होती है। 01 लाख हेक्टेयर से अधिक रकबे में दोनों फसलों का रकबा है। किसान इन फसलों में यूरिया डालते हैं। बोरी के लिए किसान इधर-उधर भटक रहे हैं। उधर, जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता ने निजी क्षेत्र के लिए एक रैक यूरिया की मांग की है जिससे किसानों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि इफको की 2,275 मीट्रिक टन यूरिया (45,500 बोरी) यहां के लिए आवंटित हुई है। यह यूरिया समिति और एग्री जंक्शन को आवंटित होगी। एक सप्ताह के करीब खाद आ जाएगी। जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि अगर कोई दुकानदार अधिक रेट में खाद बिक्री करता मिला तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

### नहीं उगा आलू, गलत दवा का आरोप

विकास खंड उमर्दा क्षेत्र के ठठिया के बल्लपुर्वा निवासी सुनील कुमार ने मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी को शिकायत पत्र देकर बताया कि उन्होंने 05 बीघा आलू की फसल की थी। एक कीटनाशक दुकान से आलू बीज शोधन की दवा खरीदी थी। दुकानदार ने 200 रुपये लेकर खुली दवा थी। एक माह बीतने के बाद भी आलू अंकुरित नहीं हुआ। इससे उनका काफी नुकसान हुआ है। पीड़ित ने जांच कराकर कार्रवाई की मांग की।

# 'किसान आलू, गेहूं और सरसों की फसल का कराएं बीमा'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 31 दिसंबर तक ऋणी व गैर ऋणी दोनों तरह के कृषकों को मिलेगा लाभ
- फसल क्षति की स्थिति में 72 घंटे के भीतर दावा पंजीकृत कराना आवश्यक

### इस तरह देना होगा प्रीमियम

- गेहूं फसल के लिए प्रति हेक्टेयर बीमित राशि 92,800 रुपये, सरसों की 1,00,100 रुपये और आलू 1,43,000 रुपये निर्धारित है। किसानों को देय प्रीमियम क्रमशः 1,392 रुपये, 1,501 रुपये और 2,860 रुपये है।

**अमृत विचार।** रबी सीजन 2025 के लिए फसलों का बीमा किया जाएगा। इसमें आलू, गेहूं व सरसों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल किया गया है। किसान 31 दिसंबर तक प्रीमियम जमा कर योजना से जुड़ सकते हैं। गैरी ऋणी और ऋणी किसान दोनों को ही लाभ मिलेगा।

जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई किसानों को आर्थिक मदद से करना है। उन्होंने बताया कि सभी कृषक समय रहते फसलों का बीमा अवश्य कराएं। ऋणी किसान अपनी संबंधित बैंक शाखा से बीमा करा सकते हैं, जबकि गैर-ऋणी किसान अपना आधार कार्ड, स्वप्रमाणित फसल बोआई घोषणा पत्र, नवीनतम खतौनी की नकल तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति लेकर सीएससी या बैंक में बीमा करा सकते हैं। इस योजना में असफल बोआई, मध्यावधि फसल क्षति, ओलावृष्टि, चक्रवाती वर्षा, जलभराव, बिजली गिरने जैसी प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान तथा फसल कटाई के बाद 14 दिनों तक खेत में रखी फसल के नुकसान पर भी क्षतिपूर्ति का प्रावधान है। योजना की जानकारी या शिकायत के लिए किसान टोल फ्री नंबर 14447 पर संपर्क कर सकते हैं। फसल क्षति की स्थिति में 72 घंटे के भीतर दावा पंजीकृत कराना आवश्यक है। दूसरी ओर विकास भवन परिसर से फसल बीमा की जागरुकता बाइक रैली को भी प्रभारी सीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप कृषि निदेशक ,डीसी मनरेगा दिनेश यादव उपस्थित रहे।

# किसान ने परिवार समेत दी आत्महत्या की धमकी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



खेत पर खड़े होकर आत्महत्या का धमकी देता किसान व उसका परिवार।

**अमृत विचार।** खेत पर दबंगों ने कब्जा कर लिया। किसान को गेंहू बोने नहीं दे रहे। पीड़ित किसान ने पूरे परिवार के साथ आत्महत्या करने की धमकी दी है। मामला तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव अतरौली का बताया गया है।

तालग्राम थाना क्षेत्र के अतरौली गांव निवासी किसान जय हिंद कुमार पुत्र राम लाल का परिवार के साथ वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें किसान खेत पर पत्नी व तीन बच्चों के साथ खड़ा है और कह रहा है कि उसके खेत पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। उसे वे गेंहू नहीं बोने दे रहा है। आरोपियों में से एक व्यक्ति पुलिस में है। इस कारण पुलिस भी उसकी नहीं सुन रही है। जब वह खेत में फसल बोने के लिये जाता तो दबंग मारपीट कर उसे भगा देते। उसके खेत का पैमाइश कर ली जाये। यदि दबंगों का उसके खेत में किसी तरह से अंश निकल रहा है तो उसे उन्हें दे दिया जाये पर उसको गेंहू बोने दिया जाये। वह गरीब है। दबंगों से झगडा भी नहीं कर सकता। जब भूखों परिवार मरेगा तो इससे अच्छा है कि वह खेत में ही पूरे परिवार के साथ आत्महत्या करले। वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

जागरूकता रैली

सीएमओ ने फीता काटकर की अभियान की शुरुआत

# पूरे माह चलेगा बच्चों का टीकाकरण अभियान

कार्यालय संवाददाता कन्नौज





महिला चिकित्सालय से जागरूकता रैली निकलते सीएमओ व अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पूरे दिसंबर माह बच्चों के टीकाकरण का अभियान चलाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने बच्चे को ड्राप भी पिलाया। इसके बाद जागरुकता रैली में शामिल हुए।

0 से 5 वर्ष तक के शिशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग विभिन्न कार्यक्रम चलायेगा। इसी के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित महिला चिकित्सालय में बुधवार को टीकाकरण उत्सव का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर स्वदेश गुप्ता ने फीता काटकर व बच्चे को ड्राप पिला कर किया। सीएमओ ने बताया है कि टीकाकरण से वंचित रहने वाले बच्चों के लिये टीका उत्सव मनाया जा रहा है। अभियान से पूर्व जनपद के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आशा व आगनबाड़ी कार्यकर्ता को सर्वे में कुल मिले बच्चों में से ओपीव प्रथम खुराक 12501 बच्चों, पेंटा प्रथम 14220, एमआर प्रथम खुराक 8436 बच्चों, एमआर द्वितीय 9428 बच्चों को चिन्हित किया गया। इनको उम्र के अनुसार टीकाकरण किसी भी वजह से नही हो सका था। इनको शतप्रतिशत टीकाकरण कराने के लिये प्रमुख रूप से महिला एवं बाल विकास परियोजना का सहयोग लिया जायेगा। अभियान में पूरे जनपद में 1760 सत्र आयोजित किये जायेंगे, जिसके माइकोप्लान एवं अन्य तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। प्रत्येक टीका उत्सव सत्र दिवस पर बच्चों को लगाये टीके की अपडेट यूविन पोर्टल शत पर प्रतिशत फीडिंग की जायेगी। सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि टीमें समय से पहुंचें। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. अमिता पटेरिया, एसीएमओं डॉ. जितेंद्र नाग, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्रभान, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ, बृजेश शुक्ला सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# छिबरामऊ में सहायक उपकरण मिलते ही दिव्यांगों के चेहरे खिले

संवाददाता,छिबरामऊ



दिव्यांगों को ट्राई साइकिल भेंट करतीं विधायक अर्चना पांडे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला दिव्यांग कल्याण विभाग व एलिम्को द्वारा पहले से चयनित 183 में से 154 दिव्यांगों को सहायक उपकरण बांटे गए। विधायक अर्चना पांडेय ने ट्राई साइकिल वितरण के बाद हरी झंडी दिखाकर दिव्यांगों को रवाना किया। कहा, दिव्यांग दिवस पर यह कार्यक्रम दिव्यांगों को सशक्त बनाने व उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

एलिम्को के कनिष्ठ प्रबंधक विजय मौर्य के संचालन में हुए कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह, बीडीओ दीपांकर आर्य, एडीओ समाज कल्याण शिशुपाल सिंह, एडीओ आईएसबी अनिल शाक्य, एलिम्को से श्रवण विशेषज्ञ विनीत पांडेय, पुनर्वास विशेषज्ञ स्वाति सुचित्रा, सहायक विपणन अधिकारी नवीन मिश्रा, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल टेक्नीशियन जयचंद्र सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## न्यूज ब्रीफ

### सचिवों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर में ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति ने गैर-विभागीय कार्यों के विरोध में शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया है। यह आंदोलन 1 से 4 दिसंबर तक ऑनलाइन उपस्थिति के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। आंदोलन के तीसरे दिन, सचिवों ने राजेपुर ब्लॉक गेट पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने गैर-विभागीय कार्यों के बढ़ते बोझ और अनावश्यक दबाव के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त की। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि एफआरएस और सचिवों से लगातार विभागीय कार्यों के अतिरिक्त गैर-विभागीय कार्य कराए जा रहे हैं। इससे नियमित विकास कार्य और ग्राम पंचायत की मूल जिम्मेदारियां प्रभावित हो रही हैं, जिसके कारण यह आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीण विकास व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सचिवों और ग्राम पंचायत अधिकारियों का कहना है कि सरकार और उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। ऐसे में अब शांतिपूर्ण सत्याग्रह के माध्यम से अपनी मांगें मजबूती से रखी जा रही हैं।

### पत्नी के वियोग में पति ने कीटनाशक खाया

**कायमगंज।** कायमगंज नगर से सटे प्रेमनगर गांव में मंगलवार रात्रि को एक युवक ने कीटनाशक खा लिया। पत्नी के वियोग में यह कदम उठाने वाले 27 वर्षीय दिलीप पुत्र राम बहादुर को गंभीर हालत में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाए। दिलीप की मां सरोजनी देवी ने बताया कि उनके बेटे की शादी पांच साल पहले शाहजहांपुर के दौलतपुर निवासी रामचरण की पुत्री गमा देवी से हुई थी। उनकी एक बेटी दिवांशी है, जो प्रेमनगर में दिलीप के साथ रहती है। सरोजनी देवी के अनुसार, कुछ दिन पहले दिलीप की पत्नी गमा देवी उसे छोड़कर अपने मायके चली गई थी। मंगलवार को दिलीप ने उसे फोन कर वापस आने को कहा, लेकिन गमा देवी ने आने से इनकार कर दिया। पत्नी के इनकार से आहत होकर दिलीप ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। परिजन उसे तुरंत सीएचसी ले गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद, डॉ. विपिन कुमार ने दिलीप की गंभीर हालत को देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### श्री रामनगरिया मेले की तैयारियों पर बैठक

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में 03 जनवरी से 03 फरवरी तक चलने वाले मेला श्री रामनगरिया में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिलारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पंडाल के मंच पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को समय से पूरा कर लें। पारंपरिक रूप से होने वाले कार्यक्रमों का विशेष ख्याल रखा जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिलारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी, व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### 78 दिव्यांग विद्यार्थियों को दिये उपहार

**फर्रुखाबाद।** राजकीय सांकेत विद्यालय मे रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला जज संजय कुमार सचिव जिला विधिक प्राधिकरण के द्वारा की गयी रेड क्रॉस की चेयरमैन डॉ रजनी सरिन ने 78 बच्चों को पानी की बोतल, कपडे, फल देकर और बच्चों को लगन से पढ़ने के लिए कहा।

कार्यक्रम की अध्यक्ष एडीजे संजय कुमार ने कहा ऐसे कार्यक्रम से बच्चों की हौसला अफजाई होती है कार्यक्रम मे डीपीओ अनिल चंद्र, सोसाइटी के वाइस चेयरमैन शीश मेहरोत्रा, जवाहर सिंह गंगवार, निशांत तिवारी, गुंजा जैन, अनिल प्रताप सिंह, धीरेन्द्र वर्मा, अंजू कपूर, भूपेंद्र प्रताप सिंह, अभिनव पटेल आदि का सहयोग रहा।

### एसआईआर पर कड़ी निगरानी रखी जाए

**फर्रुखाबाद।** एसआईआर निगरानी अभियान के अंतर्गत विकासखंड बढ़पुर के ग्राम पंचायत गढ़िया ढिलावल में बूथ स्तरीय प्रहरियों की चर्चा चौपाल आयोजित की गयी। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मात्र सात दिन की अवधि बढ़ाये जाने पर असंतोष प्रकट किया व अवधि तीन माह बढ़ाने की मांग की। डॉ. नवल किशोर शाक्य ने पदाधिकारियों से एक-एक गणना प्रपत्र को पूरी जिम्मेदारी के साथ भरवाकर जमा करवाने की अपील की।

# प्रशिक्षणार्थियों ने जानी इत्र उद्योग की बारीकियां

## एफएफडीसी में 15 दिवसीय कॉम्प्रिहेंसिव ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



प्रमाण पत्रों के साथ प्रशिक्षणार्थी व एफएफडीसी के प्रधान निदेशक शक्तिविनय शुक्ल।

**अमृत विचार।** सुगन्ध एवं सुरस विकास केन्द्र (एफएफडीसी) में सुगन्धित तेल, सुगन्ध एवं सुरस उद्योग के सभी पहलुओं को कवर करने वाले 15 दिवसीय कॉम्प्रिहेंसिव ट्रेनिंग प्रोग्राम का स समापन हुआ। इस दौरान दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ हिमाचल प्रदेश, पुणे, कर्नाटक तथा उत्तर प्रदेश से आये 25 प्रशिक्षार्थियों उद्योग से जुड़ी बारीकियों को जाना.

ट्रेनिंग प्रोग्राम 18 नवंबर से शुरू हुआ था जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि पवन त्रिवेदी, अध्यक्ष, अतर्स एवं परफ्यूमर्स एसोशिएसन, ने प्रधान निदेशक शक्ति विनय शुक्ल, की उपस्थिति में किया। त्रिवेदी ने एफएफडीसी द्वारा कन्नौज को इत्र हेतु दिलवाये गये भौगोलिक सांकेतिक के लाभों के बारे में बताया तथा अतर्स एवं परफ्यूमर्स एसोसिएशन द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी दी। प्रधान निदेशक ने प्रशिक्षण सभागार में एफएफडीसी के उद्देश्य व उपलब्धियों के बारे में बताया। केन्द्र के वैज्ञानिकों ने सुगन्धित फसलों के कृषिकरण, प्रसंस्करण, विभिन्न आसवन तकनीकों, सुगन्ध एवं सुरस निर्माण, एरोमा उत्पाद निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण आदि की जानकारी दी। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन्स के हेड आलोक श्रीवास्तव द्वारा आयात-निर्यात के माध्यम से सुगन्ध एवं सुरस में बाजार संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर डीएसएम-फर्मनिच इण्डिया लिमि० द्वारा प्रायोजित टूल किट प्रशिक्षार्थियों बाँटी गयी। इसके पश्चात् प्रधान निदेशक ने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये।कार्यक्रम का समन्यवन श्री आमोद प्रताप सिंह सेंगर, सहायक निदेशक ने किया।

### स्वच्छता पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**छिबरामऊ।** राजकीय हाईस्कूल भोजपुर निगोह में करियर काउंसिलिंग तथा माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील चतुर्वेदी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रज्ञा द्विवेदी उपस्थित रहीं, जबकि फिटनेस कोच पूजा पाण्डेय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ीं। प्रज्ञा द्विवेदी ने करियर काउंसिलिंगके अंतर्गत पत्रकारिता के क्षेत्र में अवसरों की जानकारी दी। अंत में प्रधानाचार्य ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

### पूर्व प्रबंधक की मूर्ति का अनावरण किया

**जलालाबाद।** जीटी रोड स्थित बीडी तिवारी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रबंधक गिरीश चंद्र त्रिपाठी की मूर्ति का विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को अनावरण किया गया। इसमें क्षेत्र के लोगों ने उनके द्वारा किए गए शिक्षा के प्रति उत्कृष्ट योगदान को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।



विकास भवन स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में जानकारी करते लोग।

# कल तक का बचा समय, 1300 वक्फ संपत्तियों की फीडिंग नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** वक्फ संपत्तियों का ब्योरा 05 दिसंबर तक उम्मीद पोर्टल पर फीड किया जाना है। जिले में 1650 संपत्तियां फीड की जानी है उसके सापेक्ष अब तक 350 ने ही काम पूरा किया है। अब महज दो दिन का ही समय बचा है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पहले चरण में वक्फ संपत्ति के मुतवल्ली/ प्रबंधक समिति को उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण कराना है। दूसरे चरण में उम्मीद पोर्टल पर मौजूदा वक्फ संपत्ति का ब्योरा फीड या अपलोड किया जाएगा। बताया गया है कि इसके बाद बोर्ड इसका सत्यापन करेगा। वर्ष 1995 के गजट में जनपद की 1650 संपत्तियां इसमें दर्ज हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि अंतिम तारीख के लिए संबंधित व्यक्ति न बैठे रहें। समय रहते पोर्टल पर फीडिंग करा दें जिससे वेबसाइट की समस्या से न जूझना पड़े। दूसरी ओर इन दिनों वक्फ संपत्ति से जुड़े लोग या उसकी जानकारी के लिए विकास भवन पहुंच रहे हैं। वहां से प्रपत्र जुटा रहे हैं। सुन्नी व शिया वक्फ बोर्ड की ओर से अलग-अलग कार्मियों की तैनाती व उनके मोबाइल नंबर भी जारी कर दिए गए हैं।

### लापता किशोरी का पेड़ पर लटकता मिला शव, हत्या की आशंका

**तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह से लापता किशोरी का शव गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला। परिजनों ने इसे आत्महत्या न मानते हुए हत्या का आरोप लगाया है।

गुदारा गांव निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी शबनम मंगलवार रात अपनी मां के साथ घर में सो रही थी। बुधवार सुबह वह शौच के लिए जाने की बात कहकर निकली, लेकिन इसके बाद घर नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। बुधवार देर शाम गांव के बाहर एक पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका शव दिखाई देने पर राहगीरों ने इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। स्थल पर पहुंचते ही परिवार के लोग रो-रोकर बेहाल हो गए। उन्होंने एक युवक पर शबनम की हत्या कर शव को पेड़ पर टांगने का गंभीर आरोप लगाया और आक्रोश में शव को नीचे उतारने से इंकार कर दिया।मौके पर पहुंचे सीओ कुलवीर सिंह ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

# किशोरी से दुष्कर्म कर किया वीडियो वायरल

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कायमगंज में एक किशोरी से दुष्कर्म और वीडियो वायरल करने के आरोप में एक किशोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के एक मोहल्ले के निवासी व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी साढ़े सत्रह वर्षीय बेटी को नगर के ही दूसरे मोहल्ले के एक किशोर ने अपने घर बुलाकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने घटना का वीडियो भी बनाकर वायरल कर दिया। पीड़ित पिता ने बताया कि आरोपी पिछले एक साल से उनकी बेटी का शारीरिक शोषण कर रहा था। जब पीड़ित शिकायत करने आरोपी के घर पहुंचे, तो उसके परिजनों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। आरोपी बाल अपचारी को रेलवे रोड से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है।

वहीं, आरोपी किशोर को पुलिस अभिरक्षा में डीएनए जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। सीएचसी के डॉक्टर विपिन कुमार ने बताया कि डीएनए परीक्षण के लिए सैंपल प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# गौशाला का निरीक्षण कर गो पूजन

संवाददाता गुरसहायगंज/ छिबरामऊ



गौशाला का निरीक्षण करते उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर।

**अमृत विचार।** गुरसहायगंज के मोहल्ला रामगंज स्थित नगर पालिका की गौशाला का उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने निरीक्षण किया।

बुधवार की सुबह लगभग 10.30 बजे पहुंचे सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने लगभग आधा घंटा गौशाला परिसर में निरीक्षण किया। उन्होंने गौवंश को गुड़ एवं चारा खिलाकर सेवा की। शीतलहर से बचाव को गौशाला में अतिरिक्त बिछावन, हवा से सुरक्षा हेतु टिनशेड व पर्दों की व्यवस्था और चिकित्सकीय प्राथमिक उपचार की सराहना की। गोशाला प्रभारी प्रसन्नजीत मिश्रा ने कहा कि गौशाला में सुविधाओं के विस्तार व गौसंरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती रहेगी। इस दौरान पशु चिकित्साधिकारी डॉ संजीव कुमार वर्मा, डॉ प्रदीप वर्मा, डॉ विकराल सिंह पालिका वरिष्ठ लिपिक वीर सिंह, शैलेन्द्र सिंह, केयर टेकर ऊधन सिंह, प्रेम चंद्र, रूपेंद्र सिंह व पालिका कर्मी मौजूद रहे।इसी तरह उन्होंने छिबरामऊ तहसील सभागार में सीडीओ रामकृपाल चौधरी, एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी, बीडीओ छिबरामऊ दीपांकर आर्य, बीडीओ सौरिख, बीडीओ तालग्राम, छिबरामऊ ईओ सुनील कुमार सिंह व गुरसहायगंज ईओ की मौजूदगी में समीक्षा बैठक की। इस दौरान तालग्राम के मझपुरवा गौशाला में सीडीओ ने कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। जालौन के भाजपा जिलामंत्री और गौपालक अमित निरंजन के साथ अधिकारियों से जानकारी ली। सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। इससे पहले नगर पंचायत सिकंदरपुर की ग्राम सिंहपुर स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान राजकीय पशु चिकित्सालय छिबरामऊ के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर नेम कुमार मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों ने मनवाया अपने भरोसे का लोहा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विश्व दिव्यांगता दिवस पर डीएन इंटर कॉलेज तिर्वा मैदान पर एकेडमिक स्पोर्ट एंड कल्चरल मीट-2025 कार्यक्रम हुआ। इसमें दिव्यांग बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता (बालिका वर्ग), छूकर पहचानो, कुर्सी दौड़ (बालक वर्ग), गायन, नृत्यकला, लेखन, बॉल थ्रो, सुलेख, रंगोली तथा कला प्रतियोगिता कराई गईं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, उप जिलाधिकारी तिर्वा राजेश कुमार व प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह तोमर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि दिव्यांग बच्चों में अपार क्षमता निहित होती है।

उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर वे किसी भी क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर सकते हैं। एसडीएम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांग बच्चों को पदक एवं पुरस्कार दिए। कहा, आगामी समय में सक्षम एवं प्रतिभाशाली बच्चों को पैरा ओलम्पिक जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराया जाएगा, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जनपद कन्नौज का नाम रोशन कर सकें। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी उमर्दा विपिन कुमार, अमित मिश्रा, संजीव कटियार व पुनीत पांडे मौजूद रहे।

# मोहम्मदाबाद में फंदे से लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



घटना स्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस।

**अमृत विचार।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के बड़ा कछपुरा गांव में एक महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। ससुराली पक्ष इसे आत्महत्या बता रहे हैं, जबकि मायके पक्ष ने महिला की हत्या का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए।

मृतका की पहचान प्रशांत शाक्य की 22 वर्षीय पत्नी शालिनी के रूप में हुई है। प्रशांत की शादी गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के रजलामऊ निवासी अनिल कुमार की पुत्री शालिनी से 15 अप्रैल 2025 को हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। यह घटना मंगलवार रात्रि की बताई जा रही है। शालिनी ने घर के आंगन में लेंटर के जाल में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या की। उस समय प्रशांत शाक्य बैरामनगर में दावत खाने गए थे, जबकि उनकी सास रेशमा देवी घर से बाहर थीं। जब सास रेशमा देवी घर लौटीं तो दरवाजा अंदर से बंद था। कुछ देर बाद प्रशांत भी दावत खाकर लौटे। उन्होंने आवाज लगाई, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। दरवाजे से झांककर देखने पर उन्होंने शालिनी को फांसी पर लटका पाया, जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया। प्रशांत का छोटा भाई संकेत (20 वर्ष) भी उस समय गांव में घर से बाहर था।

मृतका के भाई रवि कुमार और अन्य परिजनों ने शालिनी की हत्या का आरोप लगाया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

### पुलिस कप्तान के आवास के निकट मंदिर से चोरी

**फर्रुखाबाद।** मंगलवार रात्रि जिले के कलक्टर व पुलिस कप्तान के आवास के निकट मन्दिर से चोरों ने नकदी उड़ा ली।

मंगलवार रात जहाँ पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी आवास से कुछ कदमों की दूरी पर स्थित भारत माता मंदिर को भी चोरों ने निशाना बना लिया। चोर दानपात्र का ताला तोड़कर नकदी ले गए और साथ ही मंदिर में रखा अन्य कीमती सामान भी उड़ाकर ले गए इससे पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम विजाधारपुर स्थित वरिष्ठ जेल अधीक्षक आवास के निकट शिव शक्ति महाकाल मंदिर का है, जहां चोरों ने बीते पांच नवम्बर को दिनदहाड़े मंदिर परिसर में लगे कीमती घंटे चोरी कर लिये थे। एक घटना रखा चर्च में बीते 30 नबम्बर को हुई। चोरों ने ताला तोड़कर कीमती वस्तुएं चोरी कर लीं।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, पुलिस कर रही जांच

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- रामपाल की पत्नी रूमा, उसके भाई वीरपाल पर हत्या का आरोप

**अमृत विचार।** अमृतपुर थाना क्षेत्र के करनपुर घाट गांव में रामपाल पुत्र रामशंकर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। यह मामला अब हत्या और दुर्घटना के बीच उलझता दिख रहा है।

मृतक के परिजनों ने रामपाल की पत्नी रूमा और उसके भाई वीरपाल पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। परिवार के अनुसार, रूमा और वीरपाल पिछले दो वर्षों से साथ रह रहे थे, जिसके कारण घर में लगातार कलह होती थी। परिजनों का आरोप है कि दोनों ने मिलकर रामपाल को घर से बाहर निकाल दिया था। इसी घरेलू विवाद को लेकर परिवार में लंबे समय से तनाव चल रहा था। रामपाल अपने छह भाइयों में से एक थे। घटना के बाद उनके भाई शामपाल, वीरपाल, कन्हैया पाल और ब्रजेश कुमार सहित पूरा परिवार सदमे में है। रामपाल की मां प्रेमवती का रो-रोकर बुरा हाल है और घर में मातम पसरा हुआ है।

पुलिस ने बताया कि इस घटना की सूचना शमशाबाद थाना क्षेत्र में एक दुर्घटना के रूप में दर्ज की गई थी। अमृतपुर थाना इंचार्ज मोनू शाक्या के मुताबिक, मृतक का पोस्टमार्टम शमशाबाद पुलिस द्वारा कराया जा चुका है और मामले की जांच जारी है। गांव में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अमृतपुर थाना पुलिस बल तैनात किया गया है। परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### छात्रा को वाहन ने मारी टक्कर, गंभीर

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के सिरौली गांव में बुधवार सुबह एक सडक़ हादसे में सात वर्षीय छात्रा लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गई।

यह घटना सिरौली-मोहम्मदाबाद रोड पर रामलाल इंटर कॉलेज के पास सुबह करीब 8.30 बजे हुई। लक्ष्मी अपनी बहन के साथ पैदल स्कूल जा रही थी, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से लक्ष्मी सडक़ पर गिर गई और गंभीर रूप से चोटिल हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लक्ष्मी के परिजन भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घायल लक्ष्मी की गंभीर हालत देखते हुए पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल छात्रा को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। थाना प्रभारी अवध नारायण पांडेय ने सीएचसी पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली।

**उपलब्धि** | गायब मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिले

# पुलिस ने 35 लाख के 151 गायब मोबाइल बरामद किए

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



युवक को मोबाइल सौंपती पुलिस अधीक्षक आरती सिंह।

- पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन सभागार में सौंपे मोबाइल
- लोग भावुक हो गए और पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया

**अमृत विचार।** पुलिस ने बुधवार को एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 151 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में इन मोबाइलों को उनके असली मालिकों को सौंप दिया। बरामद किए गए मोबाइलों की कुल कीमत लगभग 35 लाख रुपये आंकी गई है। खोए हुए मोबाइल पाकर स्वामियों के चेहरे खिल गये।

अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर मालिकों के चेहरों पर खुशी और राहत साफ दिखाई दी। कई लोग भावुक हो गए और उन्होंने पुलिस टीम का सार्वजनिक रूप से आभार व्यक्त किया। पुलिस के अनुसार, इन मोबाइलों को खोजने के लिए सर्विलांस सेल और पुलिस टीम ने कई दिनों तक अथक प्रयास किए।तकनीकी जांच, कॉल डिटेल्स, लोकेशन ट्रैकिंग और क्षेत्रीय नेटवर्क की मदद से इन मोबाइलों को दूसरे जिलों और दूरदराज के इलाकों से भी बरामद किया गया। एसपी ने सर्विलांस टीम की मेहनत की सराहना की। एसपी ने यह भी बताया कि भविष्य में खोई हुई वस्तुओं को तत्काल ट्रैक करने के लिए पुलिस तकनीकी संसाधनों को और मजबूत करेगी। फतेहगढ़ पुलिस की इस पहल से स्थानीय लोगों को न केवल राहत मिली है, बल्कि उनमें पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ा है कि पुलिस हर संभव सहायता के लिए तत्पर है।

# खेत में पाए गए दवाइयों के डिब्बे

संवाददाता फर्रुखाबाद

- बुधवार को हुई घटना की सूचना पर विभाग की टीम जांच में जुटी



खेत में पड़े दवाई के डिब्बे।

**अमृत विचार।** कायमगंज के लालपुर पट्टी मार्ग किनारे एक खेत में बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयों के डिब्बे मिलने से हड़कंप मच गया। बुधवार को हुई इस घटना की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच में जुट गई है। नगर से सटे लालपुर पट्टी गांव को जाने वाले मार्ग के किनारे खेत में दवाइयों के पैकेट पड़े मिले।

राहगीरों ने इन्हें देखा तो भीड़ जुट गई। जांच में पता चला कि पैकेटों में आयरन और फॉलिक एसिड की गोलियां भरी थीं, जिन पर उत्तर प्रदेश अंकित था, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि दवाइयां सरकारी थीं। सूचना मिलने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. शोभित कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि लगभग 25 से 30 डिब्बे बरामद हुए हैं, जिनमें प्रत्येक डिब्बे में 10 पत्ते थे। इन दवाइयों पर सितंबर 2023 की मैन्युफैक्चरिंग और अगस्त 2025 की एक्सपायरी दर्ज है। कुछ डिब्बे खाली भी मिले हैं। डॉ. शोभित कुमार ने बताया कि ये दवाइयां आमतौर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स सेंटर) को दी जाती हैं। जहां से इन्हें विद्यालयों में बच्चों को वितरित किया जाता है। बच्चों को सप्ताह में एक गोली दी जाती है। प्राथमिक जांच के लिए डॉ. कुमार नजदीकी विद्यालयों में पहुंचे, लेकिन एक स्कूल बंद मिला और यहियापुर के विद्यालय से भी जानकारी नहीं मिल सकी।अधीक्षक ने यह भी बताया कि दवाइयों के पत्तों पर अंकित बैच नंबर उनके ब्लॉक का नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बरामद दवाइयों की गिनती कराकर जिला मुख्यालय भेजा जाएगा और बायो मेडिकल वेस्ट के माध्यम से उनका निस्तारण किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला को फावड़ा मारकर किया घायल

बकेवर। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हीरा लाल में पड़ोसी के दरवाजे पर लगे पेड़ के पत्तो को बकरियों द्वारा खा लेने को लेकर पड़ोसी ने महिला को फावड़ा मार गंभीर रूप से घायल किया। उक्त गांव निवासी श्री देवी पत्नी विश्राम सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह उसकी बकरियां पड़ोस के ही बाबा के दरबाजे पर लगे पेड़ के पत्तों को खा लिया इसी बात को लेकर पड़ोसी गाली-गलौज करने लगा जब महिला ने गाली-गलौज करने से मना किया तो नामजद पड़ोसी बाबा ने फावड़ा मारकर दिया जिससे वह घायल हो गई।

### अमित बने डीबीए के मीडिया प्रभारी

इटावा। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने अमित तिवारी को मीडिया प्रभारी बनाया है। कार्यकारिणी की बैठक में एक प्रस्ताव पारित करते हुए सर्वसम्मति से अमित तिवारी को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी, महामंत्री नितिन तिवारी ने कार्यालय में अमित तिवारी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किए जाने का पत्र सौंपा।

### पंचायत, ग्राम विकास अधिकारियों ने काली पट्टी बांध किया काम

इटावा। ग्राम पंचायत में सचिवों का काम देख रहे ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया और काली पट्टी बांधकर ही काम किया। यह आंदोलन 1 दिसंबर से चल रहा है। यह अधिकारी ऑनलाइन हाजिरी लगाए जाने का विरोध कर रहे हैं। संगठन के अध्यक्ष पूरन सिंह व दीपक यादव ने बताया कि ऑनलाइन हाजिरी का आदेश व्यावहारिक नहीं है। पंचायत सचिवों की कई ऐसे काम होते हैं जो क्षेत्र में जाकर करने पड़ते हैं। सभी काम पंचायत घर में बैठकर नहीं किये जा सकते। इसके लिए वे सुबह 7 बजे भी घर से निकलते हैं और देर शाम तक कामकाज में लगे रहते हैं। इस बीच में पंचायत घर पर जाना ऑनलाइन हाजिरी लगाना बिल्कुल व्यावहारिक नहीं है। इसलिए इसका विरोध किया जा रहा है।

# डीएम आवास के पास ट्रक में लगी आग, अफरा-तफरी

- दमकल विभाग ने बुझाई आग परिचालक घायल
- ट्रक में लदा लाखों रुपये का मैदा जलकर राख

कार्यालय संवाददाता, इटावा


आग लगने से धू-धू कर जलता ट्रक। अमृत विचार

अमृत विचार। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत डीएम आवास के पास मैदा से भरा एक ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया, जिसके बाद उसमें भीषण आग लग गई। घटना में लाखों रुपये की मैदा जलकर राख हो गई। जबकि ट्रक का परिचालक घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसने आग पर काबू पाया।

मंगलवार की रात को एक ट्रक हाईवे से शहर में प्रवेश कर रहा था। डिवाइडर से तेज टक्कर के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर डीएम आवास के पास सड़क पर पलट गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक की डीजल टंकी फट गई और कुछ ही पलों में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरा ट्रक धू-धू कर जलने लगा। धमाकों के साथ टायर फटने लगे जिससे आसपास के इलाकों में अफरातफरी मच गई और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

सूचना पर एसपी सिटी भी मौके पर पहुंचे। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से कूदकर फरार हो गया। हालांकि परिचालक सुमित निवासी भिंड केबिन में फंस गया। मौके से गुजर रहे लोगों ने साहस दिखाते हुए उसे ट्रक से बाहर निकाला और गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जिससे उसकी जान बच सकी। डीएम आवास से सूचना दिए जाने के बाद फायर ब्रिगेड करीब 20 मिनट बाद मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने लगभग कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद रही और सुरक्षा घेरा बनाए रखा। इस हादसे में ट्रक के साथ उसमें लदी लाखों रुपए की मैदा भी जलकर राख हो गई। दमकल कर्मी सुभाष चंद्र ने बताया कि डीजल फैलने की वजह से आग तेजी से फैल रही थी लेकिन टीम ने जोखिम उठाकर लपटों को नियंत्रित किया।

# दिव्यांगों ने ट्राई साइकिल दौड़ में दिखाया उत्साह

इटावा। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस जिला विकलांग एसोसिएशन कार्यालय पर मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला दिव्यांगजन अधिकारी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने विभाग द्वारा लाई गई योजनाओं का लाभ लेने के लिए दिव्यांगों का आह्वान किया।

दिव्यांगों की मांगों से संबंधित 8 सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला दिव्यांगजन अधिकारी को एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार जाटव व मंत्री संतोष कुमार त्रिवेदी ने सौंपा। इस अवसर पर दिव्यांग पुरुष वर्ग व दिव्यांग महिला वर्ग की ट्राई साइकिल दौड़ हुई। इसमें पुरुष वर्ग में मोहम्मद यासीन अंसारी पथवरिया ने प्रथम, नरेश चौहान ग्राम छिमारा ने द्वितीय व कमल कांत जसवंतनगर तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में रुकसाना बेगम प्रथम कांशीराम कालौनी, कालिंद्री देवी ग्राम हरिहरपुरा द्वितीय व विनीता नौरंगाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला दिव्यांगजन अधिकारी ने शाल उढ़ाकर विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में संजय सिंह, सुनील दीक्षित, जयप्रकाश तिवारी, नीरज यादव, मनीष कुमार, नीलम यादव, हरदम प्यारी, जीशान, जयवीर, मोहम्मद आबिद, गौरव सिंह पाल, कृष्ण कुमार, नरेश कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता आदि रहे।

# अन्ना मवेशी से टकराई बाइक, किसान की मौत

## ऊसराहार-भरथना मार्ग पर ग्राम सालिमपुर चौराहा के पास हुआ हादसा

संवाददाता, भरथना (इटावा)

अमृत विचार। भरथना कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ऊसराहार-भरथना मार्ग स्थित ग्राम सालिमपुर चौराहा के पास बाइक सवार के सामने अचानक अन्ना मवेशी आ गया। इससे बाइक उससे जा भिड़ी। हादसे में बाइक सवार किसान की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और शव को देख परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


मनोज।

परिजनों के अनुसार नगल भगत मौजा भोली निवासी मनोज कुमार (38) पुत्र रामऔतार प्रजापति अपने पिता की बुआ के ग्राम धीसेला बेलाहार में आयोजित भंडारा भोज में शामिल होने के लिए बाइक से गया था। भोज में भाग लेकर वापस गांव लौट रहा था। जब उसकी बाइक सालिमपुरा चौराहा के पास पहुंची तभी अचानक एक अन्ना जानवर एकाएक सामने आ गया। तभी बाइक अन्ना जानवर से टकरा गई। बाइक के टकराने से वह सड़क पर जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने दुर्घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक मनोज की मौत हो चुकी थी। हादसे की जानकारी पुलिस ने परिवार के लोगों को दी।

सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। शव को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। किसान अपने पीछे पत्नी रोशनी, मां लज्जावती, चार पुत्रियां कु.खुशी (15), कु. वर्षा वर्ष, कु. सृष्टि (8) वर्ष और अबोध श्रद्धा 3 वर्ष को रोता-बिलखता छोड़ गया। छोटे भाई अनिल व रविंद्र भी सदमे में हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया।

### सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल

इटावा। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अंतर्गत अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पक्का बाग चौराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से राम अवतार पुत्र छोटेलाल निवासी पक्का बाग घायल हो गया। थाना जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत टकपुरा सरायजलाल निवासी पूनम पत्नी पप्पू अपने पुत्र कृष्णा के साथ जसवंतनगर से टैम्पो में बैठक अपने घर जा रही थी तभी रेलवे पुल के पास टैम्पो व बाइक में भिड़न्त हो गई और टैम्पो पलटने से मां बेटा घायल हो गए। तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सप्ताह में दो दिन निरस्त रहेगी आगरा लखनऊ इंटरसिटी

इटावा। उत्तर-मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल ने सर्दी में पड़ने वाले कोहरे की वजह से छह दिसंबर से प्रत्येक शनिवार व रविवार को इंटरसिटी को निरस्त कर दिया है। इस ट्रेन को ढाई माह के लिए बंद किया गया है।

उत्तर-मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि ट्रेन संख्या 12179 आगरा-लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस व ट्रेन संख्या 12180 लखनऊ-आगरा इंटरसिटी को छह दिसंबर से 28 फरवरी तक प्रत्येक शनिवार व रविवार को निरस्त कर दिया है। बाकी दिनों यह ट्रेन अप-डाउन करती रहेगी। यह ट्रेन लखनऊ से आने पर इटावा जंक्शन पर शाम सात बजकर 18 मिनट पर आने का समय है। इसी तरह आगरा से इटावा जंक्शन आने पर यह ट्रेन सुबह आठ बजकर 18 मिनट पर आती है। यह ट्रेन आगरा व लखनऊ के लिए आने-जाने के लिए बहुत अच्छी है। सुबह जाकर इन ट्रेन से वापस लौटा जा सकता है। पीआरओ ने बताया कि इस ट्रेन को सर्दी में कोहरे की वजह से सप्ताह में दो दिन बंद रहेगी। पिछली बार भी इस ट्रेन को दो माह के लिए बंद कर दिया गया था।



बैठक में चर्चा करते एसडीएम कुमार सत्यम जीत। अमृत विचार

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उप जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

संवाददाता, जसवंतनगर

अमृत विचार। मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाने के लिए चुनाव आयोग के निर्देश पर युद्ध स्तर पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम के तहत बुधवार को तहसील सभागार में एसडीएम कुमार सत्यम जीत ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक कर पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत एएसडीडी (एवसेंड, सिफ्टिड, डुप्लीकेट और डिलीट) कार्यप्रणाली पर चर्चा की। बैठक में एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रभारियों से बूथवार तैयार की गई सूची की जानकारी साझा की और आवश्यक सुझाव लेते हुए पारदर्शिता पर जोर दिया।

समाजवादी पार्टी से एसआईआर प्रभारी ठा. अजेन्द्र सिंह गौर, विधायक प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव, सुभाष गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि हाजी समीम व भाजपा की ओर से अजय यादव विंदू, सुरेश गुप्ता, ध्रुवेश तोमर बैठक में शामिल हुए। इसके अलावा अन्य किसी भी राजनीतिक दल का प्रतिनिधि इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित नहीं हुआ। एसडीएम कुमार सत्यम जीत ने बताया कि बीएलओ और सुपरवाइजर जल्द ही बूथों पर एएसडीडी सूची चस्पा करेंगे ताकि आमजन भी मतदाता सूची में हुए परिवर्तनों से अवगत हो सकें। इस दौरान एसडीएम न्यायिक हरि प्रताप सिंह, तहसीलदार नेहा सचान, एडीओ पंचायत देवेंद्र सिंह, वीआरसी पवन कुमार, लेखपाल, पंचायत सचिव और अध्यापकगण भी मौजूद रहे।

# अधिवक्ता दिवस पर कांग्रेस ने किया वकीलों को सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, इटावा


वकीलों को सम्मानित करते कांग्रेस नेता प्रशांत तिवारी अमृत विचार

अमृत विचार। अधिवक्ता दिवस पर बुधवार को कांग्रेसी नेताओं ने कचहरी पहुंचकर वकीलों को सम्मानित किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रशांत तिवारी ने कचहरी पहुंचकर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व अन्य वकीलों को सम्मानित किया।

इस मौके पर प्रशांत तिवारी ने डीबीए के महामंत्री नितिन तिवारी, पूर्व अध्यक्ष बृजेश दुबे, पूर्व उपाध्यक्ष हुतेश कुमार यादव, पल्लव दुबे, सिद्धार्थ शंकर दीक्षित, अतुल दीक्षित, सुनील बाजपेई, जयवीर सिंह, आशुतोष दीक्षित, अनुभव तिवारी, विष्णु कांत मिश्रा, आशीष चौधरी, नरेंद्र कुमार मिश्रा, अवनीश शर्मा, अनुभव तिवारी, योगेश तिवारी, अक्षय पाल को सम्मानित किया। इनका माल्यार्पण किया और शाल ओढ़ाई। प्रशांत तिवारी ने कहा कि वकील ही नागरिक अधिकारों की रक्षा करते हैं। कानूनी दस्तावेजों का मसौदा तैयार करते हैं और कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद करते हैं। वकीलों का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए, यही हमारे मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा भी करते है। स्वागत करने वालों में नरेंद्र यादव, रोहित दुबे और मनोज चौधरी शामिल रहे।

### हाईवे पर घूम रहे छुट्टा मवेशी, हादसों की आशंका

महेवा। नेशनल हाईवे पर इन दिनों खुलेआम घूम रहे अन्ना जानवर राहगीरों के लिए मुसीबत बने हुए है। हाईवे से रोजाना गुजरने वाले वाहन चालक अचानक सामने आ जाने वाले अन्ना जानवरों की चपेट में आकर घायल हो रहे है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम के समय और रात में अन्ना जानवरों के झुंड सड़क पर बैठ जाते है, जिससे तेज रफ्तार वाहनों के सामने अचानक बड़ा जोखिम खड़ा हो जाता है। कई बाइक सवार और चारपहिया वाहन चालक अभी तक टक्कर से कई बार बच चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से इन्हें हाईवे से हटाने की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। लोगों ने जल्द से जल्द गायों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की मांग की है।

# ग्राम प्रधान व सचिव से रिकवरी का आदेश

- ग्राम पंचायत खनाबांध में कामकाज में किया गया राशि का दुरुपयोग

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। विकासखंड ताखा की ग्राम पंचायत नगला खनाबांध में विकास और निर्माण कार्यों के लिए दी गई रकम का दुरुपयोग किया गया है। इसकी जांच के बाद अब ग्राम प्रधान और उस अवधि में सचिव के पद पर रहे कर्मचारियों से इसकी वसूली की जाएगी। कुल 3 लाख 33 हजार 860 रुपये की रकम वसूल की जाएगी। इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं।

इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह की ओर से जारी आदेशों में कहा गया है कि जांच के बाद कामकाज में गड़बड़ी पाई गई है और रकम का दुरुपयोग होना पाया गया है। इसलिए इसकी रिकवरी की जाएगी। इसमें ग्राम प्रधान संजीव कुमार से 1 लाख 11 हजार 286 रुपए और अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग नवीन कुमार से 1लाख 11 हजार 286 रुपए की वसूली की जाएगी। इसके साथ ही इस ग्राम पंचायत में अलग-अलग समय में सचिव रहे अधिकारियों से भी वसूली की जाएगी। इसमें ग्राम पंचायत अधिकारी बृजेंद्र कुमार से 41 हजार 477 रुपए, हरि प्रकाश से 62 हजार 703 रुपये और विकास यादव से 7 हजार 108 रुपये की वसूली की जाएगी। यह रकम ग्राम निधि के खाता में जमा कराना सुनिश्चित करें। यदि ऐसा नहीं किया गया तो संबंधित कर्मचारियों के वेतन से इस रकम की वसूली की जाएगी। कामकाज को लेकर अंकुश कुमार ने शिकायत की थी। जांच में यह पाया गया कि रकम का दुरुपयोग किया गया है। जो कामकाज कराए गए है उनमें गड़बड़ी की गई है।

# सामुदायिक शौचालय संचालित न होने पर प्रधान, सचिव को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। विकासखंड जसवंत नगर की ग्राम पंचायत रायनगर में सामुदायिक शौचालय निरीक्षण के दौरान बंद पाया गया। वहां ताला लगा था और यह बताया गया कि यह वर्षो से बंद है। इस पर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को नोटिस जारी किया गया है।

जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह ने इस संबंध में नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सहायक विकास अधिकारी पंचायत के पत्र में बताया गया है कि सामुदायिक शौचालय बंद है। इसके आसपास चारों ओर गंदगी फैली है। समर खराब है और निरीक्षण के समय केयरटेकर भी गैर हाजिर पाए गए। उनके द्वारा सामुदायिक शौचालय समय से ना खोले जाने और साफ सफाई न किए जाने के संबंध में नोटिस जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि इस स्थिति से स्पष्ट है कि ग्राम प्रधान व सचिव इसका नियमित रूप से निरीक्षण नहीं कर रहे हैं और इसके नियमित संचालन की सूचना देकर भ्रमित भी किया गया है। स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित दो दिनों के अंदर प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में यह माना जाएगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और संबंधित प्रधान के विरुद्ध पंचायती राज अधिनियम और संबंधित सचिव के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जाएगी।

बैठक | समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने कहा

# सत्ता पक्ष एसआईआर को लेकर लोगों को कर रहा भ्रमित

कार्यालय संवाददाता, इटावा


बैठक में दिशा-निर्देश देते सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव। अमृत विचार

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने जिला पंचायत सभागार में स्पेशल इंटीग्रेटेड रिवीजन को लेकर बैठक में कहा कि 1952 से अब तक हर चुनाव से पहले वोटर लिस्ट का रिवीजन होता रहा है, लेकिन कभी एसआईआर नहीं हुआ। अचानक इसकी जरूरत क्यों पड़ी। इससे यही लगता है कि दिल्ली में बैठे सत्ता के लोगों की नीयत ठीक नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष एसआईआर को घुसपैठ का मुद्दा बनाकर जनता को गुमराह कर रहा है। पीएमओ का नाम बदलने पर उन्होंने कहा कि जो लोग काम नहीं करते, वे सिर्फ नाम बदलने में लगे रहते हैं। उनका कहना है कि जब तक एसआईआर पर संसद में चर्चा नहीं होगी, तब तक किसी तरह का सुधार संभव नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष एसआईआर को घुसपैठ का मुद्दा बताकर लोगों को भ्रमित कर रहा है, जबकि बिहार में एसआईआर करने पर एक भी घुसपैठिया नहीं मिला। उन्होंने कहा कि एसआईआर के नाम पर देश की बड़ी आबादी पर शक किया जा रहा है। इनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं जुड़ पाएगा, उन्हें हिंदू होने पर नेपाल का और मुसलमान होने पर बांग्लादेश या पाकिस्तान का बताया जा सकता है। उन्होंने बीएलओ की आत्महत्या के मामलों पर कहा कि बहुत कम समय में बहुत अधिक काम मिलने के कारण ऐसा हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सत्ता में बने रहने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। चुनाव आयोग पर हमला करते हुए कहा कि चुनाव आयोग दिल्ली की सरकार के इशारे पर काम कर रहा है।

एनआरसी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि असम में 19 लाख लोग सूची से बाहर किए गए, लेकिन आगे कार्रवाई नहीं हुई, क्योंकि उनमें से 12 लाख हिंदू थे। बैठक में सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बब्लू, प्रमुख महामंत्री वीरू भदौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, विधायक प्रतिनिधि जसवंतनगर अजेंद्र सिंह गौर, उदयभान सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में सपा नेता मौजूद रहे।

# बच्चों को बताए फिजिक्स के नियम

कार्यालय संवाददाता, इटावा


कार्यक्रम का शुभारंभ करते डॉ. आनन्द। अमृत विचार

अमृत विचार। आईआईटी कानपुर के लेखक भौतिकविद पद्मश्री प्रो. एचसी वर्मा ने संत विवेकानन्द सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में बच्चों संग विज्ञान सत्र में विशेष सेमिनार किया। जिसमें छात्रों को अहम जानकारियां दी गई।

स्कूल आगमन पर विद्यालय परिवार की ओर से प्रिंसिपल/निदेशक डॉक्टर आनंद ने पुष्प गुच्छ देकर प्रो./ वर्मा एवं उनके सहयोगी डॉ. ब्रजेश दीक्षित एवं अमित कुमार बाजपेई का स्वागत किया। इस मौके पर सेमिनार हॉल में प्रोफेसर वर्मा की अगुवाई में नेशनल अंवेषिका स्किल टेस्ट का आयोजन किया गया। इस एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग स्किल टेस्ट में संस्था के कक्षा 9 एवं कक्षा 10 के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने भाग लिया। सेमिनार हॉल में प्रो. वर्मा ने बच्चों के साथ अपने विशेष कार्यक्रम लर्निंग फिजिक्स विद नेचर के साथ फिजिक्स के नियमों से जुड़े कई एक्सपेरिमेंटल वीडियो साझा करते हुए उन पर बच्चों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मुख्य रूप से छात्रों को नंबरों के बजाय कौशल विकसित करने और गहरी समझ पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधानाचार्य निदेशक डॉक्टर आनंद ने कहा कि यह हमारा और विद्यालय परिवार का सौभाग्य है कि एचसी वर्मा ने आकर हम सबको आशीर्वाद दिया। डॉक्टर आनंद ने यह भी कहा कि जिस तरह विज्ञान को रोचक बनाने और शिक्षा प्रणाली में सोच को बढ़ावा देने पर पद्म एचसी वर्मा का योगदान रहा है उसके लिए संत विवेकानंद विद्यालय परिवार उनका नमन करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉर्डिनेटर पुष्पेंद्र सिंह सेंगर, हिमांशु सेंगर, अभिषेक वार्ष्णेय, शैलेंद्र राजावत, अजयकांत सक्सेना, मुहम्मद फारिक, विजय तिवारी का प्रमुख योगदान रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### बाउंड्री तोडने में चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**अयाना।** अयाना निवासी जमादार सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 25 नवंबर को वह परिजन के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गया था। इसी बीच गांव के ही हरिसिंह, बलू, अंकित व अमित ने उसके घर व बाड़ा का ताला काटने के साथ ट्रैक्टर की मदद से बाउंड्री तोड़ दी। जानकारी होने पर वह घर आया तो आरोपियों ने गोलियों ने भून देने की धमकी दी। आरोप लगाया कि घर व बाड़ा गिरवाने में मुख्य भुमिका हरि सिंह ने निभाई वह पुलिस विभाग में तैनात है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### ताला तोड़कर हजारों का सामान उड़ाया

**अछल्दा (औरैया)।** रेलवे स्टेशन के पास एक पान की दुकान में चोरी हो गई। बुधवार देर रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चुरा लिया। सुबह जब दुकानदार लल्ला गुप्ता अपनी दुकान खोलने पहुंचे, तो ताला टूटा देखकर हैरान रह गए। हरीगंज बाजार निवासी लल्ला गुप्ता पुत्र मिजाजी लाल ने बताया कि वे बुधवार रात करीब 11 बजे अपनी दुकान बंद करके घर गए थे। सुबह लगभग 5 बजे जब वे दुकान पर पहुंचे, तो उन्हें दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। शटर उठाने पर दुकान के अंदर का सारा सामान गायब पाया गया। चोरों ने दुकान से सिगरेट, गुटखा, तंबाकू, मसाला और अन्य सामग्री चुरा ली। चोरी हुए सामान की अनुमानित कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। इस चोरी की घटना को लेकर आसपास के दुकानदारों में भी चर्चा है। हालांकि, पीड़ित दुकानदार ने अभी तक थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### राजकीय इंटर कॉलेज में जागरूकता गोष्ठी

**अयाना।** विश्व एड्स दिवस को लेकर रूपपुर स्थित राजा निरंजन सिंह जूदेव राजकीय इंटर कॉलेज में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को एड्स/एचआईवी के बारे में शिक्षित करना, इससे जुड़े मिथकों को दूर करना और सुरक्षित रहने के उपायों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्रधानाचार्य नितीश मिश्रा ने इस गंभीर स्वास्थ्य मुद्दे पर खुलकर बात करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को एचआईवी कैसे फैलता है, इसके लक्षण क्या हैं और इसका निदान व उपचार कैसे संभव है, इसकी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि आधुनिक चिकित्सा में एचआईवी का प्रभावी उपचार एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी उपलब्ध है, जिससे पीड़ित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। गोष्ठी के दौरान छात्रों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और कई सवाल भी पूछे। इस दौरान सतीश चंद्र भूषण, शिखा वर्मा, आदि लोग मौजूद रहे।

# अछल्दा रोड के नाले में उतराता हुआ मिला गायब युवक का शव

## ऊसराहार में टाइल लगाने की कहकर घर से निकला था, जिसके बाद वह लापता था



जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार



घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

संवाददाता, बिधूना (औरैया)

**अमृत विचार।** कस्बे के जवाहर नगर में रहने वाले युवक सोनू का शव बुधवार को अछल्दा रोड स्थित नाले में उतराता हुआ मिला। सोनू (उम्र लगभग 27 वर्ष) रविवार को ऊसराहार में टाइल लगाने की कहकर घर से निकला था, जिसके बाद वह लापता था। बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने नाले में शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस व स्वजनों के पहुंचने पर युवक की पहचान उसकी बहन सोनी ने सोनू के रूप में की। शिनाख्त होते ही परिवार में कोहराम मच गया।

सोनू मूल रूप से ललूपुर, मोहम्दाबाद (अछल्दा) का निवासी था और बिधूना के जवाहर नगर सुखचैनपुर में हरपाल सिंह सेंगर के मकान में किराए पर रहता था। वह पेशे से टाइल्स व पत्थर लगाने का काम करता था। उसके पिता सत्यभान लकड़ी के कारीगर हैं। परिवार में उसके दो छोटे भाई— सौरभ और शनि, तथा एक बहन सोनी है। सोनू तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।

स्थानीय लोगों द्वारा नाले में शव देखे जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने बताया युवक के शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का स्पष्ट कारण हो सकेगा।

# विश्व एड्स दिवस पर लगाया शिविर

कार्यालय संवाददाता, औरैया




शिविर के दौरान जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, औरैया के तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस एवं विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयोजन लोक माता देवी अहिल्याबाई होल्कर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय, चिचौली-औरैया में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश कुमार, पूर्णकालिक सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने की। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर मुकेश वीर सिंह ने बताया कि एड्स के रोगियों में उपचार के साथ-साथ भ्रांतियों को दूर करने की सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है चाहे वह फैकल्टी मेंबर हो, चाहे स्वास्थ्य कर्मी हो, अथवा छात्र हों। दिव्यांगजनो के साथ समाज को संवेदनशीलता के साथ पेश आने की जरूरत है ताकि उन्हें अधिकार मिल सके और समाज में वह सुविधाओं के साथ अपना जीवन यापन कर सके। उप प्रधानाचार्य डॉ मनोज मेघवानी ने एड्स के कारण, जांच व उसके बचाव पर मुख्य प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष ने दिव्यांगजनो को होने वाली परेशानी व उनके पुनर्वास के बारे में बताया। जिलाक्षय एवं एड्स रोग अधिकारी डॉक्टर संत कुमार ने एड्स रोग की रोकथाम के बारे में बताया। डॉ पवन शर्मा ने बताया कि चिचौली स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एड्स की सभी प्रकार की जांच उपलब्ध है। दिव्यांग जनों के लिए उन्नत किस्म की स्ट्रेचर व व्हीलचेयर उपलब्ध हैं। उनके लिए रैंप बनाए गए हैं, उन्हें किसी भी तरह की दिक्कत ना हो यह पूरी तरह सुनिश्चित किया जा रहा है। कार्यक्रम में न्यायाधीश ने कहा कि एड्स जागरूकता तथा दिव्यांगजनों के अधिकारों के संरक्षण हेतु समाज के सभी वर्गों का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विधिक जागरूकता, एड्स की रोकथाम, दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा उन्हें उपलब्ध विधिक सहायता सेवाओं की जानकारी पर विस्तृत चर्चा की गई। चिकित्सा महाविद्यालय के संकाय सदस्यों, छात्रों, चिकित्सकों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। अंत में सभी अतिथियों ने समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने का संकल्प लिय। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. मुकेश वीर सिंह, प्रधानाचार्य, प्रो. डॉ. पवन कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उप प्रधानाचार्य डॉ मनोज मेधवानी, विभागाध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन प्रोफेसर डॉ. संजीव दवे, जिला क्षय एवं एड्स रोग अधिकारी डॉक्टर संत कुमार एवं डॉ.जूही यादव इत्यादि उपस्थित रहे।



जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

# विश्व एड्स दिवस पर निकाली गई रैली, किया जागरूक

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

- नेविलगंज स्थित सरकारी प्राइमरी विद्यालय में आयोजन

**अमृत विचार।** कस्बे के नेविलगंज स्थित सरकारी प्राइमरी विद्यालय में बुधवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत में छात्रों ने एक जागरूकता रैली निकाली। बच्चे हाथों में तख्तियां लिए और नारे लगाते हुए दिखाई दिए, जिसके माध्यम से उन्होंने एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यालय में शिक्षकों द्वारा एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक ने छात्रों को एड्स के कारण, लक्षण और इससे बचाव के उपायों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी, ताकि वे कम उम्र से ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकें।

शिक्षकों ने पोस्टर और चार्ट का उपयोग करके भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने छात्रों से स्वच्छता, सुरक्षित आदतें अपनाने और बीमारी से जुड़ी अफवाहों से बचने की अपील की। बच्चों ने अपनी रैली के माध्यम से यह संदेश दिया कि एड्स से डरने की बजाय, जानकारी और सतर्कता से इसका बचाव किया जा सकता है। विद्यालय में आयोजित यह कार्यक्रम बच्चों और अभिभावकों दोनों के लिए उपयोगी साबित हुआ।

### कंचौसी में ट्रेन से कटा युवक का पैर, हालत गंभीर

**कंचौसी।** रेलवे स्टेशन पर देर रात कानपुर शिकोहाबाद मेमू पर चढ़ते समय पैर फिसल जाने से दरभंगा बिहार निवासी करीब 40 वर्षीय राम बिलो का एक पैर कट गया। सूचना पर मौके पर पहुंची फफूंद रेलवे पुलिस इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल चिचौली भिजवाया गया। गंभीर अवस्था में उसे सैफई रेफर कर दिया गया जहां इलाज चल रहा हैं। सूचना पर परिवारजन भी बुधवार को अस्पताल पहुंच गए। बताया जाता है कि रमवारी कुरूसर जिला दरभंगा बिहार निवासी रामबिलो जिले में ही रहकर किसी संस्थान में मजदूरी करता था। वह कंचौसी रेलवे स्टेशन से शाम साढ़े आठ बजे कानपुर से चलकर शिकोहाबाद मेमू से जा रहा था।

मेमू चलने लगी वह भाग कर चढ़ने लगा जिससे उसका पैर फिसलने से एक पैर कट गया। हादसे की जानकारी पर ट्रेन के गार्ड ने तुरंत मेमू को रोक दिया। सूचना पर फफूंद रेलवे पुलिस और रेलवे कर्मचारियों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल रामबिलो को एंबुलेस से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। गंभीर दशा में युवक को सैफई रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# सचिवों का शांतिपूर्ण धरना तीसरे दिन भी जारी

संवाददाता, फफूंद (औरैया)



विरोध प्रदर्शन जताते कर्मचारी। अमृत विचार

- अतिरिक्त कार्यभार व ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में धरना

**अमृत विचार।** पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग के सचिवों पर बढ़ते गैर-विभागीय कार्यों, ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध में विकास खंड भाग्यनगर के सचिवों का शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। सचिवों ने ब्लॉक परिसर में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। यह आंदोलन प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 1 से 4 दिसंबर तक चल रहे शांतिपूर्ण क्रमिक सत्याग्रह कार्यक्रम का हिस्सा है।

जिला महामंत्री रविन्द्र दुबे (ग्राम विकास अधिकारी, समन्वय समिति–भाग्यनगर) के नेतृत्व में सचिवों ने एकजुट होकर कहा कि लगातार बढ़ते गैर-विभागीय कार्य फार्मर रजिस्ट्रेशन, एग्रो स्टैक सर्वे, आयुष्मान कार्ड, फैमिली आईडी, पशु आश्रय प्रबंधन, विद्यालय कायाकल्प, बोर्ड परीक्षा ड्यूटी, पेंशन सत्यापन आदि से मूल विभागीय कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

सचिवों का कहना है कि शासन द्वारा बिना समुचित संसाधन, तकनीकी सहायता और स्पष्ट दिशा-निर्देश उपलब्ध कराए ऑनलाइन उपस्थिति और फेशियल रिकग्निशन आधारित प्रणाली लागू करना व्यवहारिक कठिनाइयों को बढ़ा रहा है। इससे कार्यप्रणाली जटिल हुई है और कर्मचारियों में अनावश्यक भय, दबाव व असंतोष व्याप्त है। सचिवों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। धरने में सचिव संगीता दोहरे, नंदराज यादव, सुरेंद्र कुमार माथुर, राजेश गौतम, रविन्द्र प्रताप राजपूत, अंशुल मिश्रा, सुभाष पाल, शिव कुमार, पंकज उपाध्याय और मुसिर अहमद सहित अन्य सचिव उपस्थित रहे। सचिवों ने दोहराया कि आंदोलन का उद्देश्य शासन का ध्यान उचित कार्य विभाजन, संसाधन उपलब्धता और मूल विभागीय कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की ओर आकृष्ट करना है।

# सड़क किनारे होगी आये दिन सफाई

संवाददाता, फफूंद (औरैया)



सड़क पर बिखरा कूड़ा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इन दिनों एसआईआर के चलते सफाई कर्मी की ड्यूटी लगी हुई है। जिस वजह से निरंतर गांव में सफाई नहीं हो पा रही है। इसे लेकर सफाई कर्मी को कड़े निर्देश दिए हैं। सुबह जल्दी जाकर सबसे पहले सफाई के कार्य को निपटाए वहीं एसआईआर के कार्य में बीएलओ की मदद करें परंतु यह ध्यान रखना चाहिए की सड़क के किनारे कहीं भी कूड़ा करकट अथवा प्लास्टिक पन्नी नजर न आए। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था को लेकर गांव में किसी व्यक्ति की शिकायत न मिले। ग्राम पंचायत सेक्रेटरी नंदराज यादव ने सफाई कर्मी को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि सड़क के किनारे कहीं पर भी कूड़ा करकट एवं गंदगी का अंबार न मिले और न ही कूड़ा करकट में प्लास्टिक एवं पन्नी दिखनी चाहिए। इस दौरान सफाई कर्मी बृजेश ने कहा दोनों काम एक साथ नहीं हो सकते हैं। गांव में सफाई का जहां जिम्मा मेरे सिर पर है। वहीं भारत निर्वाचन आयोग के काम में भी सहयोग करना पड़ रहा है।

### शौर्य दिवस पर 6 दिसंबर को होगा सुंदरकांड पाठ

**फफूंद (औरैया)।** हिन्दू युवा मोर्चा संघ के तत्वाधान में शनिवार को श्री हनुमान मंदिर चौराहा बाबरपुर रोड फफूंद पर तृतीय सुंदर कांड का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दू युवा मोर्चा संघ ने कहा कि सभी लोग 2.30 से 3 बजे के बीच श्री हनुमान मंदिर चौराहा बाबरपुर रोड फफूंद पर उपस्थित हों। सुंदर कांड 3 बजे से प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

**प्रतियोगिता** | कक्षा 9 से 12 के बच्चों ने किया अपने विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन

# छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए विज्ञान मॉडल

कार्यालय संवाददाता, औरैया




प्रथम आने वाले छात्र को प्रशस्ति पत्र व उपहार देते डीआईओएस। अमृत विचार

- प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 के बच्चों ने किया अपने विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन

**अमृत विचार।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित जिला विज्ञान क्लब द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशन में एक जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जीजीआईसी दिबियापुर में किया गया। जिसमें जनपद के 83 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक व वित्त एवं लेखाधिकारी मौजूद रहे।

बुधवार को दिबियापुर स्थित जीजीआईसी में विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार मौर्य व वित्त एवं लेखाधिकारी रविशंकर कुमार ने मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में शिक्षा सोपान आईआईटी कानपुर से आए विशेषज्ञों द्वारा उत्कृष्ट विज्ञान मॉडलों का चयन किया गया। राधा कृष्ण इंटर कालेज के छात्र रक्षित कुमार का पेट्रोलियम गैस के उपयोग पर बनाये मॉडल प्रथम स्थान पर रहा। स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज सहार के हर्ष कुमार को द्वितीय व वैदिक इंटर कालेज के अमित कुमार तृतीय स्थान पर रहे। जीजीआईसी की शालिनी व तोमर रघुनाथ सिंह इंटर कालेज की कामिनी के मॉडल को सांत्वना पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। प्रथम स्थान पर चयनित को 5000, द्वितीय चयनित को 3000, तृतीय चयनित को 2000 तथा 1000 के दो सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 10 अन्य प्रतिभागियों के मॉडल भी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक जागरूकता उत्पन्न होती है। हम अगर अपनी सोच सकारात्मक रखेंगे तो हमारा भारत विकसित होगा। उन्होंने चयनित बच्चों को प्रशस्ति पत्र , पुरस्कार व सांत्वना राशि की चेक भेंट की। विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक मोहित सिंह ने बताया कि जनपद से चयनित 15 छात्र छात्राएं मंडल स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में वित्त एवं लेखाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई । उन्होंने कहा कि बच्चे वैज्ञानिक सोच बनाएं और देश के महापुरुषों की जीवनी पढ़कर प्रेरणा लें। इस मौके पर जिला समन्वयक मोहित सिंह, प्रधानाचार्या संध्या राजपूत, मनीष कुमार, रामेंद्र सिंह कुशवाहा ,अमित बाजपेयी, रंजीत कुमार, मुहीत सिद्दीकी, प्रीति त्रिपाठी, ज्ञान प्रकाश, विकास सक्सेना, कमलकांत पाल व गौरव यादव मौजूद रहे।

# बूथवार समीक्षा करते हुए मैपिंग का कार्य पूर्ण कराएं:डीएम

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- ऐसे बूथ जिनके कार्य में प्रगति कम पाई जाए उन पर सभी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए करें पूर्ण

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को पूर्ण किए जाने हेतु सभी संबंधित अपने-अपने बूथवार समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करें कि जिन बूथों पर प्रगति कम है उस पर टीम भावना के साथ कार्य करते हुए अवशेष कार्य पूर्ण कराएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने ये निर्देश जूम मीटिंग के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए संबंधितों को दिए। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये। उन्होंने कहा कि जिन बूथों पर प्रगति कम है उन पर संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ पहुंचकर कार्य को पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि मैपिंग के अवशेष कार्य को भी कल तक हर संभव प्रयास करते हुए पूर्ण कराएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शनिवार व रविवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अवशेष कार्य को पूर्ण कराने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। जिसमें कार्यक्रम में ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर समीक्षा करते हुए कार्य को पारदर्शिता के साथ पूर्ण कराएं और यह सुनिश्चित करें कि कोई कार्य अवशेष न रहने पाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उक्त कार्यक्रम के दौरान शिफ्टेड, डुप्लीकेट मतदाता तथा नवीन मतदाता बनाने हटाए जाने के संबंध में निर्धारित प्रपत्रों (फार्म 6, 7 व 8) की भी उपलब्धता सुनिश्चित करें जिससे संबंधित को उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने सीओ चकबंदी अधिकारी सूर्य नाथ यादव को निर्देश दिए कि कम प्रगति वाले बूथों पर लगातार मॉनिटरिंग करते हुए कल तक मैपिंग का कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण कराएं।


## कार्यालय नगर पंचायत सौरिख–कन्नौज।

पत्रांक:– 627/न0प0सौ0/2025–26स्वकर निर्धारण सार्वजनिक सूचना अन्तिम प्रकाशन/2025–26 दिनांक– 03.12.2025

**सार्वजनिक सूचना/अन्तिम प्रकाशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 शासन नगर अनुभाग–9 द्वारा जारी अधिसूचना सं0– 912/नौ–9–2024–85 ज/05 टीसी–01 लखनऊ दिनॉक– 28 जून 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनो के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 को अन्तिम रूप से प्रख्यापित कर दिया गया है। उक्त नियमावली के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत सौरिख की भौगोलिक सीमाओं में स्थित आवासीय भवनों या भूखण्डों पर सम्पत्ति कर के अरोपण हेतु वार्ड की अवस्थिति भवन के निर्माण की प्रकृति, मार्ग की चौड़ाई जिस पर स्थित है के कवर्ड एरिया प्रति वर्ग फिट किराए की न्यून्तम मासिक किराया दर को आवासीय सम्पत्तियों कर निर्धारण के निमित्त वार्षिक किराया मूल्य के निर्धारण हेतु भवन के कार्पेट एरिया (वास्तविक माप आधारित) अथवा कवर्ड एरिया 80 प्रतिशत कीप्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) या भूमि के प्रत्येक समूह के लिए प्रति इकाई क्षेत्रफल, न्यूनतम मासिक किराया दर को जन सामान्य के अवलोकनार्थ एंव वार्डवार आपत्तियां प्राप्त करने हेतु सार्वजनिक सूचना कार्यालय पत्र संख्या–374/सार्व0सू/2024–25 दिनॉक– 29.03.2025 द्वारा दैनिक समाचार पत्र , राष्ट्रीय सहारा, एंव दैनिक अमृत विचार, के दिनॉक–29.03.2025 में प्रकाशन कराया गया था जिसमें दैनिक अमृत विचार, में 05.04.2025 को प्रकाशन हुआ था। जिसकी समयावधि प्रकाशन की तिथि से 15 कार्य दिवस एंव आज तक किसी भी माध्यम से पंचायत मे कोई भी आपत्ति प्राप्त नही हुयी है।

अतः प्रकाशित न्यूनतम मासिक किराया दरों को निर्धारित करते हुये अन्तिम प्रकाशन किया जाता है । वार्डवार मासिक किराया प्रति वर्गफुट दरों की सूची निम्नवत् है।

| क्र0 | वार्ड क्र0 | 24 मी0 से अधिक चौडें मार्ग पर स्थित भवन | | | | 12 मी0 से 24 मी0 तक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | | | | 9 मी0से 12 मी0 तक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | | | | 9 मी0 तक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | पक्का भवन, RCC/RB छत सहित | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खुली भूमि/भूखण्ड | पक्का भवन, RCC/RB छत सहित | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खुली भूमि/भूखण्ड | पक्का भवन, RCC/RB छत सहित | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खुली भूमि/भूखण्ड | पक्का भवन, RCC/RB छत सहित | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खुली भूमि/भूखण्ड |
| 1 | 1–11 | 1.10 | 0.90 | 0.50 | 0.40 | 1.00 | 0.80 | 0.40 | 0.30 | 0.90 | 0.70 | 0.30 | 0.20 | 0.70 | 0.50 | 0.20 | 0.10 |

उपरोक्त मासिक किराया दरें आवसीय सम्पत्तियों हेतु निर्धारित है । अनवासीय सम्पत्तियों पर उपरोक्त अधिूसचना में दी गई अनुसूची में वर्णित वर्गीकरण के आधार पर गुणात्मक वृद्धि करतें हुये निर्धारित किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सौरिख कन्नौज।**

## न्यूज ब्रीफ

### अलाव तापने झुलसी महिला की थमी सांस

राठ। कस्बे के मियांपुरा निवासी आशीष सोनी की 24 वर्षीय पत्नी काजल की आग से जलकर मौत हो गई। पति का कहना है कि सोमवार को घर में अलाव तापते समय कपड़ों में आग लगने से वह झुलस गई थी। सीएचसी में इलाज के बाद उसे घर ले आए थे। मंगलवार की शाम हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लाए, जहां मृत घोषित कर दिया। आशीष ने बताया कि उनकी शादी नवंबर 2024 में हुई थी। इसी माह की 13 नवंबर को काजल ने एक पुत्री को जन्म दिया था। पुलिस उपाधीक्षक राजीव प्रताप सिंह ने कहा कि महिला की मौत आग तापते समय झुलसने से हुई है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि परिजन इस मामले में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

### ट्रैक्टर की टक्कर से वृद्ध गंभीर घायल

सुमेरपुर। रैपुरा गांव निवासी लल्लू प्रसाद दीक्षित स्कूटी से कस्बे से गांव जा रहे थे, तभी टेढ़ा के पहले नरहे बाबा के पास एक अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से वृद्ध सड़क किनारे स्कूटी सहित गिरकर लहूलुहान हो गया। घायल वृद्ध को एंबुलेंस से पीएचसी लाया गया। जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया।

### ई रिक्शा की टक्कर से शिक्षक घायल

सुमेरपुर। कस्बे की डालडा मिल के पास रहने वाले सोनू सिंह मुख्यालय में संचालित महर्षि विद्या मंदिर कॉलेज में शिक्षक हैं। बीती रात करीब 7:30 बजे यह बाइक लेकर किसी कार्य से नगर पंचायत कार्यालय के समीप गए थे। नेशनल हाईवे में बाइक मोड़ते समय तेज रफ्तार ई रिक्शा में बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और भाग निकला। इस घटना में शिक्षक की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है और वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

### दरोगा पर रुपये, चेन फोन छीनने का आरोप

मौदहा। कोतवाली क्षेत्र के कम्हरिया गांव के मोहम्मद शाहिद ने दरोगा दिशांत खोखर पर आरोप लगाते हुए बताया कि 1 दिसंबर को उसे और उसके साथियों को रोककर दरोगा ने तलाशी के नाम पर 15 हजार रुपये, मोबाइल फोन और चांदी की चेन छीन ली और थाने के हवालात में बंद कर दिया। दूसरे दिन बीएनएसएस की धारा 126, 135, 170 में चालान कर दिया। इस मामले को लेकर अधिकारी कुछ बोलने से बच रहे हैं। क्षेत्राधिकारी ने अनभिज्ञता जताई है, जबकि कोतवाली प्रभारी ने जानकारी कराने की बात कही है।

### बृजेश के बर्थडे पर वृद्धों को बांटे कंबल

राठ। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बृजेश गुप्ता के 45वें जन्मदिन पर व्यापारियों ने वृद्धाश्रम में वृद्धों को कंबल वितरित किए। बुजुर्गों ने जिलाध्यक्ष को आशीर्वाद दिया। चौपरा मंदिर में भी गरीबों को कंबल बांटे गए। इस दौरान वृद्धजनों के बीच केक काटा गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि करीब एक सैकड़ा कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के बुंदेलखंड प्रभारी ब्रजेंद्र सोनी भोले, जिला महासचिव कामेश गुप्ता, संगठन मंत्री मनोज गुप्ता अंकित मोटर्स, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र सोनी, नगर अध्यक्ष गिरीश बुधौलिया, नगर महामंत्री प्रशांत गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष नीरज गुप्ता, जिला मंत्री दीपक गुप्ता, अमन गुप्ता, बृजेंद्र गुप्ता ठाकुर बृजपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड के महानायक थे स्वामी ब्रह्मानंद उर्फ शिवदयाल

**जयंती पर विशेष**

सूरज साहू, राठ (हमीरपुर)

- गेरुआ वस्त्रधारी ब्रह्मानंद ने कभी हाथ से नहीं छुए रुपये
- अंधविश्वास, अशिक्षा व जातिगत भेदभाव का किया मुकाबला

**अमृत विचार।** महान संत, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक स्वामी ब्रह्मानंद जी का 130वां जन्मोत्सव उनके अतुलनीय योगदान को नमन करने और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश देता है। उन्होंने अपने जीवन में जो आदर्श स्थापित किए, वे आज भी मानवता के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ हैं।

स्वामी ब्रह्मानंद ने समाज की उन जड़ताओं को चुनौती दी, जो अंधविश्वास, अशिक्षा और जातिगत भेदभाव में जकड़ी हुई थीं। बुंदेलखंड जैसे पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाना और 1938 में ब्रह्मानंद विद्यालय की स्थापना करना उनकी दृष्टि और प्रतिबद्धता का परिचायक था। उनकी सोच समावेशी थीकृउन्होंने वंचितों, दलितों और महिलाओं को समान अधिकार दिलाने का अथक प्रयास किया। बुंदेलखंड मालवीय के नाम से प्रख्यात त्यागमूर्ति संत प्रवर स्वामी ब्रह्मानंद महाराज ने संसद में बुंदेलखंड की जो अलग पहचान दी वह अविस्मरणीय है। बुंदेली भाषा और आध्यात्मिक विचारधारा वाले इस महान संत ने स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाकर शिक्षा की ऐसी ज्योति जलाई कि उनकी किरणें देश और विदेश में आज भी कीर्तिमान हो रही हैं। जीवन भर पैसे को हाथ से न छूने वाले स्वामीजी आज भी बुंदेलियों के हृदय में प्रेरणा के रूप में विराजमान हैं। ब्रहमानंद जी का 130वां जन्मोत्सव ब्रहमानंद शिक्षा संस्थान में मनाया जा रहा है।



स्वामी ब्रह्मानंद महाराज।

### पिछड़े गांव से संसद तक किया सफर

- धर्म, कर्म और मर्म की विविधता से जीवन बिताने वाले स्वामी जी ने सरीला तहसील के अति पिछड़े गांव बरहरा से लेकर देश की संसद तक जो सफर तय किया है, वह अनुकरणीय है। 4 दिसंबर 1894 को माता यशोदा की कोख से जन्मे शिवदयाल लोधी के पिता मातादीन उर्फ लाडने ने उन्हें अधिकारी बनाने का सपना देखा था, मगर उन्होंने पिता की कल्पना से कहीं आगे निकल अपने गांव और बुंदेलखंड क्षेत्र का नाम रोशन किया।

### पत्नी-पुत्र का मोह त्याग बन गए संयासी

बाल्यावस्था में विवाह होने के बाद 23 वर्ष की आयु में शिवदयाल ने पुत्र और पत्नी का मोह त्याग गेरुए वस्त्र धारण कर संयास ग्रहण कर लिया। वह शिवदयाल से स्वामी ब्रहमानंद क्या बने उनके पीछे जमाना चल पड़ा। संयासी चोला पहन आध्यात्म से जुडने के बाद जब उन्होने देश की आजादी के लिए अपने तेबर दिखाये तो उनकी हुंकार से अंग्रेजी सरकार भी थर्रा उठी। महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, गणेश शंकर विद्यार्थी आदि नेताओं के संपर्क में आने के बाद उनसे कंधे से कंधा मिलाकर चले। 1932 में सविनय अविज्ञा आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन में उन्हें कारागार में रहना पड़ा। 1932 में रियासतों के मुक्त कराने में अहम भूमिका निभाई।

### गोहत्या के खिलाफ आंदोलन कर गए जेल

- देश की आजादी के बाद 1966 में गो हत्या के विरोध में आंदोलन में वह कई बार जेल गए। स्वामी ब्रह्मानंद ने बुंदेलखंड में शिक्षा की ज्योति जलाई। 1938 में उन्होंने ब्रह्मानंद विद्यालय की स्थापना कर 1960 में उसे महाविद्यालय का रूप दिया। 1967 से 1977 तक हमीरपुर से संसद सदस्य रहे। संसद में वह पहले गेरुआ वस्त्रधारी सांसद थे। श्रीमती इंदिरा गांधी और राष्ट्रपति वीवी गिरि के अति नजदीकी रहे। उनकी अपनी निजी की कोई संपत्ति नहीं थी। सन्यास ग्रहण करने के बाद उन्होंने द्रव्य कभी हाथ से नहीं छुआ। यहां तक कि उन्होने अपनी पेंशन तक छात्र छात्राओं के हितों के लिए दान में दे दी। समाज सुधारक तथा दलित उत्थान के लिए उन्होने अपना जीवन ही अर्पित कर दिया। इस राष्ट्र विचारक कवि और प्रखर वक्ता ने समाज और गौरक्षा के लिए अपना तन मन और धन निछावर कर दिया। वह कहा करते थे कि मेरी निजी की कोई संपत्ति नहीं है यह तो सब जनता जर्नादन की है। पंचायती राज पर आधारित न्यायपालिका एवं गरीबों के लिए रोजी रोटी के पक्षधर थे। ऐसे महान संत ने 13 सितम्बर 1984 को उन्होने इस संसार से विदा ले ली।



सम्मानित होने के बाद प्रधानाचार्य के साथ स्काउट छात्र। अमृत विचार

## स्काउट छात्रों का कालेज में सम्मान

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** भारत स्काउट्स और गाइड्स डायमंड जुबली 19 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी कार्यक्रम लखनऊ में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंची भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी स्काउट्स गाइड्स छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्हें सम्मानित किया था। जिसमे उत्तर प्रदेश के सभी स्कूल कॉलेजों से हजारों स्काउट्स बच्चों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में चित्रकूट मंडल से हमीरपुर जनपद के रहमानिया इंटर कालेज से लगभग एक दर्जन बच्चों ने स्काउट अध्यापक शोएब अहमद के नेतृत्व में प्रतिभाग किया था। उक्त कार्यक्रम 20 से 29 नवंबर तक चला। कार्यक्रम के समापन के बाद मंगलवार को रहमानिया इंटर कॉलेज पहुंचे स्काउट्स छात्रों एवं अध्यापक को प्रधानाचार्य ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया और सभी छात्रों को सम्मानित किया। इस दौरान मुशर्रफ कमाल, नजमुद्दीन, इरशाद सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

# 100 रुपये का विवाद निपटाने में पिटी पुलिस, पिस्टल भी छिनी

## पुलिस पर हमले में 19 लोगों पर नामजद मुकदमा, पिस्टल-कारतूस बरामद नहीं

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- हरौलीपुर चौकी इंचार्ज की ओर दर्ज कराई गई एफआईआर
- सभी आरोपी गांव से फरार, तेजी से तलाश में जुटी कुरारा पुलिस

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के उमराहट गांव के पुरवा में 100 रुपये के विवाद की शिकायत पर पुलिस मामला निपटाने पहुंची थी, जहां न सिर्फ सिपाही को रस्सी से बांधकर पीटा गया, बल्कि चौकी इंचार्ज की पिस्टल और 10 कारतूस भी छीन लिए गए थे, जो अभी तक बरामद नहीं हुए। पुलिस पर हमले और पिस्टल छीनने के मामले में हरौलीपुर चौकी इंचार्ज की तहरीर पर 19 नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।

हरौलीपुर चौकी इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद की ओर से दर्ज की गई एफआईआर में बताया गया है कि मंगलवार की शाम 7:30 बजे पीड़ित की शिकायत पर वह सिपाही आशीष मौर्य के साथ उमराहट गांव के पुरवा में आरोपी दुर्गेश के यहां जांच करने गए थे, जहां पुलिस और ग्रामीणों के बीच नोक-झोंक होने लगी। इसी बीच आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस के साथ मारपीट करने के बाद गालीगलौज करते हुए सिपाही आशीष मौर्य को रस्सी से बांधकर बंधक बना लिया और कुल्हाड़ी व नुकीले धारदार हथियार के साथ डंडों से मारपीट करने लगे। हमले में सिपाही आशीष मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपियों ने पिस्टल और 10 कारतूस भी छीन लिया। हरौलीपुर चौकी इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दुर्गा, धर्मपाल, उजेल, सुरेश, दुर्गेश, लक्ष्मी, महेंद्र, राकेश, रामगोपाल, धर्म सिंह, भूरा, हीरा, रामसेवक, राजकिशोर, मलखान, प्रहलाद, रामकरण, रामबाबू, रामप्रकाश व अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### दो आरोपी पुलिस की मुठभेड़ में गिरफ्तार

पुलिस टीम पर हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। दोनों के पैर में गोली लगी है। इनके पास दो तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बुधवार देर शाम पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मनकी रोड पर बभनपुर मोड़ के पास राजकिशोर निषाद व महेन्द्र निषाद की घेराबंदी की। आरोपियों के फायरिंग करने पर पुलिस ने दोनों के पैर में गोली मारी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर सीएचसी में भर्ती कराया है।

### दो साल पहले भी पुलिस पर चलाए थे पत्थर

सिपाही को बांधकर पीटने वालों ने करीब दो वर्ष पूर्व पुलिस पर ईट-पत्थर चलाए थे। मारपीट का मुकदमा अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है। बताते हैं कि दुर्गेश, धर्मवीर आदि ने करीब पांच वर्ष पूर्व छिद्दू निषाद पर हमला किया था।

# संदिग्ध हालात में महिला का लटका मिला शव, पति पर हत्या का आरोप

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के कांशीराम कॉलोनी के पास एक महिला का फंदे पर शव लटका मिला। मायके पक्ष ने पति पर उत्पीड़न एवं मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है।

कांशीराम कॉलोनी के पास रहने वाली सुधा (22) का शव लटका मिला। बांदा जनपद के मटौंध थाने के अछरौड़ निवासी सुधा के पिता प्रेम नारायण साहू ने बताया कि दो साल पहले सुधा की शादी खिरिया निवासी अखिलेश साहू के साथ की थी। अखिलेश उसे लेकर कस्बे में रहने लगा था। आरोप लगाया कि दामाद शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज के रूप में एक लाख रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगा था। अखिलेश ने ही सुधा को फांसी लगाकर हत्या की है। तीन माह की पुत्री है। कोतवाल राकेश कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### फंदे पर लटका अधेड़ का शव, हत्या का आरोप

राठ। मझगवां थाने के नौरंगा गांव में एक अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। नौरंगा गांव निवासी माधव सिंह (45) पुत्र निरपत सिंह का शव उनके घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि घटना के समय माधव सिंह की पत्नी माया कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव में एक कुआं पूजन कार्यक्रम में शामिल होने गई हुई थीं। माधव सिंह की मौत को लेकर अलग अलग दावे किए जा रहे हैं। मृतक की पत्नी माया के चचेरे भाई संदीप ने आरोप लगाया है कि माधव सिंह की हत्या झगड़े और विवाद के कारण की गई है। वहीं मृतक के पिता निरपत सिंह का कहना है कि उनके पुत्र माधव सिंह ने शराब के नशे में धुत होकर स्वयं फांसी लगाकर अपनी जान दी है। थानाध्यक्ष मझगवां ने बताया शव का पोस्टमार्टम करा कार्रवाई की जा रही है।



माधव सिंह।

# खेलकूद संग सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस पर राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें ऑपरेशन सिंदूर से प्रभावित एक नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतीकरण लोगों के ध्यानाकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा।

नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने ध्वजारोहण कर शुभारम्भ किया। कस्तूरबा गांधी कुरारा के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में मुस्करा की गौरी ने प्रथम, भिलावां की अंशुल ने द्वितीय और सरसई की नव्या ने तृतीय स्थान पाया। बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बिवांर के विनायक ने प्रथम, सुमेरपुर के अंशुल ने द्वितीय एवं ब्रह्मा का डेरा के बालेन्द्र ने तृतीय स्थान पाया। सुलेख में पतारा के बेटू ने प्रथम, महेरा के दीपक ने द्वितीय और कीरतपुर के लवकुश ने तृतीय स्थान पाया। चित्रकला में राठ के इनामा ने प्रथम, परछा सरीला के विवेक ने द्वितीय और कीरतपुर के कार्तिक ने तृतीय स्थान पाया। कुर्सी दौड़ में परछा के नितिन ने प्रथम, अनु. बस्ती के गौरी ने द्वितीय और सुमेरपुर के कार्तिक को तृतीय स्थान मिला। छूकर पहचानो प्रतियोगिता में कुरारा की प्रियांशी ने प्रथम, कांशीराम कुरारा के मोहन ने द्वितीय, चंदौखी के सोनू ने तृतीय स्थान पाया। वहीं गायन प्रतियोगिता में मवई जार के सलवर ने प्रथम, चंदौखी के सोनू ने द्वितीय व भिलावां की प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

**खूब लड़ी मर्दानी** | स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के जन्मोत्सव पर दंगल का समापन, दर्शकों की उमड़ी भीड़

# महिला पहलवानों ने दिखाए रोमांचक दांव

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड मालवीय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी त्यागमूर्ति स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के 131वें जन्मोत्सव पर दो दिवसीय दंगल का समापन हो गया। आखिरी दिन दंगल में तीन दर्जन से अधिक कुश्तियां लड़ी गईं। दंगल देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ रही।

दंगल का शुभारंभ ब्रह्मानंद प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ.इंद्रपाल सिंह एवं प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने स्वामी ब्रह्मानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने दंगल का पूजन कर पहलवानों के आपस में हाथ मिलवा दंगल का शुभारंभ कराया। दंगल में पहली कुश्ती हमीरपुर के संगम और राजू कानपुर के बीच हुई। राजू ने संगम को कड़ी मशक्कत के बाद चित कर दिया। इसी तरह से मोहित महोबा ने देव बरेली, भूपेंद्र मथुरा ने श्याम सुंदर बनारस, शिवा एटा ने विवेक हरियाणा को पटकनी दी। दंगल में सोनू बरेली को नजाकत अली बांदा ने हराया। पुष्कर सिंह फतेहपुर को चीता लुधियाना पंजाब ने जोरदार पटकनी दी। जिसे देखकर दर्शक खड़े होने पर मजबूर हो गए। बाबा बजरंगी अयोध्या और राणा मुजफ्फरनगर के बीच हुई कुश्ती में बाबा बजरंगी ने जीत दर्ज की। यह कुश्ती बहुत ही रोमांचक रही। महेंद्र महोबा ने समीर हाथरस को हराया। अनुज दिल्ली ने अंशुल बांदा को चित कर दिया।

दंगल में महिला पहलवानों के बीच हुई कुश्ती रोमांचक रही। झांसी की सौम्या ने हनी हाथरस और अंजलि दिल्ली ने रेनू कानपुर को चारो खाने चित किया। अन्नू हरियाणा ने कोमल मथुरा को जोर दार पटकनी दी। दंगल का संचालन डॉ.वरुण कुमार और आरके मिश्रा ने किया। इस मौके पर गोपीराम राजपूत एड. समेत डा.नरेश कुमार सिंह, डॉ.वरुण कुमार सिंह, डा.एसजी राजपूत, डॉ.शैलेंद्र कुमार, डा.एएन शुक्ला, डा.जितेंद्र सिंह, डा.आरबी शर्मा मीडिया प्रभारी, डा.अरुण कुमार, धर्मपाल, घनश्याम सिंह, जितेंद्र सिंह, गोबिंद सिंह, वीरेंद्र कोष्ठा, राजकुमार, राम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कैलाश चंद, राजेश चौरसिया, भूपेंद्र सिंह, वीरेंद्र राजपूत, ब्रजेश राजपूत, मुकेश कुमार, मनीष कुमार, नंदराम आदि लोग मौजूद रहे।



दंगल में महिला पहलवानों ने कुश्ती के बेहतरीन दांव दिखाए। अमृत विचार


स्वामीजी अमर रहें




बुंदेलखंड मालवीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी त्यागमूर्ति संतप्रवर पूज्य स्वामी ब्रह्मानंद महाराज जी का 131वां जन्मोत्सव समारोह

दिनांक :- 4 दिसम्बर 2025, सुबह 11 बजे
समाधि स्थल पर संपन्न होगा

स्वामीजी के सभी भक्तों एवं गणमान्य नागरिकों से अनुरोध है कि पुष्पांजलि, श्रृद्धांजलि सभा में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।


प्रो0 सुरेंद्र सिंह
प्राचार्य


डा. कमलेश कुमार सक्सेना
सचिव


डा. इंद्रपाल सिंह
अध्यक्ष

कार्यक्रम स्थल
ब्रह्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय
राठ (हमीरपुर)

## न्यूज ब्रीफ

### कालेज में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जिले के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों ने अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसके तहत थाना खरेला पुलिस टीम ने गोकुल प्रसाद बालिका इण्टर कॉलेज में जाकर बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज 5 .0 अभियान तथा साइबर अपराधों के संबंध में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम दौरान बालिकाओं को महिला संबंधित समस्याओं, अपराधों के निस्तारण के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई साथ ही उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरा वूमेन पॉवर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098 आदि की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में बालिकाओं को गुड टचबैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में समझाया गया। इसके अतिरिक्त शासन की चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए गए।

### एसपी ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने जनपद वासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई दौरान एसपी ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए जिससे आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान 5 .0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के सम्बंध में जानकारी दी साथ ही निडर होकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया गया।

### दावे व आत्तियां लगाने की तिथि 30 दिसम्बर

**महोबा।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विमल कुमार दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के इलाहाबाद झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की नामावलियां को तैयार करने के लिए 1 नवम्बर तक तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए थे, जिसमें 30 दिसम्बर तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा और अनुपूरक सूची तैयार और मुद्रित की जाएगी तथा 6 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बताया कि निर्वाचक नामवली के रजिस्ट्रीकृत किए जाने के हकदार प्रत्येक व्यक्ति से यह अपेक्षा की जा रही है कि अपनानाम सम्मिलित किए जाने के लिए कोई दावा या किसी नाम के सम्मिलित किए जाने के लिए कोई आक्षेप किया जाता है या किसी प्रवृष्टि के बावत कोई आपेक्षा हो तो 16 दिसम्बर 2025 तक निर्वाचक रिजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय झांसी एवं संबन्धित जिला निर्वाचन कार्यालयों में परिदत्त कर दें।

# सज-संवरकर किन्नरों ने मचाई धूम

कार्यालय संवाददाता महोबा

- सोने के तराजू में खिचड़ी तुलाई के साथ शुरू हुआ किन्नर सम्मेलन
- चरखारी में आयोजित सम्मेलन में देश भर से जुटे किन्नर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय किन्नर सम्मेलन के तीसरे दिन बुधवार को खिचड़ी तुलाई के साथ सम्मेलन की औपचारिक शुरुआत हुई। नए रिश्तों की शुरुआत के प्रतीक के रूप में खिचड़ी कार्यक्रम के साथ ही गीत-संगीत के साथ नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मेलन का मुख्य आकर्षण रहे। सम्मेलन में किन्नरों ने सज-संवर कर भाग लिया।

बुन्देलखण्ड का कश्मीर कहे जाने वाले चरखारी में दूसरी बार आयोजित अखिल भारतीय किन्नर सम्मेलन की शुरुआत एक दिसम्बर को किन्नरों के आगमन के साथ हुई थी। दूसरे दिन परिचय सम्मेलन के बाद बुधवार को औपचारिक शुरुआत के लिए सोने के तराजू में खिचड़ी तुलाई की रस्म अदा की गई। किन्नर सम्मेलन में खिचड़ी कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण और पारंपरिक रस्म है, जो सम्मेलन की शुरुआत के साथ होती है।

इसमें मूंग और चावल की तुलाई होती है, जिसे बाद में कुलदेवी को भोग लगाया जाता है। कुलदेवी को भोग लगाने के बाद सम्मेलन में नृत्य, संगीत और अन्य सांस्कृतिक आयोजित किए गए। सम्मेलन के संयोजक किन्नर जीनत ने बताया कि इस रस्म को नए रिश्तों की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। यह भाई बहन या मां मौसी जैसे नए रिश्ते बनाने के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह कार्यक्रम किन्नरों के सदस्यों को एक साथ लाता है और वे अपनी परम्पराओं व संस्कृति का प्रदर्शन करते हैं।


सोने के तराजू में खिचड़ी की तुलाई करते किन्नर। अमृत विचार

सह संयोजक रमेश किन्नर ने बताया कि बुधवार को खिचड़ी की रस्म पूरी की गई। उन्होंने बताया कि किन्नरों का परिवार से सारे रिश्ते-नाते टूट जाते हैं और किन्नर ही उनके रिश्तदार होते हैं। सम्मेलन इन रिश्तों को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने का काम करता है। मंगलवार की शाम कुछ किन्नरों के आपसी मतभेद सम्मेलन में रखे गए, जिनका निस्तारण कर नए रिश्तों के साथ सुखमय जीवन व्यतीत करने की शपथ दिलाई गई। खिचड़ी तुलाई के बाद तैयार खिचड़ी किन्नरों को प्रसाद के रूप में बांटी गई। भोजन के बाद कार्यक्रमों में देश भर से आए किन्नरों ने अपनी नृत्यकला व क्षेत्र की संस्कृति का मुजाहिरा पेश किया।

# बीएलओ के सहायक का मिला शव

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) फार्म भरवाने में जुटे एक शिक्षामित्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। शिक्षामित्र का शव एक कुए में पाया गया। मृतक के परिजनों ने एसआईआर कार्य के बोझ के कारण आत्महत्या की आशंका जताई है। हालांकि प्रशासन ने इससे इंकार करते हुए बताया कि शिक्षामित्र सिर्फ बीएलओ के सहयोग के लिए लगाए गए थे और उन पर किसी भी तरह का दबाव नहीं था, बल्कि बूथ संख्या 31 पूर्व माध्यमिक विद्यालय पवा की टीम का बेहतर कार्य चल रहा है, 73 फीसदी से ज्यादा वहां का कार्य हो चुका है।

डीएम ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की महत्वता और समय से कार्य पूर्ण करने के उद्देश्य से बूथ संख्या 31 पूर्व माध्यमिक विद्यालय पवा में बीएलओ के अलावा अन्य फील्ड स्टाफ रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, सचिव आंगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा बहन, शिक्षमित्र, कोटेदार और लेखपालों को सहयोग के लिए निर्देशित किया गया था। शंकरलाल पवा के विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत् थे जो विशेष गहन पुनरीक्षण में प्रत्यक्ष रुप से कोई कार्य नहीं कर रहे थे, उन्हें सिर्फ सहयोग के लिए लगाया गया था। वहां पर बीएलओ ब्रजेंद्र सिंह थे और शंकरलाल राजपूत फील्ड टीम का हिस्सा थे।


कुएं में शव बरामद होने के बाद गांव में लगी भीड़। अमृत विचार

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने बताया कि बीएलओ ब्रजेंद्र सिंह ने 1344 मतदाताओं के सापेक्ष 909 फार्मों का डिजीटाइजेशन और 75 मतदाताओं को अनकलेक्टेबल डिजीटाइजेशन किया, इस तरह 984 मतदाताओं का डिजीटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पवा के प्राथमिक विद्यालय में शंकरलाल शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत थे, जिन्हें बीएलओ के सहयोग के लिए लगाया गया था, इसलिए शिक्षामित्र पर कोई दबाव नहीं था, क्योंकि वह प्रत्यक्ष रुप से बीएलओ का कार्य नहीं कर रहे थे। उन्हें लोगों को कैसे फार्म भरना है, इसके लिए लगाया गया था। पवा गांव में किसी पर भी कोई कार्रवाई की सूचना भी नहीं मिली है, जिससे कि पता चले वहां की बीएलओ टीम दबाव में काम कर रही थी। डीएम ने बताया कि शिक्षामित्र का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति और स्पष्ट हो जाएगी।

# डीएपी के बाद अब यूरिया खाद को लेकर मारामारी

## महंगे दाम में यूरिया की बिक्री से गुस्सा, आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

- जुताई-बुवाई के बाद छिड़काव के लिए नहीं मिल रही यूरिया
- बुंदेलखंड किसान यूनियन ने यूरिया संकट पर उठाई आवाज

**अमृत विचार।** डीएपी खाद के बाद अब सहकारी समितियों में यूरिया खाद को लेकर मारामारी मचने लगी है। खेतों में जुताई-बुवाई के बाद अब फसल में छिड़काव के लिए यूरिया खाद नहीं मिलने से परेशान किसान बाजार में दोगुनी कीमत पर यूरिया खाद खरीद रहे हैं, इससे किसानों को अधिक पैसा खर्च करना पड़ रहा है। बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव अखिलेश रावत ने किसानों का शोषण बंद न होने पर धरना प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी है।

जैतपुर की सहकारी समिति, सहकारी संघ तथा पीसीएफ में पांच दिन से यूरिया खाद नहीं आई, जिससे खेतों में सिंचाई होने के बाद समय पर यूरिया खाद का छिड़काव न हो पाने से किसान परेशान है और प्राइवेट खाद की दुकानों से यूरिया खरीद रहे है। जैतपुर के चंदन सिंह यादव, घुसिया के धरमपाल, रामलाल और खंदियापुरा के तुलाराम, धर्मेंद्र कुमार, पंचमलाल रैकवार, मोतीलाल, सुरेश कुमार का कहना है कि सरकारी रेट 265 रुपये 50 पैसे है, जबकि प्राइवेट दुकानों से 450 से 500 रुपये तक यूरिया बेची जा रही है। प्राइवेट दुकानदार दो गुना दाम ले रहे है, इससे किसानों में खासा आक्रोश है। बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि प्राइवेट खाद विक्रेता मनमाने रेट पर यूरिया बेच रहे हैं। इसकी शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिला कृषि अधिकारी को भी इस बावत अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे खाद विक्रेताओं को दुकानदार धड़ल्ले से दो गुनी कीमत पर यूरिया खाद बेच रहे हैं और खुलेआम कालाबाजारी कर रहे हैं। किसानों ने कालाबाजारी पर अंकुश लगाने की मांग की है।



यूरिया न आने से समिति में लटका ताला।

# छात्र-छात्राओं को अधिकारों से रूबरू कराया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राम नगीना यादव के आदेशानुसार बुधवार को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मल्टी स्टोरी विद्यालय, काशीराम कालोनी में विधिक जागरूगता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वय अधिकारी शशांक सचान, पराविधिक स्वयं सेवक विश्वनाथ त्रिपाठी, प्रधानाचार्य, अध्यापकगण व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पराविधिक स्वयंसेवक विपिन रूसिया ने किया।

विधिक जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओ व उपस्थित अभिभावकों को उनके अधिकार एवं मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा, बाल विवाह से सम्बनिधित अधिकारों के बारे में बताते हुए विश्व दिव्यांग दिवस के बारे मे जानकारी दी गयी। पराविधिक स्वयं सेवा विश्वनाथ त्रिपाठ ने विश्व दिव्यांग दिवस के बारे में बताया गया कि विश्व दिव्यांग दिवस,



जागरुकता कार्यक्रम में जानकारी देते वक्ता। अमृत विचार

- दिव्यांग दिवस पर मल्टी स्टोरी विद्यालय में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

की शुरूआत यूनाइटेड नेशन्स ने जनरल असेम्बली रेजोल्यूशन के माध्यम से 1992 में की गयी थी। जिसके फलस्वरूप 03 दिसम्बर को प्रत्येक वर्ष विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। यह दिन समाज और विकास के सभी क्षेत्रो मे दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारां और कल्याण को बढ़ावा देने और राजनैतिक, सामाजिक, आार्थिक तथा सास्कृतिक जीवन के हर पहलू मे दिव्यांग व्यक्तियों की स्थिति के बारे मे जागरूकता बढ़ाने के लिये मनाया जाता है। विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर पराविधिक स्वयं सेवकों व गैर सरकारी संगठनों ने अपने अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। उन्होंने दिव्यांगजन व सामान्य जन को उनके अधिकारों से अवगत कराया साथ ही उनहोने सरकार की ओर से दिव्यांगजन के सहायतार्थ चल रही योजना के बारे में जानकारी देते हुए संविधान के अनुच्छेद 14 मे समानता के अधिकार से भी रुबरू कराया।

### दिव्यांगजनों को दी गई कानूनी जानकारी

चरखारी तहसील सभागार में दिव्यांग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर विधिक साक्षरता कानून के जानकारों ने दिव्यांगों से संबंधित समस्याओं और उनके निराकरण की जानकारी दिव्यांगजनों सहित मौजूद लोगों को दी। अध्यक्षता कर रहे नायब तहसीलदार हेमकांत त्रिपाठी ने कहा कि हर व्यक्तियों को सरल कानूनी जानकारी होना चाहिए सभी लोगों को सस्ता एवं समय से न्याय मिल सकें। उन्होने कहा कि कानून की जानकारी में आज भी हमारे बीच के दिव्यांगजनों को समुचित जानकारी के अभाव में उचित न्याय व सरकार की योजनाओं की जानकारी व लाभ नहीं मिल पाता है जबकि शासन द्वारा उनके उद्धार व सहायता के लिए समुचित उपायों की प्राविधान किया है तथा दिव्यगजन को सरकारी लाभ, योजनाओं की जानकारी एवं निशुल्क विधिक सहायता से अवगत कराया। उन्होने कहा कि दिव्यांगजन एक प्रार्थना पत्र देकर पैरवी के लिए अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं। यहां लोकहित संस्थान अध्यक्ष मुहम्मद शफीक एडवोकेट, रजिस्ट्रार कानूनगो हर प्रसाद, लेखपाल संघ अध्यक्ष उमेश सोनकर, मयंक आजाद चौधरी अमित कुमार, दिनेश कुमार, राजू विश्वकर्मा, आदि मौजूद रहे।

# कार्रवाई के बाद एसआईआर में आई तेजी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण को लेकर जिले में कार्य तेजी से चल रहा है। हालत यह है कि एसआईआर फार्म भरने को लेकर जिला प्रशासन भी खासा गंभीर है। यही वजह है कि बीएलओ का शत प्रतिशत कार्य जल्द से जल्द कराने के लिए बीएलओ के सहायकों की संख्या बढ़ा दी गई हैं साथ ही बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रति देखने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई, जो प्रतिदिन बूथ पर जाकर कार्य की प्रगति रिपोर्ट देख रहे हैं।

जिले में इस समय एसआईआर फार्म भरने के कारण को सबसे ज्यादा तवज्जो दी जा रही है, इसमे ढिलाई बरतने वाले बीएलओ और सहायकों पर कार्रवाई भी की जा रही है। एसआईआर कार्य में रुचि न लेने वाले 27 पंचायत सहायकों को एक सप्ताह पहले नोटिश जारी कर जवाब तलब किया गया था। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से बीएलओ और उनके सहायकों में जहां हड़कंप मच गया वहीं कार्य में और अधिक तेजी देखने को मिल रही है। अब बीएलओ दिन में आनलाइन कार्य करने के बाद शाम को घर घर जाकर फार्म एकत्र करने के साथ साथ फार्म भी भरा रहे हैं, जिससे इस समय बीएलओ को दिन रात काम करना पड़ रहा है।

2003 की मतदाता सूची में नाम न होने वाले मतदाता सबसे ज्यादा परेशान है। ऐसे मतदाता अब निवास प्रमाण पत्र बनवाने और जन्म व जाति प्रमाण पत्र बनवाने के अलावा अन्य प्रपत्र तैयार कराने में जुटे हुए है। वहीं तमाम लोग नगर पालिका, अस्पताल और कैफो के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन निवास प्रमाप पत्र बनवाने के लिए भी किसी के पास वोटर आईडी नहीं है तो किसी के पास अस्पताल में बच्चो का जन्म कब हुआ तिथि याद नहीं है, इसे लेकर वह खासा परेशान घूम रहे हैं। एसआईआर फार्म भरना अब तमाम लोगों के लिए चुनौती बन गया है।

### फोटोकापी और स्टूडियो संचालकों की बल्ले-बल्ले

- एसआईआर फार्म भरने का काम शुरू होने से फोटोकापी और फोटो स्टूडियो संचालकों की बल्ले बल्ले हो गई है। सुबह से शाम तक इनकी दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है। हाथ पर हाथ धरे बैठे रहने वाले फोटोकापी संचालकों की दुकाने भी अब खूब चल रही है। इतना ही नहीं एसआईआर फार्म भरवाने के लिए बनाए गए बूथों के सामने भी तमाम लोग प्रिंटर खरीदकर फोटोकापी करके खूब कमाई कर रहे है। गांव गांव में भी अब बूथों के पास प्रिंटर रखे दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीण भी दूर दराज भागने के बजाय गांव में ही ज्यादा पैसे देखकर फोटोकापी कराकर काम चला रहे हैं।

# मां-बेटी को लाठी-डंडों से पीटा

- छेड़छाड़ के विरोध में किया हमला भवानी सेना ने किया प्रदर्शन

**महोबा।** छेड़खानी के विरोध पर शोहदों ने मां-बेटी को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और जांच शुरू करने के बाद एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के नयापुरा नैकाना में घटित हुई।

पीड़िता ने बताया कि उसकी बेटी सहेलियों के साथ कोचिंग से लौट रही थी, तभी इलाके के आकाश अपने साथियों पंकज, अनी, हिमांशु और बल्लू के साथ रास्ता रोककर छेड़छाड़ करने लगे। अश्लील टिप्पणी के साथ मोबाइल से उनकी फोटो भी खींचीं। छात्राओं ने रात में ही कोतवाली में शिकायत की थी। शादी से लौटने के बाद वह बेटी को लेकर आरोपी पंकज के घर पहुंचीं तो वह बौखला गया और डंडे से हमला कर दिया। बचाने में बेटी को भी पीटा। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही भवानी सेना के कार्यकर्ता पहुंचे और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तार की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। भवानी सेना की नीतू ने कहा अक्सर छात्राओं के साथ छेड़खानी की घटनाएं होती हैं, लेकिन पुलिस की निष्क्रियता से शोहदों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस का कहना है कि एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।


## कार्यालय : नगर पंचायत, तालग्राम-कन्नौज

पत्रांक : 257/ न0पं0ता0/(2025–26)/ दिनांक 03/12/2025

**(अतिअल्पकालीन निविदा सूचना)**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/जलौनी लकड़ी बिक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत निम्न विवरण के अनुसार जलौनी लकड़ी क्रय कराना चाहती है जिसके लिये दिनांक 09.12.2025 के अपरान्ह 2 बजे कार्यालय नगर पंचायत में निविदा आमन्त्रित करती है, प्राप्त निविदाओं को अध्यक्ष महोदय द्वारा उसी दिन कार्यालय नगर पंचायत में अपरान्ह 3 बजे खोली जावेगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में मालूम की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | आपूर्ति विवरण | देय दर प्रति कुन्तल | 2% अर्नेस्ट मनी | टेन्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जलौनी लकड़ी | 700.00 | 10,000.00 | 500.00 |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद कन्नौज


जाम के हालात

## वाहनों की संख्या तो पचास गुना से अधिक बढ़ गई, लेकिन नहीं बनीं नईं सड़कें

# 50 साल पुरानी सड़कों पर दौड़ रहे वाहन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में जहां एक तरफ वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ सड़कों पर चौड़ीकरण न होने और नई सड़कों का निर्माण न कराए जाने से वर्षों पुरानी चंद सड़कों पर भी अब पचास गुना वाहन बढ़ गए हैं, जिससे सकरी सड़कों पर सारा दिन वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। इससे शहर के हर मार्ग पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। यहां तक कि अब वाहन पर चलना तो दूर पैदल निकलना मुश्किल हो जाता है। स्थिति यह है कि वाहनों की अधिक संख्या बढ़ने के कारण जाम में अक्सर एम्बुलेंस तक फंस जाती है।

गौरतलब है कि शहर में पचास साल पहले बनी आल्हा चौक से डिग्री कालेज रोड, आजाद चौक से छतरपुर रोड, डीएम बंगला से पुलिस चौकी रोड और सुभाष चौक से बजरिया तक तहसील चौराहा से पीडब्ल्यूडी तिराहा तक जब सड़कों का निर्माण हुआ था उस समय शहर में बमुश्किल एक दर्जन चार पहिया वाहन और आधा सैकड़ा से कम दो पहिया वाहन हुआ करते थे, जो उक्त सड़कों पर आराम से चलते थे। इतना ही नहीं इन रोड़ों पर काफी सन्नाटा भी रहता था। शाम से ही लोग घरों में कैद हो जाते थे, लेकिन बदलते वक्त के साथ बहुत कुछ बदल गया है। अब मौजूदा समय में उन्हीं पचास साल पुरानी सड़कों पर तीस हजार से ज्यादा दो पहिया वाहन और 15 हजार से ज्यादा चार पहिया और तीन पहिया वाहन दौड़ रहे हैं। इसके अलावा हजारों की संख्या में ट्रैक्टरों और बड़े वाहनों की भागदौड़ मची रहती है।


पुरानी सड़क पर दौड़ते वाहन। अमृत विचार

पचास साल में वाहनों की संख्या तो 50 गुना से अधिक बढ़ गई है, लेकिन सड़कों की संख्या डेढ़ गुना भी नहीं बढ़ी जिससे शहर की हर सड़क वाहनों से भरी नजर आती है। कभी ईरिक्शा और चार पहिया वाहन चलने से जाम की स्थिति पैदा हो जाती है तो कभी टेंपो और दो पहिया वाहनों के सड़कों पर दौड़ने से आवागमन प्रभावित होता है, जिसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ता है। एआ्रटीओ दयाशंकर का कहना है कि वाहनों की संख्या काफी बढी है फिर भी समय समय पर चेकिंग की जाती है जिससे कुछ समय के लिए सड़कों पर वाहनों की रफ्तार कम हो जाती है और लोगों को राहत मिलती है।

### थाने में बैरक और मेस का देखा हाल

**पनवाड़ी।** कुलपहाड़ क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड ने बुधवार को पनवाड़ी थाने का निरीक्षण किया। थाना भवन, आवासीय भवन, बैरक, मेस तथा परिसर का अवलोकन कर स्वच्छता एवं व्यवस्था सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

सीओ ने अभिलेखों को सही ढंग से रखने, वर्षवार ई-मालखाना तैयार करने तथा निष्प्रयोज्य एवं निस्तारित मालों का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शस्त्रों की साफ सफाई, एक्सपायरी हथगोले जमा करने के निर्देश दिए। अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध पुस्तिका को व्यवस्थित तरीके से रखने के साथ ही दैनिक पैदल गश्त एवं चेकिंग को नियमित रूप से प्रभावी ढंग से संचालित करने, संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### राजेंद्र बने ट्रेड यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष


राजेंद्र नामदेव।

चित्रकूट। समाजसेवी राजेंद्र नामदेव मैहर को भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल का प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति ने हर्ष जताया। समिति अध्यक्ष अशोक नामदेव, प्रबंधक राकेश नामदेव ने बताया कि राजेंद्र की नामदेव समाज एवं अन्य जाति वर्ग के लोगों के बीच अच्छी खासी पकड़ मानी जाती है। इस मौके पर धर्मशाला के महंत सर्वेशानंद, खंगार समाज धर्मशाला के अध्यक्ष भोलानाथ खंगार, कुलदीप नामदेव, हरीशंकर, राजेश्वर, विनोद, मनोज नामदेव आदि ने बधाई दी।

### विद्यालयों को फर्नीचर उपलब्ध कराए

चित्रकूट। पहाड़ी और मऊ में संचालित दो उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्राओं के लिए नए फर्नीचर उपलब्ध कराने के लिए धनराशि आवंटन की जा चुकी है। विभाग द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी की अनुमति से इन विद्यालयों में नवीन फर्नीचर सामग्री की आपूर्ति की गई है। इससे लगभग 200 छात्राएं लाभांन्वित होंगी।

### वार्ड में बच्चों का किया गया टीकाकरण

चित्रकूट। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी ने बताया कि महाटीकाकरण अभियान के तहत दिन बुधवार को बल्दाऊगंज वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण सत्र का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सभासद लवकुश यादव ने किया। बताया कि टीका उत्सव अभियान के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण से छूटे हुए पांच वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण कार्ययोजना तैयार कर कराया जाएगा। डा, जीआर रतमेले, रूपनरायण यादव, नरोत्तम सिंह, गर्व तिवारी, डा. श्याम, दिलीप द्विवेदी, धीरेंद्र प्रताप सिंह रहे।

### एएसपी ने राजापुर में की गश्त, चेकिंग

राजापुर। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने प्रभारी निरीक्षक लाखन सिंह व पुलिसकर्मियों के साथ कस्बे में गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास कराया।

अतिक्रमण को हटवाया तथा शराब की दुकानों, होटल/ढाबों एवं वाहनों की चेकिंग की।

### बाढ़ पीड़ितों को दिया मुआवजा

चित्रकूट। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि जिले में अनुदान की धनराशि दी जा चुकी है। बताया कि वर्ष 2025-26 में बाढ़ प्रभावितों को तहसील कर्वी में दो जनहानि का आठ लाख तथा 40 आंशिक मकान क्षति के लिए 1.60 लाख मुआवजा दिया गया है। तहसील राजापुर के 326 कृषकों एवं तहसील मऊ के 870 कृषकों को कुल 43,74,663 रुपये बैंक खाते में ई-कुबेर के माध्यम से भेजी गई है। उन्होंने बताया कि इसके साथ तहसील मऊ के बाढ़ प्रभावित 122 किसानों को 7,08,108 रुपये कृषि निवेश अनुदान उनके बैंक खाते में ई-कुबेर के माध्यम से अंतरण किए जाने के लिए स्वीकृति दी गई है। इस संबंध में राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कागजातों को तुरंत सत्यापित करें।


अस्पताल पहुंचकर किसान का हालचाल लेते सीओ मऊ फहद अली।


पुलिस की मौजूदगी में खाद वितरण को लगाई गई लाइन। अमृत विचार

# डीएपी न मिलने पर किसान ने की जान देने की कोशिश, मचा हड़कंप

## आसपास मौजूद किसानों ने बचाया, पूरबपताई का मामला, स्वास्थ्य केंद्र पर कराया भर्ती

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** खाद की पर्याप्त उपलब्धता के दावों के बीच बुधवार को एक सहकारी समिति में उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक किसान ने अंगौछे का फंदा बनाकर गेट से लटककर फांसी लगाने की कोशिश की। आसपास मौजूद किसानों ने उसे बचाया।

सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसकी हालत ठीक बताई गई। बुधवार को सहकारी समिति पूरबपताई में डीएपी वितरण का टोकन बंट जाने के बाद भी खाद न बांटने से किसान आक्रोशित हो गए। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक समिति का ताला भी नहीं खुला था। समिति सचिव एवं कर्मचारी गायब थे। उधर, इसी अफरातफरी के बीच पिछले कई दिनों से खाद न मिलने से परेशान बरियारी कला गांव के मजरा बेलहा निवासी साधु वेशधारी लगभग साठ वर्षीय किसान नत्थू प्रसाद निषाद पुत्र कामता प्रसाद ने समिति के गेट पर अपने गमछे का फंदा बनाया और गले में कसने के बाद लटककर खुदकुशी का प्रयास करने लगे। वहां मौजूद अन्य किसानों ने देखा तो दौड़कर पहुंचे और किसान को चार-पांच लोगों ने ऊपर की ओर उठाकर पकड़ा कि फंदा गले में न कस पाए। किसानों ने फंदे को खोला और नत्थू प्रसाद को बचाया। किसानों ने घटना की सूचना तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों को दी। इस पर तत्काल मौके पर क्षेत्राधिकारी फहद अली एवं थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। किसान नत्थू प्रसाद ने बताया कि उसे तीन दिन पहले टोकन मिला था। उसे खाद नहीं मिल पा रही।

### जरूरी काम से जाना पड़ गया

सहकारी समिति पूरब पताई के अध्यक्ष पुष्पराज ने बताया कि कर्मचारियों की कमी से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सचिव बालेंदु मिश्र ने टोकन वितरित कर दिए थे लेकिन एक आवश्यक काम से उन्हें कर्वी जाना पड़ गया। इसी दौरान किसानों की भीड़ इक्कठा हो गई। बाद में सचिव मौके पर पहुंचे। अधिकारियों की मौजूदगी में खाद वितरण का काम देर शाम तक चला।

### बुआई में हो रही देरी

किसान का कहना है कि रबी की बुआई के लिए किसानों को डीएपी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। समय से खाद न मिलने से बुआई में देरी हो रही है। किसान समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। खाद के लिए सहकारी समितियों में लंबी लाइनें देखी जा सकती हैं।

### दिक्कत नहीं होने देंगे...

- मामले में एसडीएम मऊ रामऋषि रमन ने कहा सचिव द्वारा आज (बुधवार) के लिए टोकन वितरित कराया गया था लेकिन उसके द्वारा खाद न बांटकर कहीं अन्यत्र जाने की सूचना से लोग आक्रोशित हो गए। सूचना मिलते ही तत्काल सचिव को मौके पर बुलवाकर सुचारू रूप से खाद वितरण कराया गया। लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होने देंगे।

### पर्याप्त खाद है...

जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला ने कहा, हर समिति में पर्याप्त मात्रा में खाद है। किसान नत्थू प्रसाद को लोगों द्वारा उकसाया गया था। तभी वह गेट पर चढ़ गया। सचिव आवश्यक कार्य के चलते कर्वी गए थे, जिससे थोड़ा विलंब हो गया। बाद में मैं भी मौके पर पहुंचा था। कहीं कोई समस्या नहीं हैं। उक्त किसान चार बोरी खाद भी लेकर गया है।

# कोर्ट ने दिए कांस्टेबल सहित 4 पर रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** कोर्ट ने एक पुलिसकर्मी सहित चार लोगों पर कोतवाली प्रभारी कर्वी को रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं। इन पर नाबालिग के अपहरण की कोशिश, मारपीट, फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने और लूटपाट का आरोप है।

अधिवक्ता रामकृष्ण ने बताया कि कोतवाली अंतर्गत कसहाई रोड लोधनपुरवा निवासी शिवकुमारी पत्नी पप्पू सोनी ने उनके माध्यम से न्यायालय विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम/अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) नीरज श्रीवास्तव को प्रार्थनापत्र दिया था। शिवकुमारी के अनुसार, 20 सितंबर को उसकी बेटी लाली और आरोपी रश्मी की बेटी इंदू के बीच झगड़ा होने पर रश्मी ने गालीगलौज की थी। 23 सितंबर की रात रश्मी, पति विजय कुमार, राजा और आशीष कुमार व चार अन्य लोगों के साथ घर आई। आशीष कांस्टेबल है। शिवकुमारी का आरोप है कि इन लोगों ने उसकी छह साल की बेटी लाली को जबरन ले जाने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट और गालीगलौज की। आशीष ने तमंचा लहराते हुए उसके गले से मंगलसूत्र छीन लिया। मारपीट से उसे और उसकी बेटी को चोटें आईं। शिवकुमारी का कहना है कि रश्मी और आशीष ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। जब उसकी शपथपत्र के साथ कोतवाली में दी गई तहरीर, पंजीकृत डाक से एसपी को भेजे गए प्रार्थनापत्र के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई तो उसने कोर्ट की शरण ली।


अधिवक्ता रामकृष्ण।

अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने कोतवाली प्रभारी को आशीष कुमार और अन्य आरोपियों पर उचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि इस आदेश की प्रति पुलिस अधीक्षक को इस आशय से भेजी जाए कि निष्पक्ष विवेचना सीओ स्तर से कराने के निर्देश दें।

### नाबालिग बेटी के अपहरण की कोशिश का मामला

- अधिवक्ता ने बताया कि शिवकुमारी ने पुलिसकर्मी आशीष कुमार, जो वर्तमान में सीतापुर चौकी में तैनात है, पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि आशीष ने कहा कि वह पुलिस विभाग में है, पूरे परिवार को पूरी जिंदगी जेल में सड़ा देगा। उसका यह भी कहना है कि रश्मी का एक रिश्तेदार डीआईजी बांदा कार्यालय में कार्यरत है और इस वजह से पुलिस ने उसकी बातें नहीं सुनीं और कार्रवाई नहीं की। अधिवक्ता के अनुसार, पूरे मामले में पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में रही।

### सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा

कालपी (जालौन)। बुन्देलखंड विश्व विद्यालय की सत्र 2024-25 की वार्षिक परीक्षाओं को नकलविहीन तथा शांति पूर्वक निपटाने के उद्देश्य से कालपी कॉलेज में आंतरिक निरीक्षण दल को सक्रिय किया गया है। कालपी कॉलेज परीक्षा केंद्र प्रभारी व प्राचार्य डॉक्टर मधु प्रभा त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा केंद्र में शांतिपूर्वक एवं नकल विहीन हो रही है।

# क्रय केंद्र में बिना नंबर तौल कराने का आरोप

**कालपी।** खरीद केंद्र पर अपनी उपज बेचने आए किसानों की मुसीबत कम नहीं हो रही है। निगहबानी के लिए लगाए गए राजस्व विभाग के कर्मचारी ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। बुधवार को उनके द्वारा बगैर नंबर से ज्वार की तौल करा दी गई है जिससे कई कई दिनों से नंबर लगाए किसान मायूस है। विदित हो कि शासन ने किसानों की आय दोगुना करने के लिए कुछ जिन्सों की कीमतें निर्धारित की है इतना ही नहीं उन्हें शासन द्वारा विपणन शाखा द्वारा खरीदा भी जा रहा जिसके चलते मण्डी समिति मे उक्त शाखा द्वारा क्रय केन्द्र खोला गया है जहां पर ज्वार 3699 तथा बाजरा 2775 रुपये पर खरीदा जा रहा है हालांकि बाजार में इन जिन्सों की कीमतें काफी कम है जिसके चलते इन केन्द्रों पर क्षेत्र के साथ दूरदराज के लोग भी अपनी उपज एमएसपी पर बेचने आ रहे हैं। केन्द्र पर ट्रेक्टर ट्राली की संख्या काफी बढ़ गई है इतना ही नहीं किसानों ने केन्द्र प्रभारी पर गड़बड़ी करने का भी आरोप लगाया। इससे हो हल्ला मचा है लेकिन एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानूनगो को निगहबानी के लिए तैनात कर दिया है लेकिन यहां उन पर भी मनमानी का आरोप लग रहा है। किसान मनीष, उपेन्द्र की माने तो वह अब वापस जा रहे हैं और अपनी उपज को औने पौने दामों पर बेंच देंगे। वहीं किसान उमाकांत के अनुसार उनके पास महज 15 क्विंटल बाजरा है लेकिन केन्द्र प्रभारी उनका नम्बर तक नहीं लगा रहीं हैं।

# साइबर क्राइम से बचने के दिए टिप्स

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली ने बुधवार को श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल खोह में विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताए। उन्होंने बताया कि नई सिम लेने के लिए कई बार फिंगर स्कैन कतई न करें।

सीओ ने निरीक्षक नरेश कुमार प्रजापति, आरक्षी रामविलास यादव व आरक्षी शिवम द्विवेदी के साथ साइबर जागरूकता अभियान के तहत छात्र/छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना अकाउंट विवरण व एटीएम कार्ड नंबर व पिन नंबर आदि न बताएं। एटीएम से पैसा निकालने में किसी अनजान की मदद न लें।


बच्चों को जानकारी देते सीओ फहद अली। अमृत विचार

अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान को कभी भी न दें। आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड या नई सिम लेने के लिए कई बार फिंगर स्कैन न करें। लुभावने ऑफर के लालच में अपना बैंक डिटेल फोन पर शेयर न करें। किसी प्रकार का रिमोट एप इंस्टॉल न करें। पुलिस/साइबर अधिकारी के नाम की काल आने पर पैसे की मांग की जाए तो बिलकुल न घबराएं, और न पैसे भेजें। इसके पश्चात नजदीकी पुलिस स्टेशन और संबंधित पोर्टल पर भी रिपोर्ट करें।

# दिव्यांगों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं: वर्णिका शुक्ला

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस मनाया

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण वर्णिका शुक्ला ने रैली को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं। इसे निराखने की आवश्यकता है। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी शशांक शेखर शुक्ला, प्रवीण कुमार दीक्षित, कोतवाली प्रभारी श्याम प्रताप पटेल आदि मौजूद रहे। रैली बीएसए आफिस से धुस मैदान पार्क पहुंची। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से की गई। समन्वयक समेकित शिक्षा श्यामसुंदर यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान खेलकूद में खुशी, राशि, गीता, अंतिमा देवी, मयंक, अजीत, वैभव, सपना देवी, रोहित, संजय, प्रासी, विजमा प्रथम रहीं। दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

**चित्रकूट।** भगवान भजनाश्रम ने बढ़ती ठंड के मद्देनजर, चकौंध, अरछा बरेठी के मजरे खैरीपुरवा, नई दुनिया, पहाड़ी बुजुर्ग में जरूरतमंदों को कंबल बांटे। इस मौके पर सत्यम यादव, सुरेंद्र सिंह कछवाह, समाजसेवी शंकर यादव, केशव यादव, रामावतार यादव, आरके शर्मा, दिलीप अवस्थी, हिमांशु यादव, ओमप्रकाश, राकेश राजपूत, शंकर दयाल निषाद, हनुमान प्रसाद यादव, रामसेवक, रमेश चंद्र यादव, सरजो प्रसाद, दिलराज निषाद आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा देखकर लोग बोले, वाह!

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर बचपन डे केयर सेंटर शिवरामपुर में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में दिव्यांग बच्चों के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों की प्रतिभा की सभी ने जमकर सराहना की।

कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से की। जिलाधिकारी ने इस मौके पर कक्षों का निरीक्षण किया और अध्यापक-अध्यापिकाओं से बच्चों की पढ़ाई के बारे में पूछा। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन बच्चों से पढ़वाकर भी देखा। आश्वस्त किया कि बच्चों के लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग किया जाएगा। जिला दिव्यांग अधिकारी प्रियंका यादव से विभागीय मद की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बच्ची प्रियांशु को ब्रेल लिपि कीट एवं अवनीश को एएमआर किट दी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए गए कि अपूर्ण शौचालय का निर्माण शीघ्र कराएं तथा वस्तुस्थिति से अवगत भी कराएं। बाउंड्रीवाल बनवाने का भी आश्वासन दिया। बचपन डे केयर सेंटर में सात अध्यापक / अध्यापिकाएं एक कोऑर्डिनेटर एवं 64 बच्चों का नामांकन है।


बचपन-डे केयर सेंटर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
पहले मेरा नाम NASARUDDIN था मै अपना नाम बदलकर NASRUDDIN रख लिया हूँ। अब भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **NASRUDDIN S/O-NIZAMUDDIN ADD-263/16 BILLOCHPUR GADHAIYA DIST-LUCKNOW(U.P)**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम फरीद उद्दीन से बदलकर एस.एफ. अहमद कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे एस.एफ. अहमद के नाम से जाना व पहचाना जाये। **एस.एफ. अहमद पुत्र श्री खलील उद्दीन निवासी- 38- बी, न्यू पी.ए. सी लाइन कानपुर नगर- 208015**

**सूचना**
मैने अपना नाम ATUL AGRAWAL से बदलकर ATUL KUMAR AGRWAL रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **ATUL KUMAR AGRWAL ADD-8, CHILBILA, RANJEETPUR, POST-RANJEETPUR CHILBILA DIST-PRATAPGARH - 230001(U.P)**

**सूचना**
मैंने अपना नाम AMIT से बदल कर AMIT KUMAR रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: SITA RAM R/O: POST MATEHIKALAN MATEHI BAHRAICH UTTAR PRADESH - 271855**

**सूचना**
मेरा हाई स्कूल अंक पत्र वर्ष 2017 जिसका अनुक्रमांक संख्या 1420422 है वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाश करने के उपरांत भी कहीं मिल नहीं सका है। **पुष्पेंद्र कुमार पुत्र रामबाबू निवासी सहनापुर पोस्ट लोहामढ तहसील व जिला कन्नौज।**

**सूचना**
मेरे पुत्र का नाम नगर पालिका परिषद फर्रूखाबाद से जारी जन्मप्रमाण पत्र में त्रुटिवश रिजवान दर्ज हो गया है, जबकि उसका सही नाम जियाउल है। जन्म प्रमाण पत्र में सही नाम जियाउल अंकित किया जाए, रिजवान व जियाउल दोनों नाम मेरे पुत्र के ही हैं। **मो0 यासीन पुत्र यामीन निवासी मोहल्ला खैराती खाँ, शहर व जिला फर्रूखाबाद।**

कार्यक्रम | बहुदेशीय प्राथमिक सहकारी समिति बाबई की वार्षिक बैठक

# 'सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़'

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** बहुदेशीय प्राथमिक सहकारी समिति बाबई की बुधवार को वार्षिक बैठक हुई। इसमें समिति के आधुनिकीकरण पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि सहकारी समितियों में पारदर्शिता, डिजिटलीकरण, भ्रष्टाचार नियंत्रण और सदस्य वृद्धि जैसे कई महत्वपूर्ण सुधार सफलतापूर्वक लागू किए जा रहे हैं। किसानों को समय पर खाद-बीज वितरण में आधुनिकीकरण, ई-टेंडरिंग तथा सहकारी बैंकों की कार्यप्रणाली को सरल बनाना इन सभी प्रयासों से ग्रामीण विकास को गति मिली है। उन्होंने कहा कि सहकारिता की मजबूती से ही किसानों का विश्वास बढ़ेगा और गांवों में आर्थिक स्वावलंबन स्थापित होगा। बैठक में अपर जिला विकास अधिकारी (सहकारिता) कालपी राम कुमार सिंह ने कहा, सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और समितियों की पारदर्शी कार्यप्रणाली से ही किसानों का भरोसा बढ़ता है। हमारा प्रयास है कि सहकारी समितियां और अधिक सक्षम व किसान-हितैषी बनें। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जेपी गौतम ने अपने वक्तव्य में कहा, सहकारी समितियां गांव के बहु आयामी विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। समिति जितनी मजबूत होगी, किसानों को उतना अधिक प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। ऐसे आयोजन ग्रामीण विकास को नई दिशा देने में सहायक हैं।

जिला सहकारी विकास फेडरेशन के संचालक पवन सिंह चौहान, अखिलेश तिवारी मिनौरा सहकारी संघ के अध्यक्ष श्याम कारन प्रजापति ने उपस्थित किसानों को संबोधित किया। कार्यक्रम में समिति के संचालक रणजीत सिंह, तेजपाल, शिवराम, वसीर अहमद, लक्ष्मण सिंह, सुरेश, रमेशचन्द्र, शीलू चौहान, राजेश दूरबार, सचिव जितेन्द्र साहू, प्रदुम्न सिंह एवं रामनरेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में वार्षिक आय-व्यय विवरण, सदस्य वृद्धि, कृषि इनपुट वितरण, समिति के आधुनिकीकरण तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक को संबोधित करते अतिथि। अमृत विचार

### युवक ने ससुरालीजनों पर लगाया मारपीट का आरोप

**संवाददाता, कालपी।** पत्नी को मायके लेकर आना पति के लिए मुसीबत बन गया है। वापस चलने की बात करने पर ससुरालीजनों ने उसकी पिटाई कर दी। उसने मामले की शिकायत पुलिस से की है। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुर निवासी विपिन पुत्र जगदीश की ससुराल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरदौली में है और वह सपत्नीक गैर प्रान्त में रहकर मजदूरी करता है।

ससुरालीजन भी काम करते हैं और इस समय वह अपने माता पिता के पास आया हुआ था। हालांकि उसे जाना भी था जिसके चलते उसकी पत्नी ने मायके घूमकर आने की जिद की थी, जिसके चलते वह मंगलवार को बाइक से पत्नी और बच्चे को लेकर आया हुआ था लेकिन जैसे ही बुधवार सुबह उसने वापस चलने की बात की तो उसने जाने से इनकार कर दिया था। पति ने जोर जबरदस्ती की तो ससुर तथा उसके पुत्रों ने उसकी पिटाई कर दी थी। परेशान पति ने मामले की शिकायत पुलिस से की है और पत्नी को भिजवाने की गुहार लगाई है। पति की माने तो उसकी पत्नी एक लड़के से फोन पर बात करती है जिसके लिए वह मना करता है लेकिन अब धोखे से यहां आ गयी। कोतवाली के एसएसआई उदय प्रताप सिंह ने मामले की जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद भरथना (इटावा)**
पत्रांक- 339 / न0पा0प0भ0/2024-25/25 दिनांक 03-12-2025
**निविदा सूचना**
एतदद्वारा पालिका के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों अन्य दुकानदारों / इच्छुक व्यक्तियों/अधिकृत एवं पंजीकृत फर्मो के स्वामियों/आरा मशीन स्वामियों / लकड़ी बिक्रेताओं आदि को सूचित किया जाता है कि पालिका को अत्यधिक ठण्ड एवं शीत लहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत तत्कालिक राहत कार्यो के अन्तर्गत नगर में विभिन्न स्थलों पर अलावों को पालिका द्वारा लगवाया जाना है, उक्त अलावों को लगवाने हेतु पालिका को जलाऊ लकडी की आवश्यकता है। उक्त आपूर्ति हेतु जो भी इच्छुक व्यक्ति/पंजीकृत ठेकेदार अथवा आरा मशीन स्वामी एवं अन्य कोई व्यक्ति इच्छुक हो व अपना टेण्डर प्रति कुन्तल की दर से पालिका कार्यालय में अपनी निविदा दिनांक: 10-12-2025 को सायं 3 बजे तक डाल सकता है। निविदा उसी दिन निविदा दाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय को होगा। निर्धारित समयावधि के उपरान्त डाला गया निविदा मान्य नहीं होगी। निविदा की बिक्री दिनांक: 04-12-2025 से दिनांक: 10-12-2025 को दोपहर 12:00 बजे तक होगी।
एक निविदा शुल्क- रूपया 2000/- एवं जमानत धनराशि रू0 15000/- मात्र रहेगी। अन्य नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में आकर देखी जा सकती हैं।
**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद भरथना, इटावा**
**अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद भरथना, इटावा**

# अमृत विचार

गुरुवार, 4 दिसंबर 2025






जहाज अपने बंदरगाह में सबसे सुरक्षित रहता है, लेकिन जहाजों का निर्माण इसके लिए नहीं किया गया था।

-पाउलो कोएल्हो, ब्राजीलियन लेखक

## विकास, नीति और संदेश

योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट ने जो 20 प्रस्ताव पास किए, वे राज्य की आर्थिक-सामाजिक दिशा को पुनर्गठित करने की कोशिश का संकेत देते हैं। इन प्रस्तावों का दावा है कि वे आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में ठोस योगदान देंगे। प्रश्न यह है कि क्या ये निर्णय सूबे की जटिल और दीर्घकालिक समस्याओं को पर्याप्त रूप से संबोधित करते हैं या फिर ये एक संतुलित राजनीतिक-सामाजिक पैकेज भर हैं? सीजीएसटी और स्टांप ड्यूटी में दी गई छूट व्यापार जगत और रियल एस्टेट क्षेत्र को स्पष्ट रूप से राहत देगी। व्यापारियों को टैक्स संबंधी बोझ से कुछ राहत मिलेगी, जिससे कारोबारी गतिविधियों में गति आएगी। बाजार को जब भरोसे और पूंजी प्रवाह की आवश्यकता थी, यह वित्तीय प्रोत्साहन आया। संभव है अप्रत्यक्ष रूप से इसका लाभ उपभोक्ताओं को भी मिले, सस्ती संपत्ति, कम लागत वाली सेवाएं और निवेश के सृजन से इसका प्रभाव दो-तरफा हो।

शहरों में जलापूर्ति समस्या से परेशान बरेली और कानपुर की पेयजल योजनाएं शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूती देंगी। सुरक्षित और नियमित पेयजल की उपलब्धता न सिर्फ स्वास्थ्य को सुधारती है, बल्कि उद्योग और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी भरोसा देती हैं। यह कदम शहरी जीवन की गुणवत्ता में वास्तविक सुधार ला सकता है। इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति के तहत रुकी हुई परियोजनाओं को पूरा या फिर निरस्त करना महत्वपूर्ण सुधार है। निष्क्रिय पड़ी परियोजनाओं ने वर्षों तक पूंजी, भूमि और जनता के विश्वास को उलझाए रखा है। इन परियोजनाओं को गति मिलने से न सिर्फ आवास का संकट कम होगा, बल्कि निर्माण क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। यह राज्य की विकास दर को प्रत्यक्ष रूप से बढ़ा सकता है, साथ ही रोजगार सृजन के नए अवसर भी तैयार होंगे। नए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र खोलने का फैसला सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। दिव्यांग जनों के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण, उपचार और सहायक उपकरणों की उपलब्धता बढ़ेगी। सरकार द्वारा अस्पताल विकास में निजी निवेश के लिए सहायता नीति को और व्यावहारिक बनाने के प्रस्ताव को पुनरीक्षण के लिए लौटाना यह संकेत देता है कि सरकार जल्दबाज़ी में कदम नहीं उठाना चाहती। स्वास्थ्य ढांचे में निजी निवेश आवश्यक है, परंतु पर्याप्त नियमन और पारदर्शिता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सरकार स्पष्ट रूप से ऐसी नीति चाहती है, जिससे निवेशक भी संतुष्ट हों और जनता के हित भी सुरक्षित रहें।

अयोध्या में मंदिर संग्रहालय निर्माण का प्रस्ताव सांस्कृतिक, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था तीनों स्तरों पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। यह परियोजना स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार अवसर भी बढ़ाएगी। पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में ऐसे संस्थान न केवल प्रतीकात्मक होते हैं, बल्कि लंबे समय में राजस्व और पहचान के स्थायी स्रोत भी बनते हैं। निस्संदेह, इन सभी प्रस्तावों में राजनीतिक संदेश भी निहित है। चुनावी राज्य में कोई भी बड़ा निर्णय पूरी तरह गैर-राजनीतिक नहीं हो सकता। परंतु यह भी सत्य है कि यदि ये प्रस्ताव समयबद्धता, पारदर्शिता और गंभीर क्रियान्वयन के साथ लागू होते हैं, तो इनका ठोस और दीर्घकालिक लाभ जनता को मिलेगा।

### प्रसंगवश

## राजवंशी देवी: राष्ट्रपति भवन की मां जी

डॉ. राजेंद्र प्रसाद 1946-50 तक संविधान सभा के अध्यक्ष और फिर 1950 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति बने, तब भी उनकी पत्नी राजवंशी देवी ने कभी राष्ट्रपति भवन की चकाचौंध में रुचि नहीं दिखाई। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में कई परंपराओं को शुरू किया, जिन पर अब भी अमल हो रहा है। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में महत्वपूर्ण त्योहारों को मनाने की परंपरा शुरू की। इनमें राष्ट्रपति भवन में रहने वाले स्टॉफ की भी भागेदारी रहती। राजवंशी देवी दिवाली, होली, रक्षाबंधन और ईद पर आगंतुकों और स्टाफ के साथ वक्त बितातीं। उनके साथ भोजन करतीं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद तो कुछ देर के बाद वहां से निकल जाया करते थे, पर राजवंशी देवी वहीं रहती। राष्ट्रपति भवन में सभी उन्हें 'मां जी' कहते थे।




विवेक शुक्ला

पूर्व प्रधान सूचना अधिकारी, यूएई दूतावास


डॉ. राजेंद्र प्रसाद को देश के राष्ट्रपति के कार्यकाल (1950-1962) के दौरान रक्षाबंधन राष्ट्रपति भवन के मुलाजिमों की बेटियां राखी बांधती। बदले में, राजवंशी देवी सबको उपहार देती। राजवंशी देवी बेटियों और उनके अभिभावकों के साथ काफी देर तक बातचीत करतीं। उनका मार्गदर्शन करतीं। दरअसल डॉ. राजेंद्र प्रसाद के दौर में रक्षाबंधन राष्ट्रपति भवन में एक सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन के रूप में स्थापित किया गया। राखी का आयोजन सादगीपूर्ण होता था, जिसमें गोल मार्केट या बंगाली मार्केट की पारंपरिक मिठाइयों का आदान-प्रदान होता था। राष्ट्रपति भवन में रक्षाबंधन का आयोजन अब एक स्थायी उत्सव बन चुका है। इसका यहां पर रहने वाली बेटियों को इंतजार रहता है।

पहला छठ का आयोजन 1956 केंद्र सरकार के कर्मियों की कॉलोनी सरोजनी नगर के निवासी श्रीकांत दुबे की पहल पर आयोजित हो रहा था। वे तब राजधानी के कुछ भोजपुरी समाज के सदस्यों के साथ राष्ट्रपति भवन में साइकिल पर सवार होकर पहुंचे। डॉ. राजेंद्र प्रसाद को छठ उत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उस जमाने में आज की तरह की सुरक्षा व्यवस्था कहीं भी नहीं होती थी। हालांकि, विभिन्न कारणों से वे शामिल नहीं हो सके, लेकिन उनकी पत्नी राजवंशी देवी ने सरोजिनी नगर में आयोजित छठ महापर्व में शिरकत की। अगले कुछ वर्षों तक वे इस आयोजन में शामिल होती रहीं और सभी के साथ आत्मीयता से मिलती-जुलती। राजवंशी देवी कुछ समय अपने सरोजिनी नगर में रहने वाले रिश्तेदार विश्वेश्वर नारायण के फ्लैट पर भी आया करती थीं। राजवंशी देवी सरलता और सादगी की मिसाल थीं।

राजवंशी देवी राष्ट्रपति भवन के अंदर चलने वाले स्कूल में होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेते हुए मेधावी बच्चों को पुरस्कृत भी करती थीं। अब इस स्कूल का नाम राजेंद्र प्रासद केंद्रीय विद्लाय है। हर वर्ष पहली फरवरी को राष्ट्रपति भवन दिवस मनाया जाता है। राजवंशी देवी इस दिन पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राष्ट्रपति भवन के स्टॉफ और उनके परिवारजनों के साथ रहा करती थीं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने देश के पहले राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद पहली फरवरी, 1950 को राष्ट्रपति भवन में सपरिवार रहना शुरू कर दिया था। 26 जनवरी, 1950 से इसे राष्ट्रपति भवन कहा ही जाने लगा। इसी उपलक्ष्य में यहां हर वर्ष पहली फरवरी को राष्ट्रपति भवन दिवस मनाया जाता है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और राष्ट्रपति भवन के स्टॉफ और उनके परिवारजनों के बीच खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं। इनके विजेताओं को राष्ट्रपति पुरस्कृत करते हैं। राजवंशी देवी ने कभी राष्ट्रपति भवन के स्टॉफ को यह महसूस नहीं होने दिया था कि वे देश के राष्ट्रपति की पत्नी हैं।

## उत्तराखंड: जरूरी है नशे का हो समूल नाश






अमित शर्मा

हल्द्वानी


देवभूमि उत्तराखंड का नाम होंठों पर आते ही मनोहारी फलक के दर्शन हो जाते हैं। यहां गढ़वाल से लेकर कुमाऊं तक आस्था का सैलाब बहता है। नीला प्रदूषण रहित आसमान, खूबसूरत वादियां, टूरिस्ट डेस्टिनेशन और एडवेंचर हब, जहां प्रदेश में पर्यटन को और अधिक उभारने के भगीरथ प्रयास चल रहे हैं, तो कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाए रखने के पुख्ता इंतजाम हो रहे हैं। पुलिस और सरकार तो अपना काम बखूबी कर ही रही है, लेकिन दो अहम मुद्दों पर जनसहभागिता से अब निर्णायक चोट होनी चाहिए। ये हैं युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और आंतरिक सुरक्षा को निरंतर बढ़ता खतरा और ये दोनों ही खतरे राज्य को कहीं न कहीं खोखला और कमजोर कर रहे हैं।

नशेबाजी पर बात करें तो महज तीन साल के आधिकारिक आंकड़े ही बहुत चिंताजनक हैं। अगस्त 2025 तक स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के करीब 3431 अभियोगों में करीब 4440 अभियुक्त गिरफ्तार हो चुके हैं। इस अवधि में दो अरब रुपये से ज्यादा कीमत का नशीला पदार्थ पुलिस बरामद कर चुकी है। इनमें नशे की 720278 गोलियां, 38919 इंजेक्शन और 718201 कैप्सूल, 681.09 किलो चरस, 649.79 किलो डोडा, 61.22 किलो अफीम, 0.39 ग्राम कोकीन, 58.98 किलो हेरोइन, 4954.34 किलो गांजा है। एमडीएमए और सिंथेटिक ड्रग्स का काला कारोबार तेजी पकड़ रहा है, तो खास मौकों पर ड्रग्स पार्टी अब युवाओं में कल्चर बनती जा रही है।

बुजुर्ग बताते हैं कि पहाड़ पर नशे के नाम पर शराब और खेतों में उगाई जाने वाली भांग से निकलने वाली चरस ही होती थी। उसे भी शौकिया तौर पर प्रयोग किया जाता था। नशे के जो नाम पहाड़ के लोगों ने सुने भी नहीं थे, आज वो पहाड़ के युवाओं को सहज उपलब्ध हो रहे हैं। कुमाऊं का एक जिला, जो समृद्ध होली के लिए जाना जाता है, वहां कभी नशे का दुष्प्रभाव नहीं रहा। और तो और, रंग के दिन भी शराब का चलन यदा-कदा ही दिखाई देता था, लेकिन अब आलम यह है कि महानगरों में मिलने वाले नशीले पदार्थ तक उपलब्ध हो जाते हैं। समझदार और जागरूक युवा आज भी इनसे किनारा कर लेते हैं, लेकिन जाल ऐसा है, जिसका दायरा बढ़ता जा रहा है।

राजधानी देहरादून में ड्रग्स फ्री कैंपस अभियान सरकार की सराहनीय पहल है, लेकिन ये केवल राजधानी तक सीमित न रहकर पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर चलनी चाहिए। युवाओं में कानून का भय होने के साथ-साथ खुद को नशे से दूर रखने की इच्छा शक्ति भी जागृत करनी होगी। यह अभियान कैंपस से निकलकर सार्वजनिक तौर पर चलना चाहिए और समाज को इसमें आगे बढ़कर सहयोग देना होगा, क्योंकि अगर एक युवा भी नशे की गिरफ्त में आता है तो यह पूरे देश का नुकसान है। आम जनता पुलिस को ड्रग्स पैडलरों की सूचना देकर सहयोग कर सकती है।

दरअसल, ड्रग फ्री कैंपस अभियान की भी पूरे प्रदेश में इसलिए आवश्यकता है कि कैंपस में छात्र-छात्राएं अभिभावकों से दूर रहते हैं और ऐसे में यह जरूरी है कि किसी गलत राह को वे न चुनें। इसके लिए समय-समय पर उन्हें मार्गदर्शन दिया जाए। दरअसल, उत्तराखंड सरकार के ड्रग्स फ्री देवभूमि-2025 के विजन को साकार करने के लिए यह ड्रग्स फ्री कैंपस अभियान राजधानी देहरादून में शुरू किया गया है। अभियान के तहत पुलिस द्वारा जनपद में स्थित सभी शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं से उनका ड्रग्स टेस्ट कराए जाने के लिए कंसर्ट फार्म/शपथ पत्र भरवाए जा रहे हैं।

पुलिस-प्रशासन और डॉक्टरों की संयुक्त टीम द्वारा निजी शिक्षण संस्थानों में औचक निरीक्षण किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं के ड्रग्स टेस्ट किट के माध्यम से रेंडमली यूरीन टेस्ट कर देखा जा रहा है कि वे किसी तरह के नशे का शिकार तो नहीं हो रहे हैं। बीती एक दिसंबर को ही संयुक्त टीम ने राजधानी के प्रेमनगर तथा क्लेमेंटाउन क्षेत्र में अलग-अलग निजी शिक्षण संस्थानों में औचक निरीक्षण कर 200 छात्र-छात्राओं के ड्रग्स टेस्ट किट के माध्यम से रेंडमली यूरीन टेस्ट किए। सुखद पक्ष यह रहा कि सभी छात्र-छात्राओं की रिपोर्ट नेगेटिव आई। अभियान में पुलिस विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 427 छात्र-छात्राओं का मेडिकल टेस्ट करा चुकी है।

दूसरा अहम मुद्दा आंतरिक सुरक्षा का है, जिसमें कहीं न कहीं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से युवा भी भ्रमित हो रहे हैं। राज्य में देहरादून और हरिद्वार में बड़े स्तर पर सर्च और सत्यापन अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं, लेकिन यह अभियान केवल दो जिलों तक ही सिमटकर रह गया है। आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से देखा जाए तो कुमाऊं मंडल की स्थिति अजब-गजब है। देश में दिल्ली बम ब्लास्ट जैसी बड़ी घटना होने पर ही कुमाऊं में सत्यापन अभियान औपचारिकता के तौर पर कुछ दिन चलाकर फिर स्थिति पूर्ववत हो जाती है। इस समस्या से निपटने को भी समाज को ही आगे आना पड़ेगा और अपने बीच छिपे हुए संदिग्धों को पहचानना होगा।

युवाओं को भी लालच के वशीभूत होकर दूसरे के हाथों की कठपुतली बनने से बचना होगा। वहीं, अभिभावकों को भी अपने बच्चों की गतिविधियों पर गहन नजर रखते हुए उन्हें अच्छे और बुरे का आभास कराना होगा। देश तभी नशे के चंगुल से निकलने के साथ-साथ सुरक्षा के तौर पर मजबूत होगा, जब इसके लिए देश का हर नागरिक अपनी भूमिका अदा करेगा। वैसे भी देवभूमि उत्तराखंड को आस्था, साहित्य और संस्कृति का देश माना जाता है। ऐसे में पहाड़ की इन विशेषताओं और बेशकीमती मूल्यों को जीवित रखने का दारोमदार समाज के साथ-साथ यहां के युवाओं पर अधिक है, इसलिए उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

देवभूमि उत्तराखंड में पर्यटन को और अधिक उभारने के भगीरथ प्रयास चल रहे हैं। जरूरी है कि युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृति और आंतरिक सुरक्षा पर भी गंभीर काम हो। ये दोनों ही खतरे राज्य को कमजोर कर रहे हैं।

### आमने सामने



एक घायल पिल्ले को मैं अपनी कार में बैठाकर संसद तक ले आईं और बाद में घर भिजवा दिया। इस चर्चा का क्या मतलब है? असली काटने वाले तो संसद में बैठे हैं। हम एक मूक जीव की मदद करते हैं, तो यह बड़ा मुद्दा बन जाता है।

-रेणुका चौधरी
कांग्रेस सासंद

रेणुका चौधरी ने अपने बयान से सांसदों और कर्मचारियों का अपमान किया है। कांग्रेस संसद में 'नाटक' करने के नए तरीके ढूंढ रही है और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

-शहजाद पूनावाला
प्रवक्ता
भारतीय जनता पार्टी



## पीएम का मैकाले की शिक्षा से मुक्ति का संदेश




प्रमोद भार्गव

वरिष्ठ पत्रकार


"1835 से भारत में पैठ जमा चुकी उस पश्चिमी मानसिकता पर ताले लगाने के राष्ट्रीय संकल्प की जरूरत है, जो स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को ध्वस्त करती हुई औपनिवेशिक शिक्षा को लागू करने की थॉमस मैकाले की परियोजना के माध्यम से लागू हुई थी। भारत की शैक्षिक और सांस्कृतिक नींव को खोखला करने के लिए मैकाले द्वारा किए गए अपराध को 2035 में 200 वर्ष पूरे हो जाएंगे। अतएव आने वाले दस सालों में गुलामी की इस औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होने के राष्ट्रीय संकल्प की जरूरत है।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ये विचार रामनाथ गोयनका की स्मृति में दिए व्यख्यान में व्यक्त किए थे। फिरंगी हुकूमत के दौरान इंग्लिश एजूकेशन एक्ट-1835 के तहत भारत में संस्कृत, हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं की शिक्षा नष्ट कर अंग्रेजी शिक्षा की बुनियाद रखी गई थी। इस दासता को 190 वर्ष से हम ढोते चले आ रहे हैं। अतएव अब इससे मुक्ति का समय आ गया है।

मैकाले की एक किताब है, 'द लाइफ एंड लैटर्स ऑफ लार्ड मैकाले'। इस किताब में मैकाले ने भारत की अंग्रेजी शिक्षा पद्धति लागू करते हुए तीन भविष्यवाणियां की थीं, जो खरी उतरीं। उनकी पहली भाष्यवाणी थी कि मेरी इस नई शिक्षा प्रणाली के चलते डेढ़ सौ साल बाद भारतीय व्यक्ति अपने धर्म से विमुख हो जाएगा। उसके घर में अपने धर्म ग्रंथ होंगे, लेकिन वे उन्हें पढ़ेंगे नहीं। दूसरी भविष्यवाणी है, उसे अपनी भाषा बोलने में असुविधा होगी। वह शर्म महसूस करेगा। वह अपनी भाषा में बोल नहीं पाएगा। दूसरी भाषाओं के शब्द उधार लेने पड़ेंगे। तीसरी है, भारतवासी अपनी पारंपरिक वेशभूषा पहनना भूल जाएंगे। पुरुष अपनी वेशभूषा लगभग भूल गए हैं। महिलाएं जरूर अपनी परंपरा को बनाए हुए हैं। याद रहे जिस देश के वासी अपनी भाषा, धर्म और वेशभूषा भूल जाते हैं, उनकी संस्कृति भी धीरे-धीरे नष्ट हो जाती है, लेकिन हम हैं कि अपनी संस्कृति के पराभव से निश्चिंत हैं। अतएव प्रधानमंत्री के संकल्प में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

भारत में अंग्रेजों का शासन स्थापित होने के बाद एक समय तक अंग्रेजों की भाषा-नीति में बदलाव होता रहता था। सन् 1833 में मैकाले मिनिट्स के होते हुए ईस्ट इंडिया कंपनी ने अदालती तथा अन्य शासकीय कार्यों में अरबी-फारसी का मिश्रित रूप अपनाया था। हिंदू राजाओं के साथ ईस्ट इंडिया कंपनी अपने पत्र-व्यवहार में स्थानीय बोलियों के शब्दों का भी प्रयोग करती थी, किंतु 1835 में इंग्लिश एजूकेशन एक्ट लागू होने के बाद से स्थितियां बदलती चली गईं। 1880 में कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना हुई। उस समय अंग्रेजी शासन की राजधानी कोलकाता थी। जॉन गिलक्राइस्ट उस कॉलेज के भाषा विभाग के अध्यक्ष थे। उन्होंने खड़ी बोली के प्रयोग को प्रोत्साहित किया और कंपनी सरकार की भाषा नीति तय करने में आवश्यक सुझाव दिए। वह हिंदी को हिंदुई तथा हिंदुस्तानी कहते थे और उसके लिए रोमन लिपि को आवश्यक मानते थे, किंतु न तो हिंदी का नाम बदल सके और न ही लिपि।

गिलक्राइस्ट के बाद ही, मैकाले की भाषा-नीति मानी गई और उच्च शिक्षा से संस्कृत एवं हिंदी का माध्यम समाप्त कर दिया गया। वैदिक संस्कृत, गणित एवं समाज विज्ञान की शिक्षाओं को धार्मिक शिक्षा की श्रेणी में रखकर नकार दिया गया। उन्नीसवीं शताब्दी के चौथे दशक में सरकारी कामकाज में उर्दू को वरीयता दी गई और हिंदी को उपेक्षित कर दिया गया। उस युग में बनारस हिंदी का केंद्र था और बनारस की दो बड़ी हस्तियां हिंदी में लिख रहीं थीं। एक थे राजा शिवप्रसाद और दूसरे भारतेंदु हरिशचंद्र। राजा शिवप्रसाद अंग्रेजी सरकार की सेवा में थे और अंग्रेजों की भाषा नीति का समर्थन करते हुए उन्होंने उर्दू का पक्ष लेते हुए हिंदी की निंदा की। उनकी वफादारी देखकर सरकार ने उन्हें 'सितारे हिंद' की उपाधि दी।

हरिश्चंद्र ने सरकार की भाषा-नीति का विरोध किया और जगह-जगह जाकर हिंदी के समर्थन में सभाएं कीं। जनता ने हरिश्चंद्र को 'भारतेंदु' की उपाधि से विभूषित किया। भारतेंदु की लोकप्रियता के सामने 'सितारे हिंद' अस्त-पस्त हो गए। जॉन गिलक्राइस्ट जैसे अनेक अंग्रेज हिंदी के समर्थक थे। ऐसे अंग्रेजों में हेनरी पिनकोट ने भारतेंदु के समर्थन में हिंदी के पक्ष में बहुत काम किया। राजा शिवप्रसाद की तरह राजा लक्ष्मण सिंह (1826-96) भी सरकारी नौकर थे, किंतु उन्होंने हिंदी का समर्थन किया और उसी में लिखा भी।

पूरा शिक्षाजन्य ढांचा, आज्ञापालन को प्रोत्साहित व पुरस्कृत करता है। स्वातंत्र्य-चेता विद्यार्थी की नूतन पहल, जिज्ञासा और प्रश्नाकूलता को फटकारा जाता है। विचार नियंत्रण की यह क्रूरता नव-सर्जक की भ्रूण-हत्या कर देती है। यही कारण है कि हम आजादी के बाद न तो नचिकेता, अष्टावक्र और विवेकानंद पैदा कर पाए और न ही सीवी रमन, जगदीश चंद्र बसु और रामानुजन? दरअसल औपनिवैशिक शिक्षा पद्धति और अंग्रेजी की अनिवार्यता के चलते हमारे शिक्षा संस्थान महज डिग्रीधारी नकलचियों की फौज खड़ी करने में लगे हैं। वे रोबोट और क्लोन बनाने की दक्षता को ही श्रेष्ठता का पर्याय मानकर चल रहे हैं, क्योंकि रोबोट विरोध नहीं करते और क्लोन से विकसित प्राणी प्रकृति प्रदत्त विलक्षणता खो देते हैं, अतएव उनकी मौलिक सृजनशीलता बचपन में ही कुंठित हो जाती है।

पीएम मोदी ने कहा है, मैकाले द्वारा किए गए अपराध को 2035 में 200 वर्ष पूरे हो जाएंगे। दस सालों में गुलामी की इस औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होने के राष्ट्रीय संकल्प की जरूरत है।

### सोशल फोरम

## हंसी उड़ाने के लिए गढ़ा गया लॉर्ड बॉबी नाम

बॉबी अब भले 'लॉर्ड बॉबी' कहलाते हैं, लेकिन कम लोगों को ही पता होगा कि ये निकनेम दरअसल बॉबी देओल की हंसी उड़ाने के लिए गढ़ा गया, लेकिन फ़िल्म 'एनिमल' में जो उन्होंने कर दिखाया है, उसके बाद अब यही नाम उनकी तारीफ़ बन चुका है। बॉबी दओल पहले पहल बड़े परदे पर दिखे थे साल 1977 में मनमोहन देसाई निर्देशित फ़िल्म 'धरमवीर' में। बाल कलाकार के तौर पर अभिनय बॉबी ने यूं ही हंसी-खेल में कर लिया था, लेकिन जब हीरो बनने का नंबर आया तो उनकी तगड़ी ट्रेनिंग चली। पहली फ़िल्म की रिलीज से पहले ही तमाम उठापटक हुईं।




पंकज शुक्ला

वरिष्ठ पत्रकार


कभी लगा कि ये फ़िल्म बनेगी, तो कभी लगा कि वो फ़िल्म बनेगी, लेकिन बतौर हीरो जो पहली फ़िल्म बॉबी की रिलीज हुई वह रही 'बरसात'। फ़िल्म 'बरसात' की रिलीज की तमाम तारीखें आपको इंटरनेट पर पढ़ने को मिलेंगी, लेकिन इसका प्रीमियर हुआ था पांच अक्टूबर 1995 को और ये फ़िल्म रिलीज हुई अगले दिन यानी छह अक्टूबर 1995 को।

बॉबी देओल को सिनेमा में आए 30 साल पूरे हो गए। इन 30 साल में बॉबी देओल से कई बार मुलाकातें हुईं, लंबी लंबी बातें हुईं और हर बार बात यही सामने आई कि बॉबी देओल के भीतर अब भी बहुत कुछ ऐसा बतौर अभिनेता है, जो बाहर आना बाकी है। वह कहते भी हैं कि जब तक जीवन के एंड क्रेडिट्स रोल हों, तब तक वह अभी बहुत कुछ करना चाहते हैं। बॉबी देओल को मैं तब 'एंग्री यंग ब्वॉय' कहकर बुलाया करता था, बाद में ये उनका निकनेम भी लंबे अरसे तक बना रहा। 1995 में रिलीज हुई फ़िल्म 'बरसात' ही हमारे आज के बाइस्कोप की फ़िल्म है।

एक ख़ास मुलाक़ात में बॉबी देओल मुझे बताते हैं, "फ़िल्म 'बरसात' के लिए मैंने पहला शॉट तब दिया था जब इसे शेखर कपूर निर्देशित कर रहे थे। मुझे एक विशालकाय सेट की सीढ़ियों से मुस्कुराते हुए नीचे उतरना था। ये बतौर हीरो मेरा पहला शॉट था। बाद में शेखर कपूर को 'बैंडिट क्वीन' निर्देशित करने का मौका मिल गया, तो उन्होंने 'बरसात' छोड़ दी और राजकुमार संतोषी ने ये फ़िल्म निर्देशित की। रिलीज़ हुई फ़िल्म में जो मेरा पहला शॉट है, वह शूटिंग के आखिरी दिन फिल्माया गया है।"

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## 'सांझ की बेला' में छूटता अपने ही बच्चों का साथ

हाल ही में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में वृद्धाश्रम में रह रहीं शोभा देवी के निधन के बाद जब बेटे को सूचना दी गई, तो उसने मां का शव लेने से साफ इनकार कर दिया। बेटे ने कहा कि घर में शादी है। शव आने से अपशगुन होगा। फ्रीजर में रखवा दीजिए, बाद में देख लेंगे। घंटों तक मां का पार्थिव शरीर वृद्धाश्रम में ही पड़ा रहा। अंततः प्रशासन ने हस्तक्षेप कर अंतिम संस्कार करवाया। इस घटना ने मां के जीवन भर के त्याग, ममता, समर्पण और प्रेम का मानो सार्वजनिक अपमान कर दिया। यह प्रसंग केवल एक परिवार की असफलता नहीं, बल्कि सभ्यता की आत्मा पर लगा सबसे बड़ा प्रश्नचिन्ह है।

यह घटना दिखाती है कि कैसे आज की भागदौड़ और दिखावे की जिंदगी में बुजुर्गों को बोझ समझने की मानसिकता बढ़ रही है, जो हमारे संस्कारों और संवेदनाओं के लिए बड़ा खतरा है। यह घटना केवल एक समाचार नहीं थी, बल्कि हमारी आत्मा को कंपाने वाला सच था। एक मां जिसने जीवन भर अपने बच्चे के लिए हर दर्द सहा, हर कठिनाई झेली, हर सपने को अपने खून-पसीने से सींचा, उसे उसके ही बेटे ने अंतिम समय में ठुकरा दिया। भारतीय समाज में माता-पिता को देवता समान माना जाता है। हमारे शास्त्र कहते हैं कि मातृदेवो भव, पितृदेवो भव। पर आधुनिक समय में यह पवित्र वाक्य केवल किताबों में रह गया है।




डॉ. नीलू तिवारी

शिक्षिका


व्यवहार में उन माता-पिता के लिए समय निकाल पाना कठिन होता जा रहा है, जिन्होंने बच्चों की हर मुश्किल में उनके लिए जीवन समर्पित किया। यह घटना उसी विसंगति का चरम रूप है, जब एक मां की अर्थी भी बेटे के लिए बोझ बन गई। शादी है, माहौल खराब हो जाएगा, मेहमान क्या कहेंगे? लेकिन कोई यह नहीं पूछता कि एक मां का दिल कितनी बार टूटा होगा, जब उसका बेटा यह निर्णय ले रहा था। मां तो जीवन में कभी भी अपने बच्चों को दोष नहीं देती। अपने अंत समय में भी शायद उसने बेटे को माफ कर दिया होगा, लेकिन सवाल यह है कि क्या समाज यह गलती कभी माफ करेगा?

इस घटना को समझने से पहले हमें उस मां की कल्पना करनी चाहिए, जो जीवन भर अपने बच्चों के लिए जीती रही होगी। वह मां जिसने अपनी थाली से निवाला निकालकर बेटे के सामने रखा होगा, अपने सपनों की कीमत पर बेटे के सपनों को संवारा होगा। वह मां, जिसने शायद अनगिनत बार अपने बच्चे की छोटी-छोटी खुशियों में जीवन की सारी परेशानियां भुला दी होंगी। यह वही मां है, जिसे अंतिम समय में अपने घर की नहीं, अपने बेटे की नहीं, अपने समाज की नहीं, बल्कि शगुन-अपशगुन की कठोर परंपरा की कोठरी में बंद कर दिया गया। क्या इससे बड़ा कोई क्रूर मजाक हो सकता है कि जिसने बेटे को जीवन दिया, वही अपने अंतिम सम्मान के लिए पराया हो जाए?

देश में 2023 के अनुसार, लगभग 14 करोड़ बुजुर्ग हैं और 2050 तक यह संख्या 30 करोड़ तक पहुंचने की संभावना है। रिपोर्ट बताती हैं कि इस बढ़ती बुजुर्ग जनसंख्या के साथ-साथ उनके प्रति उपेक्षा की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में बुजुर्गों के खिलाफ मानसिक उत्पीड़न के मामले लगभग 11 प्रतिशत और भावनात्मक उपेक्षा के मामले 20 फीसदी से भी अधिक पाए गए। इसका अर्थ है कि हर पांच में से एक बुजुर्ग किसी न किसी रूप में अपमान, असम्मान या भावनात्मक अकेलेपन से गुजर रहा है। ऐसे में यह समझना कठिन नहीं कि एक पुत्र उस मां का ऋण तक महसूस न कर पाया, जिसने उसे हथेली पर उठा-उठाकर बड़ा किया हो। यह घटना उन आंकड़ों को मानवीय चेहरा देती है, जिनमें छिपी पीड़ा को अक्सर समाज नजरअंदाज करता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# साइबर सिक्योरिटी
## पासवर्ड ही नहीं करियर भी बनाएं स्ट्रांग



यह बात कहने में कोई भी गुरेज नहीं होना चाहिए कि डिजिटल दुनिया तेजी से बढ़ रही है और इसके साथ साइबर हमलों की संख्या भी। आज हर छोटे-बड़े व्यवसाय, सरकारी संस्थान, बैंक, अस्पताल और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को अपनी ऑनलाइन डेटा सुरक्षा की चिंता रहती है। यही वजह है कि साइबर सुरक्षा एक्सपर्ट की जरूरत लगभग हर सेक्टर में महसूस की जा रही है। साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले विशेषज्ञ न केवल नेटवर्क, डेटा और सिस्टम को सुरक्षित रखते हैं, बल्कि भविष्य में होने वाले संभावित साइबर हमलों की पहचान भी करते हैं। यह क्षेत्र लगातार विकसित हो रहा है, इसलिए इसमें सीखने और आगे बढ़ने की संभावनाएं भी अनंत हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा का मुद्दा प्राथमिकता में बढ़ता ही जा रहा है, जिसके कारण कुशल साइबर सुरक्षा एक्सपर्ट पेशेवरों की मांग बढ़ती जा रही है। अमेरिकी श्रम सांख्यिकी ब्यूरो की माने तो साइबर सुरक्षा नौकरियों में वर्ष 2029 तक 31 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। यदि आपकी आईटी, कंप्यूटर विज्ञान या साइबर अपराध में रुचि है, तो साइबर सुरक्षा आपके लिए एक बेहतर करियर विकल्प हो सकता है।



ज्ञानेंद्र कुमार दीक्षित
असिस्टेंट प्रोफेसर, बीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ

### क्या है साइबर सिक्योरिटी

इंटरनेट की दुनिया में हमारे डेटा और डिजिटल गतिविधियों को सुरक्षित रखने में साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। सरल शब्दों में कहें तो साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ का काम हर ऑनलाइन गतिविधि को सुरक्षित बनाना, साइबर अपराधों की रोकथाम करना और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जांच करना होता है। यानी इंटरनेट पर किसी भी यूजर को हैकिंग, धोखाधड़ी या डेटा चोरी जैसे साइबर अपराधों से बचाने के लिए साइबर सिक्योरिटी का इस्तेमाल किया जाता है। तेजी से बढ़ती डिजिटल लाइफस्टाइल के कारण इस क्षेत्र में कुशल प्रोफेशनलों की मांग लगातार बढ़ रही है। आज इंटरनेट, स्मार्टफोन और डिजिटल उपकरणों का उपयोग जितनी तेजी से बढ़ रहा है, उतनी ही तेजी से साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की आवश्यकता भी बढ़ रही है। अनुमान है कि आने वाले 5 वर्षों में भारत को 5 लाख से अधिक साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल्स की जरूरत पड़ेगी। नैसकॉम की रिपोर्ट भी बताती है कि आईटी कंपनियां अब हर दस तकनीकी नियुक्तियों में से एक को साइबर सिक्योरिटी से जुड़े रोल में रख रही हैं। इसी वजह से यह सेक्टर युवाओं के लिए न केवल हाई पैकेज देने वाला, बल्कि लंबे समय तक स्थिर रहने वाला करियर विकल्प बन चुका है। साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट नेटवर्क और सिस्टम के लिए मजबूत सुरक्षा ढांचा तैयार करते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि किसी अनधिकृत व्यक्ति को नेटवर्क तक पहुंच न मिले। हमारे डिवाइस, डेटा और कम्युनिकेशन की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर होती है।



### योग्यता

- अंडरग्रेजुएट (UG) साइबर सिक्योरिटी कोर्सेज
- किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 उत्तीर्ण होना अनिवार्य।
- 10+2 में फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित अनिवार्य विषय होने चाहिए।
- कम से कम 50 प्रतिशत अंक आवश्यक।
- B.Tech साइबर सिक्योरिटी में प्रवेश के लिए निम्न एंट्रेंस एग्ज़ाम स्वीकार किए जाते हैं :
- JEE Main
- JEE Advanced
- BITSAT
- AP EAMCET

### उभरता हुआ करियर हॉटस्पॉट

साइबर सिक्योरिटी केवल तकनीक का विषय भर नहीं रह गया है, बल्कि यह तेजी से उभरता हुआ करियर हॉटस्पॉट बन चुका है। देश की कई यूनिवर्सिटीज, प्रशिक्षण संस्थान और ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म अब साइबर सिक्योरिटी, एथिकल हैकिंग और डिजिटल फॉरेंसिक जैसे आधुनिक कोर्स उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि युवा इस क्षेत्र की बढ़ती मांग को पूरा कर सकें। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाली एजेंसी इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (CERT-In) के अनुसार भारत वैश्विक स्तर पर साइबर सुरक्षा के एक मजबूत केंद्र के रूप में उभर रहा है। CERT-In की रिपोर्ट बताती है कि देश में इस क्षेत्र से जुड़े 400 से अधिक स्टार्टअप सक्रिय रूप से नई तकनीक और समाधान विकसित कर रहे हैं। इसके साथ ही भारत में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की संख्या 6.5 लाख से अधिक हो चुकी है, जो इस बात का संकेत है कि यह उद्योग न केवल तेजी से बढ़ रहा है, बल्कि रोजगार के बड़े अवसर भी पैदा कर रहा है।

### पोस्ट ग्रेजुएट साइबर सिक्योरिटी कोर्सेज

- उम्मीदवार के पास B.Tech / BE / BSc या संबंधित क्षेत्र में बैचलर्स डिग्री होनी चाहिए।
- बैचलर्स में न्यूनतम 50% अंक आवश्यक।
- कुछ टॉप कॉलेज PG प्रवेश मेरिट लिस्ट के आधार पर देते हैं।
- कई संस्थान निम्न परीक्षाओं के स्कोर पर जोर देते हैं:
- GATE
- UPSEE
- TANCET



### साइबर सिक्योरिटी कोर्सेज के लिए भारतीय यूनिवर्सिटीज

- एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर
- पीएसजी टेक कोयंबटूर
- हिट्स चेन्नई
- एसआरएम विश्वविद्यालय, चेन्नई
- निमास कोलकाता
- कालीकट विश्वविद्यालय
- NIELIT दिल्ली
- स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, कोलकाता
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)

## जॉब अलर्ट

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI)

- पद का नाम : स्पेशलिस्ट कैडर ऑफिसर्स (VP वेल्थ SRM, AVP वेल्थ RM, कस्टमर रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव)
- पदों की संख्या : 996
- योग्यता : ग्रेजुएशन
- आयु सीमा : 26-35 साल, पदों के अनुसार
- आवेदन अंतिम तिथि 23-12-2025
- वेबसाइट : sbi.bank.in

### द परभणी डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड

- पद का नाम : क्लर्क स्टेनोग्राफर और अन्य पद
- पद की संख्या : 152
- योग्यता : ग्रेजुएट अन्य योग्यता
- आयु : 21 से 38 साल
- आवेदन की अंतिम तिथि : 10/12/2025
- वेबसाइट www.parbhanidccbank.com

### सेंटर फॉर पर्सनल टैलेंट मैनेजमेंट

- पद का नाम : सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट-B (STA-B) और टेक्नीशियन-A (Tech-A)
- पदों की संख्या : 764
- योग्यता : DRDO वेबसाइट पर डिटेल्ड एडवर्टाइजमेंट में दी जाएगी
- आयु सीमा : 18–28 साल
- वेबसाइट : https://www.drdo.gov.in

### सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन




- पद का नाम : (असिस्टेंट सेक्रेटरी, असिस्टेंट प्रोफेसर और असिस्टेंट डायरेक्टर, अकाउंट्स ऑफिसर, सुपरिटेंडेंट, जूनियर ट्रांसलेशन ऑफिसर, जूनियर अकाउंटेंट, जूनियर असिस्टेंट)
- पदों की संख्या 124
- योग्यता : पदों के हिसाब से अलग-अलग होती है (संबंधित सब्जेक्ट में बैचलर/मास्टर डिग्री)
- आयु : 18 से 35 साल
- आवेदन की अंतिम तिथि : 22-12-2025
- वेबसाइट : https://www.cbse.gov.in

## कैंपस में पहला दिन
### पहले दिन भाषा ने उलझाया

बात वर्ष 2004 की है। पापा चाहते थे कि मैं मर्चेंट नेवी में नौकरी करूं, इसलिए उन्होंने मेरा दाखिला बीएससी नॉटिकल साइंस में चेन्नई की इंटरनेशनल मेरीटाइम एकेडमी में करा दिया। चेन्नई की इंटरनेशनल मेरीटाइम एकेडमी में बीएससी नॉटिकल साइंस में एडमिशन कराने के पीछे पापा का उद्देश्य यह था कि मैं मर्चेंट नेवी में नौकरी करने के लिए जाऊं। रविवार के दिन पापा के साथ अपने घर पिलखुआ से दिल्ली के लिए निकले। फिर यहां से ट्रेन पकड़ी और रात भर चलने के बाद अगले दिन सुबह चेन्नई पहुंच गए। यहां रेलवे स्टेशन से मेरी एकेडमी 35 किलोमीटर दूर थी, स्टेशन से हमने बस पकड़ी। उस बस का नंबर M-54 था। उस बस ने मुझे और मेरे पापा को लगभग एक घंटे में एकेडमी पहुंचा दिया। रास्ते में मैंने बस के अंदर एक दो यात्रियों से बात करने की कोशिश की, लेकिन, वे सब तमिल भाषा में बात कर रहे थे। मुझे हिंदी या फिर अंग्रेजी भाषा आती थी, वो न मेरी बात समझ पा रहे थे, न हम उनकी बात समझ रहे थे। खैर, मैंने अंग्रेजी में जब उनसे एकेडमी के बारे में पूछा तो उन्होंने मुझे उसकी कुछ जानकारी दी थी। प्रवेश के पहले दिन एकेडमी में पहुंचा, तब वहां ज्यादातर लोग तमिल भाषा में बात कर रहे थे, मुझे अंग्रेजी या हिंदी आती थी। किसी तरह एकेडमी के गेट पर गार्ड को अपना परिचय देकर अंदर गया। पापा साथ में थे। एकेडमी के मुख्य गेट से मिलकर दाखिले की प्रक्रियाएं पूरी कीं, दोपहर में 2 बजे हमने तमिल की कड़ी पत्ते वाली दाल-रोटी और चावल-सब्जी का स्वाद लिया। इसके बाद पापा चले आए। फिर मैंने एकेडमी घूमी और शाम 6 बजे तक एकेडमी में रहा। इसके बाद मैंने अपने हेड से चेन्नई के मरीना ब्रिज घूमने की अनुमति मांगी, घूमकर फिर एकेडमी आ गया। एडकेमी का पहला दिन मेरे जीवन का सबसे यादगार रहा। पहले दिन एकेडमी में भाषा ने मुझे खूब उलझाया।



**-दक्ष शर्मा पाराशर**
सदस्य, हिंदी भाषा समिति, (आयुष मंत्रालय) बरेली।

## नोटिस बोर्ड



- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज, लखनऊ में छह दिसंबर को मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में 10 वीं से लेकर परास्नातक तक की योग्यता रखने वाले 18 से 40 वर्ष तक के युवाओं को मौके मिलेंगे। इस मेले में 1500 से अधिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया होगी। मेले में टाटा मोटर्स, ऑटोमोबाइल कंपनियां, डिजिटल पब्लिक, इंडो ऑटो, जय भारत और सोलर सेक्टर से जुड़ी कुल 29 प्रमुख कंपनियां शामिल होंगी। इनमें टेक्नीशियन, डिजिटल मार्केटिंग, एचआर और ट्रेनिंग सहित विभिन्न प्रोफाइल पर भर्ती होगी।
- डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के अंतर्गत संचालित वोकेशनल पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इनमें बीबीए रीटेल मैनेजमेंट, इवेंट मैनेजमेंट और लॉजिस्टिक्स की परिक्षाएं होगी। ये परीक्षाएं 9 दिसंबर से शुरू होंगी। परीक्षाओं का समय सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक रखा गया है। बीबीए लॉजिस्टिक्स में प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी, जबकि अन्य में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं कराई जाएंगी।

## घर और परिवार के बीच भी है करियर अपॉर्चुनिटी

अक्सर महिलाएं घर और परिवार की जिम्मेदारियों में इतना व्यस्त हो जाती हैं कि अपने करियर और व्यक्तिगत लक्ष्यों को पीछे छोड़ देती हैं। नियमित नौकरी हर किसी के लिए संभव नहीं होती और इसी वजह से कई बार निराशा महसूस होती है, लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं कि अवसर खत्म हो गए हैं। बदलते समय के साथ होममेकर्स के लिए भी कई नए और रोमांचक करियर विकल्प मौजूद हैं। घर बैठे किए जा सकने वाले ये विकल्प न सिर्फ आपको आय का स्थिर स्रोत देंगे, बल्कि आपकी आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास को भी बढ़ाएंगे।

*–फीचर डेस्क*



- **कुकिंग करियर-** यदि आपको खाना बनाना पसंद है, तो इसे करियर में बदला जा सकता है। होम-बेस्ड फूड डिलीवरी सर्विस शुरू करना, यूट्यूब पर कुकिंग चैनल चलाना या ऑनलाइन कुकिंग क्लास लेना बेहतरीन विकल्प हैं। घर के किचन से ही यह करियर अच्छी कमाई का साधन बन सकता है।
- **फ्रीलांसिंग राइटिंग-** आज डिजिटल दुनिया में कंटेंट की मांग बहुत अधिक है। महिलाएं फ्रीलांस कंटेंट राइटर, ब्लॉगर या कॉपीराइटर के रूप में काम कर सकती हैं। इसके लिए केवल लैपटॉप और इंटरनेट की आवश्यकता होती है। फ्रीलांसिंग प्लेटफॉर्म्स पर हजारों मौके उपलब्ध रहते हैं।
- **हॉबी क्लासेज-** यदि आपके पास कोई खास कला या शौक है, जैसे पेंटिंग, म्यूजिक, डांस या हैंडीक्राफ्ट, तो इसे बच्चों और युवाओं को सिखाकर कमाई की जा सकती है। इससे आपका टैलेंट भी निखरेगा और दूसरों को सीखने का मौका मिलेगा।
- **मेकअप और ब्यूटी-** ब्यूटी और मेकअप में रुचि रखने वाली महिलाएं घर पर ही सैलून सर्विस शुरू कर सकती हैं या फ्रीलांस मेकअप आर्टिस्ट बन सकती हैं। शादी और पार्टियों के सीजन में इसका काम विशेष रूप से फलदायी हो सकता है।
- **क्राफ्ट आइटम सेलिंग-** यदि आप हैंडीक्राफ्ट या आर्टवर्क बनाने का शौक रखती हैं, तो इसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स जैसे Etsy, Amazon या सोशल मीडिया के जरिए बेच सकती हैं। इससे न केवल आय होगी, बल्कि आपके हुनर की भी पहचान बनेगी।






### ट्यूशन

घर से बच्चों को पढ़ाना हमेशा से महिलाओं के लिए एक लोकप्रिय विकल्प रहा है। आजकल ऑनलाइन ट्यूशन प्लेटफॉर्म्स भी तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। आप अपनी विषय-वस्तु की समझ के अनुसार बच्चों को पढ़ाकर अच्छी कमाई कर सकती हैं।

## बिजनेस ब्रीफ

### कोरोना रेमेडीज का आईपीओ आठ को

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी कोरोना रेमेडीज ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 1,008-1,062 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। इससे कंपनी का मूल्यांकन 6,500 करोड़ रुपये आंका गया है। निजी इक्विटी कंपनी क्रिसकैपिटल द्वारा समर्थित कंपनी ने बुधवार को कहा कि 655.37 करोड़का आईपीओ बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। आईपीओ आठ दिसंबर को अभिदान के लिए खुलेगा एवं 10 दिसंबर को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक पांच दिसंबर को बोली लगा पाएंगे। कोरोना रेमेडीज 15 दिसंबर को बाजार में कदम रखेगी।

### नेफ्रोप्लस आईपीओ से जुटाएगा 353 करोड़

**नई दिल्ली।** डायलिसिस सेवा प्रदाता कंपनी नेफ्रोकेयर हेल्थ सर्विसेज लिमिटेड अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में है। कंपनी का आईपीओ 10 दिसंबर को खुलकर 12 दिसंबर को बंद होगा। कंपनी आईपीओ के तहत 353 करोड़ रुपये से कुछ अधिक मूल्य के नये शेयर जारी करेगी। नेफ्रोकेयर हेल्थ सर्विसेज लिमिटेड अपने ब्रांड नेफ्रोप्लस के लिए जाने जाती है। आईपीओ दस्तावेजों (आरएचपी) के अनुसार, एंकर निवेशक नौ दिसंबर को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे।

### आईजीएक्स धन जुटाने को लाएगा आईपीओ

**नई दिल्ली।** इंडियन एनर्जी एक्सचेंज ने कहा कि इंडियन गैस एक्सचेंज (आईजीएक्स) के निदेशक मंडल ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए सार्वजनिक होने का फैसला किया है। इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) ने हालांकि निर्गम के आकार, उसको लाने के समय आदि संबंधी कोई विवरण नहीं दिया। शेयर बाजार को बुधवार को दी सूचना के अनुसार, आईईएक्स की अनुषंगी कंपनी आईजीएक्स लिमिटेड के निदेशक मंडल ने दो दिसंबर 2025 को आयोजित अपनी बैठक में आईजीएक्स लिमिटेड के 10 रुपये अंकित मूल्य के शेयर की आईपीओ की प्रक्रिया शुरू करने को मंजूरी दे दी है।

# श्रम संहिताएं अगले साल एक अप्रैल से होंगी लागू

## अधिसूचित कानून के तहत जल्द नियमों का मसौदा होगा जारी

- सीआईआई इंडियाएज 2025 में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी



सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम श्रम संहिताएं अगले साल एक अप्रैल से पूरी तरह से लागू होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने अधिसूचित कानून के तहत नियमों को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

सरकार ने चार श्रम संहिताओं... वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कामकाज स्थिति संहिता, 2020 को 21 नवंबर को अधिसूचित किया। किसी कानून को लागू करने के लिए, सरकार को उसके तहत नियमों को अधिसूचित करना आवश्यक है। इससे पहले, केंद्र और राज्य सरकारों को जनता की प्रतिक्रिया के लिए नियमों के मसौदे को प्रकाशित करने से पहले सार्वजनिक करना आवश्यक है।

श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को सीआईआई इंडियाएज 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि चार श्रम संहिताओं के तहत मसौदा नियम प्रकाशित किए जाने से पहले जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले केंद्र सरकार और राज्यों ने नियमों के मसौदे को पहले ही सार्वजनिक कर दिया था, लेकिन वह काफी समय पहले की बात है। अब मसौदे को वर्तमान समय के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नियमों के मसौदे को प्रकाशित करने से पहले, सरकार अधिसूचना के लिए उन्हें अंतिम रूप देने से पहले जनता की टिप्पणियों को लेकर 45 दिन का समय देगी। अधिकारी ने यह भी बताया कि सरकार का मकसद नए वित्त वर्ष की शुरुआत यानी एक अप्रैल से इन चारों संहिताओं के क्रियान्वयन के लिए नियम लागू करने का है।

### 2026 तक 100 करोड़ श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किए जाने का लक्ष्य : मांडविया



केंद्रीय श्रम मंत्री मांडविया ने मार्च, 2026 तक 100 करोड़ श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लक्ष्य को पूरा करने की सरकार की मंशा का भी जिक्र किया। यह अभी फिलहाल 94 करोड़ है। सामाजिक सुरक्षा दायरा 2015 के 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64 प्रतिशत से अधिक हो गया है। चूंकि श्रम एक समवर्ती विषय है, इसलिए संबंधित सरकारों...केंद्र और राज्यों... को देश भर में इन्हें पूरी तरह से लागू करने के लिए चारों संहिताओं के तहत नियमों को अधिसूचित करना होगा। मंत्री ने श्रम संहिताओं के विभिन्न प्रावधानों का उल्लेख किया। इसमें अनिवार्य नियुक्ति पत्र, 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, समान कार्य समान वेतन और महिलाओं को विभिन्न पालियों में काम करने के समान अवसर शामिल हैं।

### कार्य घंटे अब भी आठ घंटे प्रतिदिन

केंद्रीय श्रम मंत्री मांडविया ने सम्मेलन में एक सत्र के दौरान प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि नई संहिताओं के तहत एक कर्मचारी के लिए कार्य घंटे अभी भी आठ घंटे प्रतिदिन है। इस प्रमुख श्रम सुधार में 29 मौजूदा श्रम कानूनों को सुसंगत बनाते हुए उन्हें इसमें एकीकृत किया गया है। मांडविया ने कहा कि नई रूपरेखा कर्मचारी को 'ओवरटाइम' का विकल्प प्रदान करती है, जो एक अंतर्राष्ट्रीय चलन है।

# देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर नवंबर में बढ़ी : पीएमआई

- सेवा सूचकांक अक्टूबर के 58.9 से बढ़कर नवंबर में 59.8 पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर में नवंबर में तेजी दर्ज की गई। नए व्यवसाय में तेजी और कीमतों में नरमी इसकी मुख्य वजह रही। बुधवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अक्टूबर के 58.9 से बढ़कर नवंबर में 59.8 पर पहुंच गया। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है।

एचएसबीसी की भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि देश का सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अक्टूबर के 58.9 से बढ़कर नवंबर में 59.8 आ गया। यह बढ़ोतरी मजबूत नए से प्रेरित रही, जिसने उत्पादन वृद्धि को बढ़ावा दिया।

### समग्र उत्पादन सूचकांक 59.7 पर पहुंचा


एचएसबीसी इंडिया समग्र उत्पादन सूचकांक अक्टूबर के 60.4 से नवंबर में 59.7 पर आ गया जो मई के बाद से सबसे धीमी वृद्धि दर को दर्शाता है। समग्र पीएमआई सूचकांक तुलनीय विनिर्माण व सेवा पीएमआई सूचकांकों का भारित औसत है। ये भार आधिकारिक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के सापेक्ष आकार को दर्शाते हैं। भंडारी ने कहा कि प्रतिस्पर्धा एवं राज्य चुनाव से व्यवधानों की चिंताओं के बीच, नवंबर में आने वाले वर्ष के प्रति आशावाद कम हो गया। कंपनियों को अनुकूल मांग, सोशल मीडिया पर उपस्थिति, विपणन पहल और कीमतों में वृद्धि को न्यूनतम रखने की योजनाओं के दम पर अब भी उत्पादन वृद्धि की उम्मीद है।

# भारत की दिवाला समाधान व्यवस्था ग्रुप बी में

- वैश्विक एजेंसी एसएंडपी ने बढ़ाई रैंकिंग, समाधान ढांचे व आईबीसी कानून के प्रदर्शन पर किया निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने बुधवार को भारत की दिवाला समाधान व्यवस्था के लिए अपनी रैंकिंग को बढ़ाकर 'ग्रुप-बी' कर दिया। यह संशोधन ऋणदाताओं के अनुकूल माने जा रहे दिवाला समाधान ढांचे और आईबीसी कानून के बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।




एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) से ऋण अनुशासन मजबूत हुआ है और समाधान प्रक्रिया का संतुलन स्पष्ट रूप से ऋणदाताओं के पक्ष में है। इस वजह से अब प्रवर्तकों के लिए अपने व्यवसाय पर नियंत्रण गंवाने का जोखिम बढ़ गया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि बदले हुए हालात में दिवाला समाधान की मूल्यांकन रैंकिंग को ग्रुप-सी से बढ़ाकर ग्रुप-बी कर दिया गया है। एसएंडपी ने कहा कि यह संशोधन इसलिए किया गया है क्योंकि हमने भारत के दिवाला समाधान ढांचे का आकलन बदला है। हमें लगता है कि यह ढांचा ऋणदाताओं के लिए पहले की तुलना में अधिक अनुकूल होकर 'कमजोर' से 'मध्यम' हो गया है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि आईबीसी के तहत जारी सफल कर्ज समाधान, बेहतर समयसीमा और वसूली दर इसकी प्रमुख वजहें हैं। दिवाला समाधान के दौरान बकाया कर्ज का औसत वसूली मूल्य 15-20 प्रतिशत से बढ़कर अब 30 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

### समाधान में लगने वाला समय घटाकर किया गया दो साल

फंसे कर्जों के समाधान में लगने वाला औसत समय भी छह-आठ साल से घटकर लगभग दो साल रह गया है। हालांकि, एजेंसी ने कहा कि भारत की दिवाला समाधान व्यवस्था अब भी ग्रुप-ए और ग्रुप-बी के कुछ देशों से पीछे है। लगभग 30 प्रतिशत बकाया वसूली दर को दूसरे उन्नत देशों में कम माना जाता है। एसएंडपी ने यह भी कहा कि समाधान प्रक्रिया में लगभग दो साल का समय लगने के बावजूद अब भी दिवाला प्रक्रिया में अनिश्चितता बनी रहती है। कई मामलों में कानूनी चुनौतियों, आवेदन की प्रारंभिक प्रक्रिया और समाधान योजनाओं के क्रियान्वयन के कारण विलंब होता है।

# रुपये की विनिमय दर में आगे भी आएगी गिरावट


- ईएसी-पीएम के सदस्य नीलेश शाह बोले- 90 रुपये प्रति डॉलर अब नई सामान्य स्थिति
- कहा- दबाव की वजह मुद्रास्फीति का ऊंचा स्तर व व्यापार साझेदार देशों की तुलना में कम उत्पादकता

मुंबई, एजेंसी

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के अंशकालिक सदस्य नीलेश शाह ने बुधवार को रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिरने के बीच कहा कि भविष्य में भी रुपये की विनिमय दर में गिरावट जारी रह सकता है और 90 रुपये के स्तर को अब 'नई सामान्य स्थिति' माना जाना चाहिए। कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड के प्रबंध निदेशक शाह ने कहा कि रुपये पर दबाव की मुख्य वजह भारत में मुद्रास्फीति का ऊंचा स्तर और व्यापार साझेदार देशों की तुलना में कम उत्पादकता हैं।

उन्होंने कहा कि रुपये की किस्मत में विनिमय दर में गिरावट होना ही है क्योंकि हमारी मुद्रास्फीति कारोबारी साझेदारों से अधिक है जबकि उत्पादकता उनसे कम है। ऐसे में हर साल रुपये में दो-तीन प्रतिशत की गिरावट सामान्य मानी जानी चाहिए। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपया बुधवार को पहली बार 90 रुपये प्रति डॉलर के नीचे चला गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 25 पैसे टूटकर 90.21 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो इसका अब तक का सबसे निचला स्तर है। इस संदर्भ में शाह ने कहा कि निवेश प्रवाह और अन्य कारक अल्पावधि में रुपये को अस्थायी रूप से मजबूत या कमजोर कर सकते हैं लेकिन दीर्घावधि में रुपये के स्थायी रूप से मजबूत होने की गुंजाइश नहीं दिख रही है।

### रुपये में गिरावट चिंता का विषय नहीं : सीईए नागेश्वरन



**नई दिल्ली।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि सरकार रुपये में गिरावट को लेकर चिंतित नहीं है जो डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर को पार कर गया है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के कार्यक्रम से इतर उन्होंने कहा कि रुपये में गिरावट का मुद्रास्फीति या निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। उन्होंने हालांकि अगले वर्ष रुपये में सुधार की उम्मीद जाहिर की। रुपया बुधवार को कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.30 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। विदेशी पूंजी की निकासी और बैंकों की ओर से डॉलर की सतत खरीद के बीच घरेलू मुद्रा दबाव में रही। इसके अलावा घरेलू शेयर बाजार में गिरावट तथा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर असमंजस ने स्थानीय मुद्रा पर और दबाव डाला।

## राष्ट्रीय

# लोस में केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक पारित

## चर्चा और वित्त मंत्री के जवाब के बाद विधेयक को ध्वनिमत से दी गई मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा ने बुधवार को केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 को पारित हुआ, जिसमें तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद समान कर बोझ रखने के लिए उत्पाद शुल्क लगाने का प्रावधान है। उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 में संशोधन वाले विधेयक को चर्चा व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद ध्वनिमत से पारित किया गया।

वित्त मंत्री ने कहा कि तंबाकू और इसके उत्पादों पर उत्पाद शुल्क लगाने से जीएसटी क्षतिपूर्ति कर समाप्त करने के बाद भी कर का बोझ समान रहेगा। चूंकि जीएसटी में अधिकतम कर दर 40% है, इसलिए यदि जीएसटी उपकर हटाया जाता है और उत्पाद शुल्क नहीं लगाया जाता है तो तंबाकू पर कुल कर बोझ कम हो जाएगा। कर बोझ जीएसटी मुआवजा उपकर के दौरान जितना था, उससे कम न हो, हम यह कर लेकर आ रहे हैं।

### तंबाकू पर 28% जीएसटी सहित अलग दरों पर उपकर



विधेयक में प्रस्ताव है कि तंबाकू उत्पादों-जैसे सिगरेट, चबाने वाला तंबाकू, सिगार, हुक्का, ज़र्दा और सुगंधित तंबाकू पर लगाए जा रहे जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर को हटाकर उसकी जगह उत्पाद शुल्क लगाया जाए। वर्तमान में तंबाकू पर 28 प्रतिशत जीएसटी के साथ अलग-अलग दरों पर उपकर लगता है। विधेयक में अपरिष्कृत (कच्चे) तंबाकू पर 60-70 प्रतिशत उत्पाद शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। सीतारमण ने कहा कि यह विधेयक इसलिए आवश्यक है क्योंकि कोविड के दौरान राज्यों के राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए केंद्र द्वारा लिया गया ऋण कुछ ही हफ्तों में चुका दिया जाएगा, जिसके बाद मुआवजा उपकर लेना रोक दिया जाएगा।

### मुआवजा उपकर तंत्र की अवधि बढ़ाई

सीतारमण ने कहा कि केंद्र सुनिश्चित करना चाहता है कि उत्पाद शुल्क फिर से हमारे पास आ जाए ताकि हम यह ड्यूटी लगा सकें। 1 जुलाई, 2017 को जीएसटी लागू करते समय राज्यों को जीएसटी से हुए राजस्व हानि की भरपाई के लिए मुआवजा उपकर तंत्र स्थापित हुआ था, जिसकी अवधि प्रारंभ में 5 वर्ष (30 जून 2022 तक) थी। बाद में मुआवजा उपकर की अवधि 4 वर्ष बढ़ाकर 31 मार्च 2026 की गई, और इस अवधि में संग्रहित राशि का उपयोग कोविड काल में राज्यों की जीएसटी कमी की भरपाई के लिए केंद्र द्वारा लिए गए 2.69 लाख करोड़ रुपये के ऋण के पुनर्भुगतान में किया जा रहा है।

### नया कानून नहीं, अतिरिक्त कर नहीं

सीतारमण ने विधेयक पर कुछ विपक्षी सदस्यों की चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि यह नया कानून नहीं है, और कोई अतिरिक्त कर भी नहीं है। कुछ सदस्यों का मानना है कि यह उपकर है जिसका लाभ केंद्र को मिलेगा, जबकि ऐसा नहीं है। यह उपकर नहीं है, बल्कि उत्पाद शुल्क है जो डिविसिबल (विभाज्य) पूल में जाएगा। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में सिगरेट पर खुदरा मूल्य के अनुसार कर बोझ 53% रहा है, जबकि डब्ल्यूएचओ का मानक 75 है।

### हम नहीं चाहते सिगरेट किफायती रहे

वित्त मंत्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन जैसे देशों में तो यह दर 80 से 85% है। हम नहीं चाहते कि सिगरेट किफायती रहे। तंबाकू उत्पादक किसानों को लेकर कुछ सदस्यों की चिंताओं पर वित्त मंत्री ने कहा कि फसल विविधीकरण योजना के तहत 10 बड़े तंबाकू उत्पादक राज्यों में 2015 से तंबाकू किसानों को वैकल्पिक फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने तेलंगाना में मिर्च, ओडिशा में सब्जी और कर्नाटक में सोयाबीन तथा गन्ना जैसी फसलों के लिए तंबाकू किसानों को सहायता देने के प्रयासों का जिक्र किया।

### दिल्ली में प्रदूषण रोजाना 50 सिगरेट पीने के जैसा : सुप्रिया

राकांपा (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले ने दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति का उल्लेख करते हुए लोकसभा में कहा कि दिल्ली में घूमने का मलतब एक दिन में 50 सिगरेट पीने जैसा है। उन्होंने केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक पर चर्चा के दौरान टिप्पणी की। सुले ने कहा कि सरकार को वायु प्रदूषण से निपटने को सांसदों का सहयोग लेना चाहिए। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से आग्रह है कि सांसदों से बात कीजिए और लक्ष्य दीजिए कि क्या किया जा सकता है। विधेयक पर शिवसेना (उबाठा) के सांसद अनिल देसाई ने कहा कि लाखों किसान और श्रमिक तंबाकू उत्पादन से जुड़े हैं और उनकी आजीविका का सवाल है। शिवसेना के रवींद्र वायकर और भाजपा सांसद अरुण गोविल ने इस विधेयक को नशा के प्रति सर्जिकल स्ट्राइक बताया।



## वायु गुणवत्ता आंकड़ों की गणना में छेड़छाड़ संभव नहीं : सीपीसीबी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने बुधवार को वायु गुणवत्ता के आंकड़ों में हेरफेर के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि निगरानी केंद्र स्वचालित हैं तथा गणना एवं निगरानी में कोई मानवीय हस्तक्षेप संभव नहीं है।

दिल्ली सरकार पर वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों के आसपास पानी का छिड़काव करने तथा प्रदूषण के उच्च स्तर पर होने के दौरान उन्हें बंद करने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि अक्टूबर में दिवाली के दौरान पटाखों से प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों को बंद कर दिया गया था। सीपीसीबी के अध्यक्ष वीर विक्रम यादव ने कहा कि निगरानी और डेटा संग्रह स्वचालित है... स्टेशन हर 15 मिनट में डेटा तैयार करते हैं और हर घंटे एक्यूआई की गणना की जाती है, जिसके बाद औसत एक्यूआई तैयार किया जाता है। ये स्टेशन स्वचालित हैं, और इसलिए किसी भी तरह का मानवीय हस्तक्षेप या हेरफेर संभव नहीं है।

# आरोपी को 55 तारीखों पर नहीं किया पेश, जांच शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी



- महाराष्ट्र का मामला, जेल महानिदेशक को दो महीने में रिपोर्ट पेश करने का आदेश

उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र पुलिस की ओर से जमानत पर सुनवाई के लिए एक आरोपी को 55 तारीखों पर न्यायालय में पेश न करने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए राज्य के जेल महानिदेशक को इस मामले की जांच करने और रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। चाकू मारने के मामले में आरोपी शशि उर्फ शाही चिकना विवेकानंद जुरमानी को जमानत देते हुए जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि जेल अधिकारियों के इस आचरण से वे ''स्तब्ध'' हैं।

पीठ ने महाराष्ट्र के जेल महानिदेशक को किसी को भी बचाने की कोशिश न करने की चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में उन पर कार्रवाई की जाएगी। इस मामले की जांच करने और दो महीने के अंदर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया। जांच रिपोर्ट की समीक्षा के लिए मामले को 3 फरवरी 2026 को सूचीबद्ध किया गया है। पीठ ने कहा, आरोपी को सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष पेश करना न केवल मुकदमे के शीघ्र निस्तारण के लिए जरूरी है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण सुरक्षा उपाय भी है ताकि कैदी के साथ कोई दुर्व्यवहार न हो। पीठ ने कहा, इस मूलभूत सुरक्षा उपाय का गंभीर उल्लंघन हुआ है, जो चौंकाने वाला और निंदनीय है। हम इसका कड़ा विरोध करते हैं।

मामले में 15 अक्टूबर 2021 को उल्हासनगर के विठ्ठलवाड़ी थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी, जिसमें आरोप था कि याचिकाकर्ता और सह आरोपी उमेश उर्फ ओमी बंसीलाल किशनानी ने मृतक और पुलिस कांस्टेबल पर चाकू से हमला किया था। मरने से पहले सिपाही ने कहा था कि दोनों ने उससे मारपीट की थी।

### मौखिक दलीलें 15 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए

दिल्ली दंगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के आरोपियों की ओर से पेश वकीलों को अपनी मौखिक दलीलें 15 मिनट तक सीमित रखने का बुधवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि आरोपियों के वकीलों की दलीलों पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू को स्पष्टीकरण के लिए 30 मिनट का समय मिलेगा। पीठ ने मामले की सुनवाई नौ दिसंबर के लिए निर्धारित करते हुए कहा कि दोनों पक्षों की तरफ से दलीलें प्रस्तुत की जा चुकी हैं। हमारा मानना है कि एक समय-सारिणी तय किए जाने की आवश्यकता है। मौखिक दलीलें 15 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए और एएसजी द्वारा स्पष्टीकरण 30 मिनट से अधिक नहीं होना चाहिए।

### मानवीय आधार पर गर्भवती महिला और उसके बच्चे को भारत में प्रवेश की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महीनों पहले बांग्लादेश निर्वासित की गई गर्भवती महिला और उसके आठ साल के बच्चे को 'मानवीय आधार' पर भारत में प्रवेश की बुधवार को अनुमति दे दी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार को नाबालिग बच्चे की देखभाल करने और बीरभूम जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को गर्भवती महिला सुनाली खातून को हर संभव चिकित्सा सहायता मुहैया कराने का निर्देश दिया। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के इस बयान पर गौर किया कि सक्षम प्राधिकारी ने मानवीय आधार पर महिला और उसके बच्चे को देश में प्रवेश देने की सहमति जता दी है और उन्हें निगरानी में रखा जाएगा।

# विशेषाधिकार प्रस्ताव से जुड़े सवाल पर रेणुका बोलीं- भौं-भौं

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस सांसद की टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर आ गई मीम की बाढ़

कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने संसद परिसर में कुत्ता लाने को लेकर उनके खिलाफ सत्तापक्ष के कुछ सदस्यों द्वारा विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने की मांग को लेकर बुधवार को पूछे गए सवाल पर दो बार 'भौं-भौं' बोलकर जवाब दिया। उनकी इस टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर मीम की बाढ़ आ गई है।

विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने की तैयारी संबंधी खबरों पर राज्यसभा सदस्य चौधरी ने संसद परिसर में कहा, भौं-भौं...मुझे और क्या कहना चाहिए। कांग्रेस सांसद से आगे सवाल किया गया कि वह क्या करेंगी, तो उन्होंने कहा कि जब यह आएगा तो हम देखेंगे, समस्या क्या है। जब यह (विशेषाधिकार प्रस्ताव) आएगा, तो मैं मुंह तोड़ जवाब दूंगी। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने न केवल संसद की मर्यादा और गरिमा को ठेस पहुंचाई, बल्कि वहां काम करने वाले सभी सांसदों, सुरक्षाकर्मियों, अधिकारियों और दूसरे कर्मचारियों का अपमान किया। सांसद शीसोमवार को संसद परिसर में कार में कुत्ता लाने को लेकर विवादों में घिर गई हैं।

# रेलवे ने आरक्षण काउंटर से लिए तत्काल टिकट के लिए ओटीपी किया अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी




- अंतिम समय में टिकट बुकिंग सुविधा के दुरुपयोग को रोकने के लिए रेल मंत्रालय ने उठाया कदम
- योजना की शुरुआत कुछ ट्रेन से हुई और जल्द संख्या बढ़ाकर 52 कर दी गई

रेलवे आरक्षण काउंटर से तत्काल' ट्रेन टिकट बुक करने के लिए यात्रियों को अब मोबाइल फोन पर प्राप्त होने वाला वन-टाइम पासवर्ड बताना होगा। इस कदम का उद्देश्य अंतिम समय में टिकट बुकिंग सुविधा के दुरुपयोग को रोकना है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

रेल मंत्रालय ने 17 नवंबर को परीक्षण आधार पर आरक्षण काउंटर से बुक टिकट के लिए ओटीपी-आधारित तत्काल टिकट प्रणाली शुरू की। इसकी शुरुआत कुछ ट्रेन से हुई और जल्द ही इसकी संख्या बढ़ाकर 52 कर दी गई।

मंत्रालय ने कहा कि कुछ दिनों में काउंटर से टिकट के लिए यह आरक्षण प्रणाली शेष सभी ट्रेन के लिए लागू कर दी जाएगी। इसके अनुसार, ओटीपी-आधारित तत्काल आरक्षण प्रणाली का प्रस्ताव आम उपयोगकर्ताओं के लिए अंतिम समय में टिकट बुकिंग सुविधा को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए किया गया है। इस प्रणाली के तहत आरक्षण काउंटर पर तत्काल टिकट बुक करते समय यात्री को आरक्षण फॉर्म में दिए गए मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी प्राप्त होता है। ओटीपी सत्यापन सफल होने के बाद ही टिकट की पुष्टि की जाती है। इस पहल का उद्देश्य तत्काल सुविधा के दुरुपयोग को रोकना और यह सुनिश्चित करना है कि वास्तविक यात्रियों को यह टिकट मिले। यह रेलवे टिकट व्यवस्था में पारदर्शिता, यात्री सुविधा और सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय ने यात्रियों को टिकट आरक्षण तक उचित पहुंच प्रदान करने तथा बुकिंग एजेंटों को प्रणाली का दुरुपयोग करने से हतोत्साहित करने के लिए कुछ उपाय शुरू किए हैं।

अमृत विचार



## लोकनृत्य की प्रस्तुति



कोलकाता में अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते हुए लोक कलाकार।

# आधार एप : घर बैठे बदलें नाम-मोबाइल नंबर

आधार कार्ड में बदलाव के लिए अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। सरकार ने इसके लिए एक नया आधार एप लांच किया है जिसकी मदद से अब आप घर बैठे आधार कार्ड में पंजीकृत अपना मोबाइल नंबर बदल सकते हैं। सरकार ने नए आधार एप में इस सुविधा को शुरू कर दिया है। वहीं, एड्रेस, नाम और ईमेल आईडी भी अपडेट करने की सुविधा जल्द शुरू होगी। यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने नई डिजिटल सेवा को शुरू करने की घोषणा की है। इन बदलावों के लिए आपको किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं होगी। एप पर ओटीपी वेरिफिकेशन और फेस ऑथेंटिकेशन से सबकुछ बदला जा सकेगा। इस सेवा के शुरू होने से दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोग, वरिष्ठ नागरिकों को काफी सुविधा होगी। इस सुविधा के लिए आपको कोई डाक्यूमेंट नहीं देने होंगे।

### पिछले महीने ही लांच हुआ आधार एप

एक महीने पहले यूआईडीएआई ने आधार कार्ड का नया मोबाइल एप लॉन्च किया था। इसमें यूजर एक ही फोन में 5 लोगों के आधार रख सकते हैं। इसमें आधार की सिर्फ वही जानकारी शेयर करने का ऑप्शन है, जो जरूरी होते हैं। इस एप में आप यूपीआई में जिस तरह स्कैन कर पेमेंट करते है, उसी तरह आधार डिटेल्स शेयर कर सकते हैं। एप को ज्यादा सिक्योर बनाने के लिए इसमें फेस ऑथेंटिकेशन जैसे फीचर्स जोड़े गए हैं।




### एप में ऐसे अपडेट करें मोबाइल नंबर

छह अंकों का पिन डालकर आधार एप में लॉगिन करें। स्क्रोल करके नीचे जाएं फिर सर्विसेज में माय आधार अपडेट पर क्लिक करें। सबसे पहले मोबाइल नंबर अपडेट का विकल्प आएगा जिसे क्लिक करें और यहां दिया हुआ यहां जरूरी संदेश पढ़ने के बाद कंटिन्यू पर क्लिक करें। मौजूदा मोबाइल नंबर डालें और ओटीपी को वेरिफाई करें। इसके बाद नया मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी को वेरिफाई करें। इसके बाद आपका फेस ऑथेंटिकेशन होगा, कैमरे में देखकर एक बार आंख बंद करें खोलें। पेमेंट के ऑप्शन पर 75 जमा करने के बाद प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

### यह प्रक्रिया अपनानी होगी

यूआईडीएआई के मुताबिक एप के जरिए आधार में अपडेट की प्रोसेस काफी सिंपल है। इसके लिए कोई डॉक्यूमेंट या फिजिकल विजिट की जरूरत नहीं है। पूरी प्रोसेस कुछ मिनटों में हो जाएगी। सबसे पहले आपको आधार एप डाउनलोड करना होगा। यहां अपना आधार नंबर डालकर लॉगिन करना होगा। इसके बाद आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपीजाएगा जिसका वेरिफिकेशन करना होगा। इसके बाद आगे इस्तेमाल के लिए 6 अंकों का लॉगिन पिन सेट करना होगा।

### क्यों जरूरी है आधार मोबाइल अपडेट

आधार कार्ड देश की सबसे बड़ी आइडेंटिटी सर्विस है, जिसमें 130 करोड़ से ज्यादा लोगों का डेटा जुड़ा हुआ है। मोबाइल नंबर इसका सबसे अहम हिस्सा है क्योंकि इसी से ओटीपी के जरिए बैंक अकाउंट, सरकारी सब्सिडी, इनकम टैक्स वेरिफिकेशन और डिजिटल सर्विसेज जैसे डिजीलॉकर तक एक्सेस मिलता है। अगर नंबर पुराना हो जाए या खो जाए तो कई समस्याएं हो सकती हैं। अभी तक इसे अपडेट करने के लिए आधार सेंटर जाना पड़ता था, जहां लंबी कतारों का झंझट होता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### भारत ने श्रीलंका भेजे 70 चिकित्साकर्मी

**कोलंबो।** भारतीय उच्चायोग ने बुधवार को बताया कि चक्रवात दितवा से आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन के बाद भारत ने श्रीलंका को एक सचल अस्पताल और 70 से अधिक चिकित्साकर्मी भेजे हैं। बाढ़ और भूस्खलन से जूझ रहे श्रीलंका में अवसंरचनाएं ध्वस्त होने से कई जिले अलग-थलग पड़ गए हैं और देश की आपदा प्रतिक्रिया क्षमता पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। चक्रवात के प्रभाव से बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में 465 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 366 लोग लापता हैं। भारतीय उच्चायोग ने बताया कि भारत ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए 70 से अधिक चिकित्साकर्मी भेजे हैं।

### खालिदा के इलाज को पहुंचे ब्रिटेन से डॉक्टर

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के स्वास्थ्य की गंभीर स्थिति के मद्देनजर उनके उपचार में सहायता के लिए ब्रिटेन से चार सदस्यीय विशेषज्ञ चिकित्सा दल बुधवार को यहां पहुंचा। खालिदा जिया का यहां एक निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। डॉ. रिचर्ड ब्यूल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने यहां पहुंचने के तुरंत बाद एवरकेयर अस्पताल में भर्ती बीएनपी की अध्यक्ष खालिदा जिया (80) के स्वास्थ्य की स्थिति की समीक्षा की। डॉक्टरों ने उनका इलाज कर रही मेडिकल टीम से भी बात की।

### पाकिस्तान में विस्फोट तीन पुलिसकर्मी मृत

**पेशावर।** पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किए गए धमाके में तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि यह घटना दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के पनयाला इलाके में हुई। इस घटना में एएसआई गुल आलम, कांस्टेबल रफीक और मोबाइल वैन चालक सखी जान की मौत हो गई।

### फलस्तीनियों के लिए रफह सीमा खुलेगी

**यरुशलम।** इजराइल ने कहा कि वह गाजा से फलस्तीनियों को मिस्र पहुंचने में मदद के लिए आने वाले कुछ दिनों में रफह सीमा चौकी (क्रॉसिंग) खोलेगा। गाजा में सहायता पहुंचाने की जिम्मेदारी संभालने वाले इजराइली सैन्य निकाय सीओजीएटी ने एक बयान में यह जानकारी दी। हालांकि इसमें उसने यह नहीं बताया गया कि गाजा छोड़ने की अनुमति किन लोगों को होगी।

# प्रतिभा के प्रवाह में बाधाएं खड़ी करने वाले देश नुकसान में रहेंगे : जयशंकर

## गतिशीलता पर आयोजित एक सम्मेलन के संवादात्मक सत्र में बोले विदेश मंत्री

- उन्नत विनिर्माण के युग में और ज्यादा प्रतिभा की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि सीमाओं के पार पेशेवरों के प्रवाह में बहुत अधिक बाधाएं पैदा करने वाले देशों को कुल मिलाकर नुकसान होगा और भारत को अन्य देशों को यह समझाने की जरूरत है कि प्रतिभा का इस्तेमाल पारस्परिक लाभ के लिए है। गतिशीलता पर एक सम्मेलन में आयोजित संवादात्मक सत्र के दौरान दिए गए उनके बयान ट्रंप प्रशासन की आव्रजन पर सख्ती के अनुरूप अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा पर नया शुल्क लगाने के फैसले की पृष्ठभूमि में आए हैं।

जयशंकर ने कहा कि अगर वे प्रतिभा के प्रवाह में बहुत ज्यादा रुकावटें खड़ी करते हैं, तो उन्हें कुल मिलाकर नुकसान होगा। खासकर अगर आप उन्नत विनिर्माण के युग में प्रवेश कर रहे हैं, तो आपको और ज्यादा प्रतिभा की जरूरत होगी।वह एच-1बी वीजा कार्यक्रम पर चिंताओं सहित आव्रजन से जुड़े व्यापक मुद्दों पर पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। किसी देश का नाम लिए बगैर जयशंकर ने कहा कि भारत को अन्य देशों को यह समझाने की जरूरत है कि सीमा पार प्रतिभा का इस्तेमाल हमारे पारस्परिक लाभ के लिए है। उन्होंने कहा कि अक्सर उद्यमिता और प्रौद्योगिकी के अग्रणी लोग ही गतिशीलता के पक्ष में दलील देते हैं।

इसके विपरीत, वे लोग जिनके पास कोई राजनीतिक आधार या संबोधित करने के लिए एक निश्चित मतदाता वर्ग होता है, वे इसका विरोध कर सकते हैं। हालांकि, अंततः वे किसी न किसी प्रकार के समझौते पर पहुंच ही जाएंगे। जयशंकर ने कुछ देशों में प्रतिभाओं की गतिशीलता के लिए प्रतिरोध को कुछ कंपनियों द्वारा चीन से अपने विनिर्माण केंद्र स्थानांतरित करने के प्रयासों से भी जोड़ा। एच-1बी वीजा कार्यक्रम के तहत, कंपनियां अमेरिका में काम करने के लिए विशेष कौशल वाले विदेशी कर्मचारियों की भर्ती करती हैं, शुरुआत में यह अवधि तीन साल के लिए होती है, जिसे तीन और वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है।

अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) के अनुसार, हाल के वर्षों में स्वीकृत सभी एच-1बी आवेदनों में से लगभग 71 प्रतिशत आवेदन भारतीयों के थे। जयशंकर ने कहा कि यदि कई विकसित देशों में नौकरियों पर दबाव है, तो उसका कारण यह नहीं है कि उन क्षेत्रों में लोग बाहर से आए। असल वजह यह है कि उन्होंने अपनी विनिर्माण गतिविधियां बाहर जाने दीं - और आप जानते हैं, कहां।

उन्होंने कहा कि यदि लोगों के लिए यात्रा करना कठिन हो जाता है, तो भी काम रुकने वाला नहीं है। यदि लोग यात्रा नहीं करेंगे, तो काम बाहर जाएगा। जयशंकर ने कानूनी गतिशीलता के महत्व पर भी विस्तार से बात की।




मोबिलिटी इम्पेरेटिव पर भारत के विश्व वार्षिक सम्मेलन के दौरान सभा को संबोधित करते विदेश मंत्री एस जयशंकर।

### काम और गतिशीलता की न हो उपेक्षा

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि एक वैश्वीकृत दुनिया में, मुझे लगता है कि जब हम अपने बाहरी संबंधों, खासकर आर्थिक संबंधों की बात करते हैं, तो हम अक्सर व्यापार पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि लेकिन हम अक्सर काम और उससे जुड़ी गतिशीलता की उपेक्षा करते हैं। आपको यह समझाने के लिए कि हम किस चीज पर पर्याप्त ध्यान नहीं देते। पिछले साल, भारत में 135 अरब अमेरिकी डॉलर का धन प्रेषण हुआ। यह अमेरिका को हमारे निर्यात का लगभग दोगुना है। जयशंकर ने अवैध आवाजाही के प्रति भी आगाह किया और इसके संभावित परिणामों की भी जानकारी दी। यदि आप मानव तस्करी और इससे जुड़े अपराधों को देखें तो इसमें विभिन्न एजेंडे वाले लोग शामिल होते हैं।

# यूक्रेन शांति वार्ता सार्थक रही लेकिन क्षेत्रों के मुद्दे पर गतिरोध अभी कायम

- क्रेमलिन में रूसी राष्ट्रपति के आवास पर पांच घंटे हुई वार्ता
- वार्ता के बाद बोले पुतिन के सलाहकार-काफी काम बाकी

मॉस्को, एजेंसी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के वरिष्ठ सलाहकार यूरी उशाकोव ने बुधवार को बताया कि यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए रूस और अमेरिका के बीच हुई वार्ता सार्थक रही लेकिन काफी काम बाकी है। पुतिन ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की शांति पहल के तहत मंगलवार देर रात रूसी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास क्रेमलिन में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुश्नर से बंद कमरे में लगभग पांच घंटे तक मुलाकात की। कुश्नर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दामाद हैं।

उशाकोव ने बातचीत को उपयोगी, रचनात्मक और ठोस बताया। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति प्रस्ताव की रूपरेखा पर चर्चा हुई है, न कि विशिष्ट शब्दों पर। उन्होंने स्वीकार किया कि क्षेत्रों के मुद्दे पर अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है, जिसके बिना क्रेमलिन को संकट का कोई समाधान नहीं दिखता। उन्होंने कहा कि कुछ अमेरिकी प्रस्ताव स्वीकार्य लगते हैं, जबकि कुछ अन्य आलोचना का विषय बने।

यूरोपीय सरकारें इस बात से चिंतित हैं कि अगर शांति योजना में रूस जो चाहता है, वह उसे दे दिया गया तो उसे अन्य यूरोपीय देशों को धमकाने या उनके काम में बाधा डालने की पूरी छूट मिल जाएगी। ट्रंप की शांति योजना में यूक्रेन को वित्तीय और सुरक्षा गारंटी देने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से यूरोप पर ही डाली गई है। अमेरिकी दूतों की मॉस्को यात्रा के साथ ही यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की भी यूरोपीय देशों की यात्रा के तहत आयरलैंड पहुंचे। जेलेंस्की ने कहा कि वह मॉस्को में अमेरिकी दूतों से इस बात पर शीघ्र रिपोर्ट की अपेक्षा कर रहे हैं कि बातचीत आगे बढ़ सकती है या नहीं। उन्होंने कहा, बातचीत बहुत हो रही है, लेकिन हमें परिणाम चाहिए। हमारे लोग हर दिन मर रहे हैं। इस बीच, युद्ध के मैदान पर रूसी सेना द्वारा पूर्वी यूक्रेन के पोक्रोव्स्क पर कब्जे के दावे को यूक्रेनी सेना ने दुष्प्रचार बताते हुए खारिज कर दिया है।

### यूक्रेन शांति प्रयास बाधित कर रहा यूरोप : पुतिन



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के यूरोपीय सहयोगियों पर कीव के साथ उसके लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले प्रयासों को बाधित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भेजे गए एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात से ठीक पहले यह टिप्पणी की। पुतिन ने यूरोपीय देशों पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास शांति का एजेंडा नहीं हैं। यूरोप शांति प्रस्तावों में रूस के लिए अस्वीकार्य मांगों को जोड़कर शांति प्रक्रिया को अवरुद्ध कर रहा है।

### यूक्रेन पर शी से वार्ता के लिए चीन पहुंचे मैक्रों



**बीजिंग।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों बुधवार को तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर चीन पहुंचे। इस यात्रा का उद्देश्य रूस पर यूक्रेन में युद्धविराम के लिए दबाव बनाने में बीजिंग का सहयोग प्राप्त करना है। मैक्रों के कार्यालय के अनुसार, मैक्रों और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच वार्ताओं में रूस-यूक्रेन युद्ध प्रमुख मुद्दा रहेगा। सोमवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की के साथ पेरिस में हुई बैठक के बाद मैक्रों संभावित युद्धविराम शर्तों पर बातचीत आगे बढ़ा रहे हैं। फ्रांस चाहता है कि चीन, रूस को जल्द युद्धविराम बढ़ाने के लिए मनाए।

# रूस-भारत के रक्षा मंत्रियों में होगी वार्ता

- रूस से सैन्य साजो सामान खरीदने में होगी भारत की रूचि

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के बीच गुरुवार को होने वाली वार्ता में एस-400 मिसाइल प्रणाली की खरीद, सुखोई 30 लड़ाकू विमानों के उन्नयन और रूस से अन्य महत्वपूर्ण सैन्य साजो सामान खरीदने में भारत की रुचि एजेंडे में रहेगी।

शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने बताया कि समग्र ध्यान दोनों देशों के बीच पहले से ही घनिष्ठ रक्षा और सुरक्षा संबंधों को और विस्तारित करने पर होगा, जिसमें रूस से भारत को सैन्य साजो सामान की शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। राजनाथ सिंह और आंद्रे बैलोसोव के बीच यह वार्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पुतिन के बीच शिखर बैठक से एक दिन पहले होगी।

### एस-400 की खेप खरीदने पर विचार

ऐसा माना जा रहा है कि भारत रूस से सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 मिसाइल प्रणालियों की अतिरिक्त खेप खरीदने पर विचार कर रहा है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ये हथियार बेहद कारगर साबित हुए थे। अक्टूबर 2018 में, भारत ने रूस के साथ एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की पांच इकाइयों को खरीदने के लिए पांच अरब अमरीकी डालर के समझौते किए, जबकि अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि अनुबंध पर आगे बढ़ने से 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट के तहत अमेरिकी प्रतिबंध लग सकते हैं।

# अमेरिका की मांगें ही परमाणु वार्ता में रोड़ा

**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बघेर गालिबाफ ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत फिर से शुरू करने में मुख्य बाधा अमेरिका की अत्यधिक मांगें हैं। गालिबाफ ने ईरान की राजधानी तेहरान में राष्ट्रीय संसद दिवस के अवसर पर यह टिप्पणी की, जहां उन्होंने अमेरिका से परमाणु वार्ता को फिर से शुरू करने में आने वाली दिक्कतों पर विस्तार से चर्चा की।

अध्यक्ष ने कहा कि अमेरिका का उद्देश्य अपनी मांगों को थोपना और ईरान को झुकने के लिए मजबूर करना है। यह तब है जब हमने 12 दिवसीय युद्ध में प्रदर्शित किया कि हम आत्मसमर्पण नहीं करते हैं।

# ट्रंप को भारत-पाकिस्तान के समझौते का श्रेय देना चाहिए

- राष्ट्रपति ने अमेरिका की विदेश नीति को दिया नया रूप : रुबियो

वाशिंगटन, एजेंस

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान जैसे मुश्किल शांति समझौतों समेत कई शांति समझौते कराए हैं और वह देश की विदेश नीति को नया रूप देने के लिए खास श्रेय के हकदार हैं।

मंगलवार को राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में रूबियो ने कहा कि कई दशकों में पहली बार अमेरिका को सुरक्षित, मजबूत और अधिक समृद्ध बनाने की सोच के साथ विदेश नीति पर काम हुआ है। रूबियो ने कहा कि बाकी सभी शांति समझौतों का कोई जिक्र नहीं करूंगा लेकिन भारत और पाकिस्तान या कंबोडिया और थाईलैंड जैसे बहुत ही मुश्किल समझौतों का उल्लेख करना जरूरी है। हमारी विदेश नीति को नया रूप देने के लिए राष्ट्रपति को खास श्रेय मिलना चाहिए। इससे पहले ट्रंप ने मंत्रिमंडल बैठक के दौरान दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान विवाद समेत विभिन्न वैश्विक मुद्दों को सुलझाया है।

# हत्या मामले में वांछित भारतीय पर 50 हजार डॉलर का रखा इनाम


**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी की संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) ने 2017 में एक भारतीय महिला और उसके छह वर्षीय बेटे की हत्या के मामले में वांछित एक भारतीय नागरिक के बारे में सूचना देने पर 50,000 डॉलर तक का इनाम घोषित किया है। अधिकारियों ने भारत सरकार से संदिग्ध को अमेरिका प्रत्यर्पित करने की अपील की है। नजीर हामिद (38) पर मार्च 2017 में न्यू जर्सी के मेपल शेड में शशिकला नारा (38) और उनके बेटे अनीश नारा की हत्या का आरोप है। हामिद पर हत्या के दो आरोप, अवैध हथियार रखने और इस्तेमाल करने के आरोप हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 दिसंबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- मार्गशीर्ष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 08 .37 तक तत्पश्चात पूर्णिमा 5 दिसंबर 04 .43 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- हेमंत।

**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

**ताराबल**- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-कृत्तिका 14 .54 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** — आज व्यापार के लिए उधार लेना चाहते हैं, तो दस्तावेजों का सावधानी से अध्ययन करें। पारिवारिक जीवन में थोड़ी कलह की स्थिति बन सकती है। घर की महिलाओं का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**वृष** — आज आय में वृद्धि होने से काम में मन लगा रहेगा। उन्नत तकनीक पर कार्यरत लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। अपनी गुप्त बातों या योजनाओं को सबसे शेयर न करें वरना कुछ लोग इसका अनुचित लाभ उठाने का प्रयास कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज मन में कुछ अज्ञात भय सा रहेगा। अत्यधिक सोच-विचार के कारण कार्य बिगड़ सकते हैं। प्रेम संबंधों में मर्यादा भंग न करें। अनचाहे खर्चों के कारण बजट गड़बड़ा सकता है। आपकी थोड़ी सी सावधानी बड़ी सफलता के मार्ग खोल सकती है।

**कर्क** — आज सूझबूझ के कारण मुश्किल डील आसानी से अर्जित कर लेंगे। विरोधी आपसे दूरी बनाने का प्रयास करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर बड़ी सफलता मिल सकती है। छोटे व्यापारियों के लिए दिन काफी अच्छा है। अपनी योग्यता का बखूबी लाभ उठाएंगे।

**सिंह** — आज सहकर्मी आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी और बच्चों के प्रति समर्पित रहेगा। सामजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। छोटे बच्चों की गलतियों को अनदेखा न करें। सभी कार्य समय पर पूर्ण होने से मन में प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या** — आज मन में आत्मविश्वास की कमी रहेगी। आपको घर पर आराम करना चाहिए। दूसरों के प्रभाव में आकर अपने निर्णयों को प्रभावित न करें। बड़ी कंपनी में जॉब कर रहे लोग अपने काम से असंतुष्ट हो सकते हैं।

**तुला** — आज आपको बाहर का भोजन करने से बचना चाहिए। किसी पर भी आंख-मूंदकर विश्वास न करें। मित्रों के साथ रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है। बिना किसी झिझक के अपना पक्ष मजबूती और विनम्रता से रखें।

**वृश्चिक** — आज नए और प्रभावी संबंध बन सकते हैं। नौकरी की खोज कर रहे युवाओं को सफलता मिलेगी। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। बच्चे आपकी आज्ञा का पालन करेंगे। पुराने दोस्तों के साथ इंटरनेट पर मुलाकात हो सकती है।

**धनु** — आज नौकरी में बदलाव करने के अवसर मिल सकते हैं। शत्रुओं के षड्यंत्र विफल हो जाएंगे। रुका हुआ धन आपकी योजना और प्रयासों से प्राप्त हो सकता है। आपकी सोच में सकारात्मकता रहेगी। बच्चों की सफलता से गौरव की अनुभूति होगी।

**मकर** — आज बुद्धिमान मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। संपत्ति को लेकर चल रहे विवादों का निपटारा होगा। अपने निजी जीवन को लेकर दूसरों से सलाह न लें। धार्मिक आयोजन की योजना बना सकते हैं। पुराने रोग पुन : उभर सकते हैं।

**कुंभ** — आज संपत्ति के मामलों में धन निवेश सावधानीपूर्वक ही करें। विद्यार्थियों को करियर में अच्छे मौके मिल सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को कानूनी मामलों की चिंता रहेगी। आपको काम की अधिकता हो सकती है। टूटे हुए संबंधों को दोबारा जोड़ने के अवसर प्राप्त होंगे।

**मीन** — आज सामाजिक गतिविधियों में भाग लेंगे। प्रेम संबंधों को पर्याप्त समय अवश्य दें। आप अपना प्रत्येक कार्य बारीकी और सफाई से करेंगे। अधिकारी वर्ग आपकी प्रशंसा कर सकता है। धन संबंधी परेशानियों का निराकरण हो सकता है।

## सुडोकू -180

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | | |
| | | 4 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | 7 |
| | 2 | | | | | | 4 | |
| | | | | | | | 7 | |
| | 4 | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | 8 | | |
| | | 1 | | | | | | |

### सुडोकू - 179 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 3 | 5 | 2 | 6 | 1 | 7 | 8 | 9 | 4 |
| 7 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 1 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 |
| 5 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 8 | 2 | 1 | 9 |
| 2 | 8 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 5 | 6 |



> हे भगवान, यह खबर जंगल की आग की तरह क्यों फैल गई। मैं वापसी नहीं कर रही हूं। सोशल मीडिया पर फैल रहीं खबरें सही नहीं हैं। मेरा टेनिस में वापसी का फिलहाल कोई भी इरादा नहीं है।
> –सेरेना विलियम्स


# स्टेडियम


कानपुर, गुरुवार, 4 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


# विशाल लक्ष्य भी नहीं बचा सका भारत

## दक्षिण अफ्रीका चार विकेट से जीता, कोहली और गायकवाड़ का शतक गया बेकार



ऋतुराज गायकवाड़।

**रायपुर, एजेंसी**

विराट कोहली के लगातार दूसरे शतक और रुतुराज गायकवाड़ के करियर के पहले शतक से भारत ने बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच विकेट पर 358 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लेकिन लचर गेंदबाजी और खराब फील्डिंग की वजह दक्षिण अफ्रीका ने चारगेंदें शेष रहते 362 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ओपनर बल्लेबाज एडेन मार्करम ने 110 रन बनाकर जीत की नींव रखी थी। जिसे बाकी के बल्लेबाजों ने पूरा कर दिया। सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है।

इससे पहले कोहली (102 रन, 93 गेंद, सात चौके, दो छक्के) और गायकवाड़ (105 रन, 83 गेंद, 12 चौके, दो छक्के) ने शतक जड़ने के अलावा तीसरे विकेट के लिए 195 रन की सझेदारी भी की जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में इस विकेट की भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। कप्तान लोकेश राहुल ने भी अंतिम ओवरों में 43 गेंद में छह चौकों और दो छक्कों से नाबाद 66 रन की उम्दा पारी खेली। भारत को एक बार फिर टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी का मौका मिला। टीम की शुरुआत खराब रही। रोहित शर्मा (14) ने नांद्रे बर्गर के पांचवें ओवर में लगातार तीन चौके मारे लेकिन इसी ओवर में विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक को कैच दे बैठे। यशस्वी जायसवाल (22) ने अच्छी शुरुआत की लेकिन मार्को यानसेन (63 रन पर दो विकेट) की उछाल लेती गेंद को हवा में लहराकर स्क्वायर लेग पर कोर्बिन बॉश के हाथों लपके गए। पावर प्ले के भीतर भारत का स्कोर दो विकेट पर 62 रन हो गया लेकिन फॉर्म में चल रहे कोहली और गायकवाड़ ने इसके बाद मोर्चा संभाला। रांची में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए असहज नजर आने वाले गायकवाड़ ने यहां कोहली के साथ शानदार साझेदारी की और दोनों ने मैदान के चारों तरफ शॉट खेले। कोहली ने फरवरी 2018 में डरबन में अजिंक्य रहाणे के साथ 189 रन की साझेदारी की थी लेकिन कुछ मायनों में गायकवाड़ के साथ इस साझेदारी का उन्होंने अधिक लुत्फ उठाया होगा क्योंकि महाराष्ट्र के इस बल्लेबाज ने उनकी ही शैली में बल्लेबाजी की। दोनों बल्लेबाजों ने स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी और कुछ मौकों पर आसानी से एक रन को दो रन में बदला। गायकवाड़ शुरुआत में थोड़े असहज नजर आए लेकिन एक बार आत्मविश्वास हासिल करने के बाद उन्होंने कई आकर्षक शॉट खेले। गायकवाड़ ने मारक्रम की गेंद पर एक रन के साथ अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। कोहली ने भी लुंगी एनगिडी की गेंद पर एक रन के साथ 47 गेंद में अर्धशतक जड़ा। अर्धशतक पूरा करने के बाद गायकवाड़ ने केशव महाराज पर दो चौके जड़े और फिर इस स्पिनर के 28वें ओवर में भी दो चौके और एक छक्का मारा। उन्होंने 34वें ओवर में कोर्बिन बॉश पर लगातार दो चौकों के साथ 77 गेंद में अपने करियर का पहला शतक पूरा किया। शतक पूरा करने के तुरंद बाद गायकवाड़ ने यानसेन की गेंद पर टॉनी डिजॉर्जी को कैच थमाया। कोहली ने भी यानसेन की गेंद पर एक रन के साथ रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 53वां शतक पूरा किया।


शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्करम। एजेंसी

### भारत

**358/5** (50 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी का बॉश बो यानसेन | 22 |
| रोहित शर्मा का डिकॉक बो बर्गर | 14 |
| कोहली का मारक्रम बो एनगिडी | 102 |
| गायकवाड़ का डिजॉर्जी बो यानसेन | 105 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 66 |
| वाशिंगटन सुंदर रन आउट | 01 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 24 |

अतिरिक्त : 24

**गेंदबाजी :** बर्गर 6.1-0-43-1, एनगिडी 10-1-51-1, यान्सेन 10-0-63-2, महाराज 10-0-70-0, बॉश 8-0-79-0, मारक्रम 5.5-0-48-0

### ऋतुराज गायकवाड़ ने 77 गेंदों में पहला वनडे शतक बनाया

**रायपुर :** ऋतुराज गायकवाड़ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 77 गेंदों में पहला वनडे शतक लगाकर अपने आने का शानदार अंदाज में ऐलान किया। उन्होंने मार्को यानसन के मुश्किल शुरुआती स्पेल से बचने के बाद यह उपलब्धि हासिल की। ओपनर, जिन्होंने अपना अर्धशतक पूरा करने के लिए 52 गेंदें लीं, ने इसके बाद जबरदस्त वापसी की, और पारी को कंट्रोल करने के लिए कई तेज स्ट्रोक लगाए। यह पल 34वें ओवर में आया जब कॉर्बिन बॉश की गेंदों पर लगातार दो चौके मारकर यह उपलब्धि अपने नाम की। उन्होंने शतक पूरा करने के बाद अपना हेलमेट उतारा, दर्शकों की भीड़ की तरफ अपना बल्ला उठाया, और विराट कोहली ने उन्हें गर्मजोशी से गले लगाया। गायकवाड़ का 77 गेंदों में शतक अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किसी भारतीय का दूसरा सबसे तेज वनडे शतक है, इससे पहले 2011 में सेंचुरियन में यूसुफ पठान ने 68 गेंदों में शतक बनाया था। शुरुआती झटकों के बाद, उनकी पारी में धैर्य, सटीकता और टाइमिंग की झलक मिली, जिससे भारत को एक मजबूत प्लेटफॉर्म मिला।

## हाईलाइट

### ब्रूइस के खिलाफ आक्रामक बर्ताव के लिए राणा को फटकार

**दुबई :** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा को फटकार लगाई और रांची में पहले एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करने के बाद उनके आक्रामक बर्ताव के लिए एक डिमेरिट अंक उनके खाते में जोड़ दिया। आईसीसी ने एक बयान में कहा राणा को आईसीसी की आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह घटना रविवार को दक्षिण अफ्रीका की पारी के 22वें ओवर में हुई जब भारत के तेज गेंदबाज ने ब्रेविस को आउट करने के बाद ड्रेसिंग रूम की तरफ इशारा किया जिससे बल्लेबाज आक्रामक प्रतिक्रिया दे सकता था।

### ओल्मो के गोल से बार्सिलोना जीता

**मैड्रिड :** बार्सिलोना ने दानी ओल्मो के गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड को 3-1 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। ओल्मो ने कैंप नोउ स्टेडियम में 65वें मिनट में बार्सिलोना की तरफ से दूसरा गोल किया लेकिन इस दौरान वह गिर गए और उनके बाएं कंधे में चोट लग गई। वह गोल का जश्न भी नहीं मना पाए और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। एटलेटिको ने एलेक्स बेना के गोल से शुरुआती बढ़त हासिल की थी। बार्सिलोना की तरफ से राफिन्हा ने पहले हाफ में बराबरी का गोल दागा। ओल्मो की जगह आए फेरान टोरेस ने इंजरी टाइम में गोल करके बार्सिलोना की जीत पक्की की। बार्सिलोना इस जीत से रियाल मैड्रिड से चार अंक आगे हो गया है। चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको 15 मैचों के बाद बार्सिलोना से छह अंक पीछे हो गया है।

### रोहित डेविस कप टीम के कप्तान नियुक्त

**नई दिल्ली :** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (एआईटीए) ने आजरोहित राजपाल को कैप्टन और आशुतोष सिंह को 31 दिसंबर, 2026 तक भारतीय डेविस कप टीम का कोच फिर से बनाने की घोषणा की। इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) द्वारा घोषित ड्रॉ के अनुसार, भारत फरवरी 2026 में डेविस कप 2026 क्वालिफायर में नीदरलैंड्स की मेजबानी करेगा। यह मुकाबला 6-7 फरवरी या 7-8 फरवरी 2026 को खेला जाएगा, और जगह और सरफेस की पुष्टि समय पर की जाएगी।

### एशियाई घुड़सवारी में भारत को पांच पदक

**नई दिल्ली :** भारत ने बुधवार को थाईलैंड के पटाया में इवेंटिंग और ड्रेसेज स्पर्धाओं में पांच पदक जीतकर एफईआई एशियाई घुड़सवारी चैंपियनशिप में अपना अभियान खत्म किया। टारगेट एशियाई खेल समूह (टीएजीजी) योजना के खिलाड़ी आशीष लिमये ने इवेंटिंग में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने के अलावा अपने साथियों शशांक सिंह कटारिया और शशांक कनमुरी के साथ मिलकर टीम रजत जीता। ड्रेसेज में श्रुति वोरा ने तीन रजत पदक जीते। उन्होंने व्यक्तिगत वर्ग के अलावा दूसरा रजत इंटरमीडिएट फ्रीस्टाइल-1 में और और तीसरा ड्रेसेज टीम स्पर्धा में जीता।

# विराट कोहली चौथे स्थान पर पहुंचे

**दुबई, एजेंसी**

स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रांची में पहले एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय में मैच विजयी शतकीय पारी की बदौलत बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय राष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए। कोहली ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 120 गेंद में 135 रन की पारी खेली जो 50 ओवर के प्रारूप में उनका 52वां शतक था। उनकी पारी की बदौलत भारत ने 17 रन से जीत दर्ज की।

सैंतीस साल के कोहली के अब 751 रैंकिंग अंक हैं। वह शीर्ष पर बरकरार पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (783), न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल (766) और अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान (764) से पीछे हैं। कोहली ने भारत के एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल को पीछे छोड़ा जो गर्दन की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की मौजूदा सीरीज से बाहर होने के कारण पांचवें स्थान पर खिसक गए।

**आईसीसी रैंकिंग**



### लगातार दूसरा शतक लगाया

**रायपुर :** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में लगातार दूसरा शतक और कुल 84वां अंतर्राष्ट्रीय शतक लगाया जिससे साबित होता है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं, भले ही वह खेल के एक ही प्रारूप में खेलते हों। दक्षिण अफ्रीका के भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिए जाने के बाद कोहली ने 93 गेंद में 102 रन बनाए और रुतुराज गायकवाड़ (83 गेंद में 105 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 195 रन की साझेदारी की।

## एशेज में विजय अभियान जारी रखने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

**ब्रिस्बेन :** पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में धमाकेदार जीत दर्ज करने के बाद उत्साह से भरी ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे दिन रात्रि एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

इंग्लैंड ने 1986 के बाद से गाबा में कोई एशेज टेस्ट नहीं जीता है। वह 2010-11 सीरीज के बाद से ऑस्ट्रेलियाई धरती पर अपनी पहली जीत हासिल करने की तलाश में भी है। ऑस्ट्रेलिया का दिन रात्रि टेस्ट मैच में रिकॉर्ड अच्छा है।

# गिल व हार्दिक टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल

**रायपुर, एजेंसी**

भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अपनी अपनी चोट से उबर गए हैं जिससे बुधवार को उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।

वह गर्दन की चोट के कारण गुवाहाटी में खेले गए दूसरे टेस्ट और मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाए। बोर्ड ने एक बयान में कहा कि गिल की भागीदारी हालांकि बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' से उनकी फिटनेस पर मिलने वाली मंजूरी पर निर्भर करेगी। एशिया कप 2025 फाइनल और ऑस्ट्रेलिया में पांच मैच की श्रृंखला में नहीं खेलने वाले पंड्या ने भी मंगलवार को हैदराबाद में पंजाब के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच के दौरान अपनी फिटनेस साबित करने के बाद भारतीय टीम में वापसी की। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैच की टी20 सीरीज नौ दिसंबर से कटक में शुरू होगी। इसके लिए टीम का चयन करने के लिए बुधवार को यहां चयन समिति की बैठक हुई। सूर्यकुमार यादव भारत के नियमित टी20 कप्तान हैं।


टी-20 विश्व कप की जर्सी का अनावरण करते तिलक वर्मा व रोहित शर्मा।

### टी-20 विश्व कप के लिए जर्सी का अनावरण

**रायपुर :** टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम की जर्सी का अनावरण बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान किया गया। टी20 विश्व कप का 10वां चरण भारत और श्रीलंका के आठ स्थलों पर सात फरवरी से आठ मार्च तक आयोजित किया जाएगा। भारत को ग्रुप ए में उसके पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, अमेरिका, नीदरलैंड और नामीबिया के साथ रखा गया है। भारत सात फरवरी को मुंबई में अपने अभियान की शुरुआत अमेरिका के खिलाफ करेगा। जर्सी का अनावरण इस टूर्नामेंट के ब्रांड दूत और पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा व टी20 टीम के सदस्य तिलक वर्मा ने किया।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वॉशिंगटन सुंदर।

**सेड्यूल :** पांच मैचों की सीरीज नौ दिसंबर से कटक में शुरू होगी। अन्य मैच चंडीगढ़ (11 दिसंबर), धर्मशाला (14 दिसंबर), लखनऊ (17 दिसंबर) और अहमदाबाद (19 दिसंबर) में खेले जाएंगे।

# भारतीय निशानेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**दोहा, एजेंसी**

इस साल अभी तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारत के शीर्ष निशानेबाज गुरुवार से यहां शुरू होने वाले एलीट आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल्स में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर इस सत्र का शानदार समापन करना चाहेंगे। सत्र के आखिर में होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के 14 शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे, जिनमें पेरिस ओलंपिक की दो कांस्य पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर, विश्व चैंपियन सम्राट राणा और विश्व कप में कई पदक जीतने वाली विजेता सुरुचि सिंह शामिल हैं। ये निशानेबाज प्रत्येक स्पर्धा के व्यक्तिगत वर्ग में विश्व के शीर्ष 12 निशानेबाजों के साथ अपनी चुनौती पेश करेंगे। भारत ने इससे पहले काहिरा (पिस्टल/राइफल) और एथेंस (शॉटगन) में विश्व चैंपियनशिप में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करके ओलंपिक और गैर ओलंपिक स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण सहित 14 पदक जीते।

अब वे विश्व कप फाइनल में इस सफलता को दोहराने की कोशिश करेंगे, जिसमें प्रत्येक वर्ग में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेता को क्रमशः 5,000, 4,000 और 2,000 यूरो की आकर्षक पुरस्कार राशि मिलेगी।

**विश्व कप फाइनल्स**



### मनु और ईशा पर रहेगी निगाहें

भारत की दो शीर्ष पिस्टल निशानेबाज मनु और ईशा सिंह 10 मीटर एयर और 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में जीत की प्रबल दावेदार होंगी। उन्होंने विश्व कप और विश्व चैम्पियनशिप में अपनी रैंकिंग और प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष 12 में जगह बनाई है। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में हाल ही में काहिरा में चैंपियन बने सम्राट राणा और कांस्य पदक जीतने वाले वरुण तोमर भाग लेंगे।

# आईपीएल मिनी नीलामी में ग्रीन के सबसे महंगे खिलाड़ी बनने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पहले भी आईपीएल मिनी ऑक्शन में विदेशी खिलाड़ियों को रिकॉर्ड पैसे मिले हैं, और कैमरून ग्रीन 16 दिसंबर को इस ट्रेंड को आगे बढ़ा सकते हैं।

ग्रीन के आने वाले आईपीएल ऑक्शन में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने की उम्मीद है क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), जिनके पास सबसे ज़्यादा पैसे हैं (क्रमशः 64.3 करोड़ और 43.4 करोड़ रुपये), दोनों से इस ऑलराउंडर के लिए ज़ोरदार बोली लगाने की उम्मीद है। 2023 में, मिचेल स्टार्क को केकेआर ने 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा था, इसके कुछ ही मिनट पहले सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने पैट कमिंस को 20.5 करोड़ में खरीदा, जिससे वह आईपीएल ऑक्शन में 20 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

इन खिलाड़ियों ने 18.5 करोड़ रुपये को पीछे छोड़ दिया, पंजाब किंग्स ने 2023 में पिछले मिनी ऑक्शन में सैम करन के लिए बोली लगाई थी। 2023 के ऑक्शन में, ग्रीन दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने, जब मुंबई इंडियंस ने उन्हें INR 17.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। मुम्बई ने एक साल बाद ग्रीन को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को उसी कीमत पर ट्रेड कर दिया। अपने अब तक के दो आईपीएल सीजन, 2023 और 2024 में, ग्रीन ने 29 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 153.70 के स्ट्राइक रेट से 707 रन बनाए हैं। उन्होंने लेटेस्ट ऑक्शन के लिए खुद को 2 करोड़ रुपये के मैक्सिमम बेस प्राइस पर लिस्ट किया है।

हालांकि वह फिर से करोड़पति बन सकते हैं, लेकिन यह 20 करोड़ रुपये से ज़्यादा नहीं होगा, क्योंकि मैक्सिमम फीस 18 करोड़ रुपये से ज़्यादा नहीं हो सकती। यह तब भी लागू होगा जब बोली उस नंबर से ज़्यादा हो। ऐसा इसलिए है क्योंकि आईपीएल पिछले साल नया अधिकतम फीस रूल लाया था ताकि फ्रेंचाइजी की इस चिंता को दूर किया जा सके।

## हालैंड ने प्रीमियर लीग में सबसे तेज 100वां गोल दागा

**लंदन :** एर्लिंग हालैंड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम मैच में 100 गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया जिससे मैनचेस्टर सिटी ने फुलहम की अच्छी वापसी के बावजूद 5-4 से जीत दर्ज की। हालैंड ने खेल के 17वें मिनट में अपनी टीम की तरफ से पहला गोल करके गोल का शतक पूरा किया।

यह उनका प्रीमियर लीग में 111वां मैच था और इस तरह से वह इस प्रतियोगिता में सबसे कम मैच में 100 गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के दिग्गज एलन शीयर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 124 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी। मैनचेस्टर सिटी की टीम ने एक समय 5-1 से बढ़त बना रखी थी लेकिन इसके बाद फुलहम ने शानदार वापसी की। वह इंजरी टाइम में बराबरी का गोल करने की करीब पहुंच गया था।

**असंतोष** | भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के इस्तीफे के बाद खिलाड़ियों ने तोड़ी चुप्पी

# कोच के तानाशाहीपूर्ण रवैये से परेशान थीं खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के अचानक इस्तीफे के बाद चुप्पी तोड़ते हुए खिलाड़ियों ने कहा कि टीम को मैदान के भीतर और बाहर अच्छे माहौल की जरूरत है लेकिन कोच की कार्यप्रणाली और 'तानाशाहीपूर्ण रवैये' को लेकर लंबे समय से ड्रेसिंग रूम में काफी तनाव था। अप्रैल 2024 में भारतीय महिला हॉकी टीम से जुड़े हरेंद्र सिंह ने सोमवार को मुख्य कोच के पद से इस्तीफा देकर चौंका दिया था।

सूत्रों से हालांकि पता चला है कि उनकी कार्यप्रणाली को लेकर काफी समय से खिलाड़ियों में रोष था और खिलाड़ियों ने 'मानसिक उत्पीड़न' की शिकायत हॉकी इंडिया, साइ टॉप्स अधिकारियों और पिछले सप्ताह खेल मंत्रालय से की थी। खेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार खिलाड़ियों की शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए हॉकी इंडिया को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये गए।


हरेंद्र सिंह। एजेंसी

सूत्रों ने बताया कि खिलाड़ियों ने उनके तानाशाहीपूर्ण रवैये, कोचिंग के तरीकों और टीम के लगातार गिरते प्रदर्शन को लेकर शिकायत की थी। उन्होंने यह भी कहा कि इससे पहले साइ टॉप्स अधिकारियों ने भी 'नकारात्मक' रिपोर्ट दी थी जिन्हें चार महीने पहले बेंगलुरू निरीक्षण के लिये भेजा गया था। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, इस मसले की गंभीरता को समझते हुए बहुत कम लोगों को इसकी जानकारी देकर चार दिन के भीतर जांच की गई। हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह चेन्नई और मदुरै में चल रहे जूनियर हॉकी विश्व कप से सीधे बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण पहुंचे और शिविर में भाग ले रही खिलाड़ियों से व्यक्तिगत स्तर पर बात की।

पता चला है कि अधिकांश खिलाड़ियों ने हॉकी इंडिया के आला अधिकारियों के सामने मुख्य कोच समेत पूरे कोचिंग स्टाफ को बदलने की मांग की थी। पूर्व कोच शोर्ड मारिन और यानेके शॉपमैन से तुलना में लगभग सभी ने हरेंद्र सिंह को सबसे नीचे रखा। कई खिलाड़ियों ने यह भी कहा कि उनके रहने से टीम को कोई फायदा नहीं हो रहा है। खिलाड़ियों से फीडबैक लेने के बाद उनसे इस्तीफा लिया गया।

### टीम का लगातार गिर रहा था प्रदर्शन

**नई दिल्ली :** क्या कोच के खिलाफ कोई और भी आरोप थे यह पूछने पर एक सीनियर खिलाड़ी ने कहा हमने जो भी शिकायत की थी वह सिर्फ हॉकी के बारे में थी। हमें सिर्फ उनके खराब रवैये और कोचिंग के तौर तरीकों से दिक्कत थी और हम बदलाव चाहते थे। टीम का प्रदर्शन और फिटनेस का स्तर बहुत गिर गया है और कोचिंग के खराब तौर तरीकों के कारण दर्जन भर से अधिक खिलाड़ी चोटिल हैं। ऐसी टीम पदक कैसे जीत सकती है। इस बीच बेंगलुरू में महिला हॉकी टीम का शिविर खत्म कर दिया गया है और सभी खिलाड़ी अगली सूचना तक अपने अपने घर लौट गए हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि टीम में तनाव का असर प्रदर्शन पर भी पड़ रहा था।